## न्यूज ब्रीफ

### समाधान समारोह के तहत आयोजित होगी विशेष लोक अदालत

**अमृत विचार, लखनऊ :** न्यायालयों में लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण के उद्देश्य से संचालित 'समाधान समारोह-2026' का समापन 21 से 23 अगस्त 2026 तक आयोजित विशेष लोक अदालत के माध्यम से होगा। यह जानकारी सिविल जज कुंवर मित्रेश सिंह कुशवाहा ने दी। यह विशेष लोक अदालत सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया, नई दिल्ली के निर्देशन में आयोजित की जाएगी, जिसमें सर्वोच्च न्यायालय में लंबित चयनित मामलों का आपसी सहमति से निस्तारण किया जाएगा। इच्छुक वादी 31 मई 2026 तक निर्धारित गूगल फॉर्म भर सकते हैं, जो सुप्रीम कोर्ट की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर 011-23115652, 011-23116464 या ईमेल के माध्यम से संपर्क किया जा सकता है।

### कर्मयोगी पोर्टल के अनिवार्य कोर्स की तारीख बढ़ी

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश सरकार ने आईगॉट कर्मयोगी प्लेटफॉर्म पर अनिवार्य ऑनलाइन पाठ्यक्रम और मूल्यांकन पूरा करने की समय-सीमा बढ़ा दी है। अब कर्मचारी और अखिल भारतीय सेवाओं (एआईएस) के अधिकारी 31 मई 2026 तक या एपीएआर भेजने से पहले यह प्रक्रिया पूरी कर सकेंगे। नियुक्ति विभाग के अनुसार यह निर्णय केंद्र सरकार के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के निर्देशों के तहत लिया गया है। चुनाव ड्यूटी और प्रशासनिक व्यस्तता के चलते समय बढ़ाया गया। शासन ने सभी विभागों को निर्देश दिए हैं कि तय समय के भीतर ऑनलाइन मॉड्यूल पूरा कराया जाए। आईगॉट कर्मयोगी, मिशन कर्मयोगी का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य सरकारी कर्मचारियों की दक्षता और कार्यकुशलता बढ़ाना है।

### जेवर एयरपोर्ट को विश्व स्तरीय बनाने पर जोर

**अमृत विचार, लखनऊ :** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर को विश्वस्तरीय स्वरूप देने के लिए राज्य सरकार ने लैंडस्केपिंग और हरित विकास पर जोर बढ़ा दिया है। मुख्य सचिव एसपी गोयल ने बुधवार को समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि एयरपोर्ट परिसर को आधुनिक और हरित रूप में विकसित किया जाए। बैठक में 15 जून से प्रस्तावित फ्लाइट संचालन को ध्यान में रखते हुए सौंदर्यीकरण की कार्ययोजना पर चर्चा हुई। यापल की ओर से प्रस्तुत योजना के आधार पर मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि टर्मिनल क्षेत्र के साथ पूरे परिसर और दूसरे रनवे के आसपास भी हरित विकास सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि टर्मिनल के सामने अत्याधुनिक लैंडस्केपिंग कर यात्रियों को बेहतर अनुभव दिया जाए।

# नॉर्थ टेक सिम्पोजियम में दिखी स्वदेशी रक्षा क्षमताओं की झलक

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रक्षा प्रदर्शनी का अवलोकन कर आधुनिक सैन्य तकनीकों की सराहना की

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/प्रयागराज

- **ड्रोन, एआई, स्मार्ट सर्विलांस और बुलेटप्रूफ सिस्टम ने दिखाई 'आत्मनिर्भर भारत' की नई शक्ति**

**अमृत विचारः** प्रयागराज में आयोजित तीन दिवसीय नॉर्थ टेक सिम्पोजियम-2026 में भारत की उभरती स्वदेशी रक्षा क्षमताओं की झलक देखने को मिली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को रक्षा प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए आधुनिक युद्ध की जरूरतों के अनुरूप विकसित स्वदेशी तकनीकों और उपकरणों की सराहना की।

आयोजन में भारतीय सेना, रक्षा उद्योग, एमएसएमई और स्टार्टअप्स की साझेदारी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। प्रदर्शनी में भविष्य के युद्धक्षेत्र के लिए तैयार किए जा रहे अत्याधुनिक उपकरणों, सुरक्षा प्रणालियों और एआई आधारित समाधानों का व्यापक प्रदर्शन किया गया। मुख्यमंत्री ने बुलेटप्रूफ जैकेट, अत्याधुनिक हेलमेट, टैक्टिकल गियर और मल्टी-टेरेन ऑपरेशन के लिए विकसित सैन्य उपकरणों का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने विशेषज्ञों से तकनीकी खूबियों और सैन्य उपयोगिता की जानकारी ली। 'हेड-टू-बूट' सुरक्षा प्रणाली, अत्यधिक तापमान में उपयोगी सैन्य परिधान और मॉड्यूलर प्रोटेक्शन सिस्टम प्रदर्शनी के प्रमुख आकर्षण रहे।


प्रदर्शनी के दौरान विकसित सैन्य उपकरणों का अवलोकन करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

### ड्रोन और एआई तकनीकों ने खींचा ध्यान

सिम्पोजियम में ड्रोन, स्मार्ट सर्विलांस सिस्टम, उन्नत संचार उपकरण और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित रक्षा समाधान प्रमुख आकर्षण रहे। इन तकनीकों ने संकेत दिया कि भारत पारंपरिक युद्ध प्रणाली से आगे बढ़ते हुए मल्टी-डोमेन वॉरफेयर की दिशा में तेजी से अग्रसर है।

### मेक इन इंडिया को मजबूती

प्रदर्शनी में बड़ी संख्या में रक्षा कंपनियों, स्टार्टअप्स और एमएसएमई की भागीदारी ने 'मेक इन इंडिया' और आत्मनिर्भर भारत अभियान को बल दिया।

### वाराणसी के लिए 19.42 करोड़ मंजूर

**अमृत विचार, लखनऊः** राज्य सरकार ने वाराणसी में धार्मिक विरासत के संरक्षण और पर्यटन विकास के लिए 19.42 करोड़ रुपये की 17 परियोजनाओं को मंजूरी दी है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि परियोजनाओं के तहत उत्तरार्क आदित्य सूर्य मंदिर व सूर्य कुंड, सारनाथ स्थित पर्यटन कार्यालय, केदारघाट और अन्य घाटों के विकास कार्यों के लिए धनराशि स्वीकृत की गई है। धार्मिक स्थलों के विकास पर विशेष फोकस रखते हुए आदि शंकराचार्य मठ, हनुमान मंदिर, महादेव मंदिर समेत अन्य प्राचीन मंदिरों व घाटों के विकास के लिए भी बजट आवंटित किया गया है।

# आतंकवाद के आरोप में दो लोग गिरफ्तार

## पुलिस अफसर की हत्या की थी तैयारी, एटीएस ने किया खुलासा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **एक को कुशीनगर तो दूसरे को बाराबंकी से किया गिरफ्तार**

**अमृत विचारः** यूपी एटीएस ने बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए आईएसआई से जुड़े दो आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। दोनों के पास प्राप्त हुए साक्ष्यों से पता चला है कि वह किसी पुलिस अफसर की हत्या करने की योजना बना रहे थे। दोनों ने अपने मोबाइल से पाकिस्तान में बैठे आकाओं को कई पुलिस थाना भवन और चौकियों की तस्वीरें, लोकेशन के अलावा प्रदेश के कई महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों का वीडियो और लोकेशन भी शेयर किया था।

एटीएस की कार्रवाई में आतंकवादी दानियाल अशरफ को बाराबंकी और कृष्णा मिश्रा को कुशीनगर से गिरफ्तार किया गया है। दोनों पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के एजेंट शहजाद भट्टी व आबिद जट के संपर्क में थे। उसी के निर्देश पर यूपी के और प्रमुख भारतीय शहरों के कई महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों, पुलिस थानों पर हमला करने की योजना बना रहे थे। एटीएस ने तथ्यों को इलेक्ट्रॉनिक और भौतिक साक्ष्यों के आधार पर विकसित किया और पुष्ट होने के बाद कृष्णा को 5 मई को गोरखपुर से और 6 मई को दानियल अशरफ को बाराबंकी से गिरफ्तार किया है।

एटीएस के अधिकारियों ने बताया कि दानियल और कृष्णा के मोबाइल में पाकिस्तानी गैंगस्टर के फोन नंबर सेव पाए गए। दोनों पाकिस्तानी हैंडलर्स के संपर्क में सोशल मीडिया के माध्यम से आए थे। दोनों के वीडियो काल की स्क्रीन रिकार्डिंग व वाइस नोट साक्ष्य के तौर पर फोन में मौजूद पाए गए हैं। कृष्णा के मोबाइल का वाट्सएप चेक करने पर ग्रुप कालिंग का भी पता चला। ग्रुप कालिंग में हमले की योजना बनाने के डिजिटल साक्ष्य पाए गए। ग्रुप काल में देश विरोधी बातें की गईं। दानियाल के मोबाइल द्वारा एक अन्य राज्य के थाने की फोटो एवं लोकेशन भेजी गई थी। सर्वप्रथम एक पुलिस अफसर की हत्या करके वीडीयो बनाकर भेजने की भी बातें भी पाई गईं। यह पुलिस अफसर कौन है, इसके बारे में एटीएस ने जानकारी साझा नहीं की है।


पकड़े गए दोनों आतंकियों को कोर्ट लेकर जाती हुई एटीएस की टीम।

### ऊर्जा मंत्री की अपील पर टला बिजली कर्मियों का कार्य बहिष्कार

**अमृत विचार, लखनऊ :** भीषण गर्मी के बीच बिजली आपूर्ति बाधित न हो, इसके लिए प्रस्तावित एक दिवसीय कार्य बहिष्कार को स्थगित कर दिया गया है। यह निर्णय ऊर्जा मंत्री एके शर्मा की अपील और विभागीय प्रबंधन के आश्वासन के बाद लिया गया। ऊर्जा मंत्री और प्रबंधन ने संगठनों से अनुरोध किया था कि वर्तमान परिस्थितियों में कार्य बहिष्कार टाल दिया जाए, ताकि आम जनता को निर्बाध बिजली मिलती रहे। साथ ही संविदा कर्मचारियों को प्रस्तावित आउटसोर्स निगम में शामिल किए जाने के मुद्दे पर 15 दिनों के भीतर सकारात्मक वार्ता का आश्वासन दिया गया है। विद्युत मजदूर महासंघ के घटक संगठनों से सहमति के बाद 7 मई को प्रस्तावित बहिष्कार स्थगित किया गया। संगठन के प्रभारी पुनीत राय ने कहा कि कर्मचारियों के अधिकारों के लिए संघर्ष जारी रहेगा, लेकिन जनहित को देखते हुए फिलहाल यह फैसला लिया गया है।

# हर जरूरतमंद का बनाएं आयुष्मान कार्ड: योगी


राज्य ब्यूरो, लखनऊ/गोरखपुर

- **मुख्यमंत्री ने लगातार दूसरे दिन जनता दर्शन में करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनीं**

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार हर जरूरतमंद के साथ खड़ी है और किसी भी व्यक्ति का इलाज धन के अभाव में नहीं रुकने दिया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पात्र और जरूरतमंद लोगों का आयुष्मान कार्ड बनवाना प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए, ताकि उन्हें इलाज के लिए परेशान न होना पड़े।

मुख्यमंत्री बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिन आयोजित जनता दर्शन में उन्होंने करीब 200 लोगों से मुलाकात की और उनकी शिकायतों व समस्याओं को सुना। महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री लोगों के बीच स्वयं पहुंचे और उनके प्रार्थना पत्रों का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जनता दर्शन में बड़ी संख्या में ऐसे लोग भी पहुंचे, जिन्होंने गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लगाई। मुख्यमंत्री ने उनसे आयुष्मान कार्ड के बारे में जानकारी ली और अधिकारियों को निर्देश दिया कि हर पात्र व्यक्ति को योजना से जोड़ा जाए। उन्होंने भरोसा दिलाया कि अस्पताल का एस्टीमेट मिलते ही विवेकाधीन कोष से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

**बच्चों को दुलारा, स्कूल जाने को किया प्रेरितः** जनता दर्शन में कुछ महिलाएं अपने बच्चों के साथ भी पहुंचीं। मुख्यमंत्री ने बच्चों को चॉकलेट देकर दुलार किया और उन्हें स्कूल जाने के लिए प्रेरित किया। एक महिला के साथ आए दो बच्चों से उन्होंने हंसी-ठिठोली भी की, जिससे वहां मौजूद लोगों के चेहरे खिल उठे।


वाराणसी के श्रीकाशी विश्वनाथ धाम में पूजन-अर्चन करते मुख्यमंत्री योगी।


वाराणसी दौरे के दौरान एक बच्चे को दुलारते मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

**बाबा विश्वनाथ और काल भैरव के मुख्यमंत्री योगी ने किए दर्शन :** अमृत विचार, लखनऊ/वाराणसी : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को वाराणसी पहुंचे और श्री काशी विश्वनाथ धाम व काल भैरव मंदिर में विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया। उन्होंने प्रदेश की सुख-समृद्धि और लोकमंगल की कामना की। सबसे पहले उन्होंने काल भैरव मंदिर में दर्शन कर शांति और सुरक्षा की प्रार्थना की। काशी विश्वनाथ धाम में पूजा-अर्चना के दौरान 'हर-हर महादेव' के जयकारे गूंज उठे। मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं का अभिवादन किया और बच्चों को दुलारते हुए उनसे संवाद भी किया।

# 3379 करोड़ रुपये की कृषि योजनाओं को मिली मंजूरी

## पीएम-आरकेवीवाई योजना : मुख्य सचिव ने समयबद्ध और पारदर्शी क्रियान्वयन के दिए निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** मुख्य सचिव एसपी गोयल की अध्यक्षता में बुधवार को प्रधानमंत्री-राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (पीएम-आरकेवीवाई) के तहत राज्य स्तरीय स्वीकृति समिति की बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 3379.11 करोड़ रुपये की योजनाओं को मंजूरी दी गई।

मुख्य सचिव ने कहा कि प्राकृतिक खेती, सिंचाई विस्तार, कृषि उत्पादकता बढ़ाने और किसानों को आत्मनिर्भर बनाने पर विशेष फोकस रहेगा। साथ ही मखाना उत्पादन, मधुमक्खी पालन, शहद उत्पादन और आधुनिक कृषि तकनीकों को बढ़ावा देने के निर्देश दिए गए। बैठक में गुणवत्तापूर्ण बीज वितरण, कीट प्रबंधन, फसलोत्तर अवसंरचना और किसान उत्पादक संगठनों को मजबूत करने पर जोर दिया गया। कृषि विभाग को नोडल बनाकर सभी विभागों के समन्वय से कार्य करने को कहा गया। मुख्य सचिव ने कृषि कल्याण केंद्रों, पैक्स गोदामों और अन्य परियोजनाओं को जून 2026 तक पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही योजनाओं के आउटपुट और परिणामों का आकलन कराने पर भी बल दिया।

प्रमुख योजनाएं : एडिबल ऑयल मिशन, पल्सेज आत्मनिर्भरता मिशन, नेशनल फूड सिक्योरिटी मिशन, कृषि मशीनीकरण, हॉर्टिकल्चर, प्राकृतिक खेती, डिजिटल एग्रीकल्चर, पर ड्रॉप मोर क्रॉप, मखाना-मधुमक्खी पालन, कृषि वानिकी व बांस मिशन शामिल हैं।


अधिकारियों के साथ बैठक करते मुख्य सचिव एसपी गोयल। अमृत विचार

### किसानों की फार्मर रजिस्ट्री में तेजी लाएं अफसर

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्य सचिव एसपी गोयल ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए प्रदेश के मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने किसानों की फार्मर रजिस्ट्री, वेटलैंड संरक्षण, हेलीपैड निर्माण और खनन राजस्व वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने बताया कि 2.88 करोड़ किसानों के सापेक्ष अब तक 77.43 प्रतिशत का पंजीकरण हो चुका है। उन्होंने शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने को कहा।

# एक दर्जन मुठभेड़, एक ढेर, कई घायल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **मुजफ्फरनगर और हरदोई में अपराधियों से पुलिस की भिड़ंत**
- **हरदोई में ढेर हुए अपराधी ने बच्चे का अपहरण कर की थी हत्या**

**अमृत विचारः** बुधवार के दिन यूपी पुलिस अपराधियों पर कहर बनकर टूटी। इस क्रम में मुजफ्फरनगर और हरदोई में हुए मुठभेड़ के मामले चर्चा का विषय बने रहे। हरदोई में हुई तीन अलग-अलग मुठभेड़ों में एक अपराधी ढेर हो गया, जबकि चार घायल हो गए। वहीं मुजफ्फनगर पुलिस के साथ विगत 24 घंटे में हुईं सात मुठभेड़ों में 10 अपराधी घायल हुए। सभी को गिरफ्तार करके अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

हरदोई के मल्लावां में विगत दिनों बदमाश मेनूर उर्फ मेहनुद्दीन ने एक बच्चे का अपहरण कर लिया था। बाद में बच्चे की हत्या कर दी गई, जिसके बाद सक्रिय हुई पुलिस और बदमाशों के बीच मेनूर में मुठभेड़ हो गई। आमने-सामने हुई गोलीबारी में मेनूर ढेर हो गया। वहीं दूसरी मुठभेड़ थाना टिडयावां क्षेत्र में हुई। लूट की घटना में वांछित 25 हजार का इनामी प्रियांशु त्रिवेदी मुठभेड़ में घायल हो गया, बाद में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। तीसरी घटना अतरौली की है, जहां हुए मुठभेड़ के दौरान इमरान निवासी अतरौली, समीर निवासी अतरौली, मुशीर निवासी कछौना, छोटू निवासी अतरौली घायल हो गए। इस दौरान सभी को गिरफ्तार कर अस्पताल में भर्ती कराया गया।

वहीं मुजफ्फरनगर में विगत 24 घंटे में सात मुठभेड़ हुईं। इस दौरान 10 अपराधी घायल हुए। सभी को गिरफ्तार कर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गिरफ्तार बदमाशों में 20 हजार का इनामी शाहरुख पठान, 20 हजार का इनामी शिवम उर्फ मोटा, शैंकी, पंजाब पुलिस में वांछित सलमान उर्फ शहजाद, खुशना और अमर शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक के मुताबिक, घायल अपराधियों को अस्पताल में भर्ती कराकर उपचार कराया जा रहा है।

# रूस में रोजगार के खुले नए द्वार यूपी के युवाओं को मिलेंगे अवसर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दोनों देशों के बीच हुई उच्चस्तरीय बैठक में बनी सहमति**

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश के युवाओं के लिए रूस में बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर खुलने जा रहे हैं। श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने बताया कि मॉस्को में पांच लाख से अधिक नौकरियां उपलब्ध हैं, जबकि रूस के अन्य क्षेत्रों में भी लाखों कुशल कामगारों की आवश्यकता है। निर्माण, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर और कारपेंटर जैसे तकनीकी क्षेत्रों में विशेष मांग सामने आई है।

भारत-रूस के बीच रोजगार सहयोग को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उच्चस्तरीय बैठक हुई। इसमें मंत्री ने मॉस्को सरकार के सेरगेई चेरेमिन के साथ विस्तृत चर्चा की। दोनों पक्षों ने रोजगार सृजन, कौशल विकास और श्रम सहयोग को आगे बढ़ाने पर सहमति जताई।

रूस की ओर से सेंट पीटर्सबर्ग में आयोजित होने वाले आर्थिक फोरम में यूपी के प्रतिनिधिमंडल को आमंत्रित किया गया, जिसे राज्य सरकार ने स्वीकार कर लिया है। इससे दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंध और मजबूत होने की उम्मीद है।

रूसी पक्ष ने आश्वस्त किया कि रोजगार प्रक्रिया पूरी तरह वैधानिक, सुरक्षित और पारदर्शी होगी तथा किसी प्रकार की बाध्यता नहीं होगी। हालांकि, इच्छुक युवाओं के लिए रूसी भाषा का ज्ञान आवश्यक बताया गया है। इस पर प्रदेश सरकार ने कहा कि जल्द ही प्रशिक्षण कार्यक्रमों में रूसी भाषा को भी शामिल किया जाएगा।

बैठक में प्रदेश की ओर से प्रमुख सचिव श्रम एवं सेवायोजन डॉ. शणमुगा सुंदरम, निदेशक नेहा प्रकाश सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे, जबकि रूसी पक्ष से डारिया पुस्तावालोवा और डॉ. जॉर्ज जरिकत ने भाग लिया।

### आबकारी राजस्व वसूली में बनाया कीर्तिमान

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के आबकारी विभाग ने राजस्व वसूली में उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की है। आबकारी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2025-26 में मार्च 2026 तक 57,722.26 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ, जो पिछले वर्ष से 9.79 प्रतिशत अधिक है। चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 के अप्रैल में 5,248.06 करोड़ रुपये का राजस्व मिला, जो 5,200 करोड़ रुपये के लक्ष्य से अधिक है। अवैध शराब के खिलाफ अभियान में 2025-26 में 1.18 लाख से अधिक अभियोग दर्ज कर 30.94 लाख लीटर मदिरा बरामद की गई। 21 हजार से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया।

**मंजूरी** इस वर्ष से विकास कार्यों के लिए मिलेगी 16वें वित्त आयोग की ग्रांट

# पंचायतों को 'परफार्मेंस' पर मिलेगी ग्रांट

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

- **ग्रांट पाने के लिए बढ़ानी होगी स्वयं के स्रोत से आय**
- **बजट के अतिरिक्त 8 हजार करोड़ से अधिक की ग्रांट**

**अमृत विचार :** जिला पंचायत, क्षेत्र पंचायत और ग्राम पंचायतों को अब 16वें वित्त आयोग के तहत विकास कार्यों के लिए ग्रांट मिलेगी। इसके अतिरिक्त अधिक से अधिक स्वयं के स्त्रोत से आय (ओएसआर) अर्जित करने वाली पंचायतों को 'परफार्मेंस ग्रांट' भी दी जाएगी। जो एक वर्ष से बंद थी। केंद्र ने प्रदेश की पंचायतों के लिए 8 हजार करोड़ से अधिक 'परफार्मेंस ग्रांट' निर्धारित की है। जो पिछले वर्ष की तुलना में कई गुना अधिक है।

अब पंचायतों को परफार्मेंस ग्रांट पाने के लिए स्वयं के स्त्रोत से आय प्राप्त करने के लिए ज्यादा मेहनत करनी होगी। जैसे पंचायतों में तालाब पट्टा आदि की नीलामी, दुकान व भवन का किराया, कॉमन सर्विस सेंटर का संचालन, घर-घर कूड़ा उठान, कूड़ा से खाद व प्लास्टिक से दाने बनाकर बिक्री करना आदि शामिल है। इसके अलावा प्रति माह-प्रति परिवार सेवाएं मुहैया कराकर 100 रुपये तक आय अर्जित की जा सकेगी। लक्ष्य पूर्ति करने वाली पंचायतों का परफार्मेंस के आधार पर चयन होगा और मिलने वाली ग्रांट गांवों के विकास में खर्च की जाएगी। इस सम्बंध में केंद्र ने 16वें वित्त आयोग की रूप रेखा जारी करके अफसरों को पालन करने के निर्देश दिए हैं।



### आय में प्रति वर्ष ढाई फीसद करनी होगी बढ़ोतरी, तीसरे वर्ष मिलेगी ग्रांट

परफार्मेंस ग्रांट योजना पिछले वर्ष 15वें वित्त में नहीं हुई थी। इसे देखते हुए 16वें वित्त की ग्रांट में बढ़ोतरी की है। 8 हजार करोड़ से अधिक परफार्मेंस ग्रांट पूरे पांच वर्ष के लिए होंगे। पंचायतों को हर वर्ष आय में ढाई फीसद की बढ़ोतरी भी करनी होगी। पहले वर्ष कार्य किए जाएंगे और उन्हीं कार्यों का दूसरे वर्ष मूल्यांकन किया जाएगा। अधिक आय अर्जित करने वाली पंचायतों को तीसरे वर्ष से ग्रांट बांटी जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वावलंबन के लिए करें आवेदन

**कानपुर देहात।** उप कृषि निदेशक हरीशंकर भार्गव ने बताया कि प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वावलंबन (एग्रीजंक्शन) योजना वर्ष 2026-27 के लिए 10 एग्रीजंक्शन वन शॉप स्टाफ खोले जाने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। इसमें सात ग्रामीण एवं तीन शहरी क्षेत्रों में खोले जाएंगे। जनपद में निवास करने वाले कृषि स्नातक-कृषि व्यवसाय प्रबंधन-उद्यान, पशुपालन, वानिकी, दुग्ध, पशु चिकित्सा, मुर्गी पालन, एवं इस तरह की गतिविधियों जो किसी राज्य एवं केंद्रीय विश्वविधयालयों से डिग्री धारी है जो आईसीएआर-यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त हो इसके लिए पात्र होंगे। इसके अतिरिक्त उपरोक्त के अनुपलब्ध होने पर अनुभव डिप्लोमा धारी-कृषि विषय में इंटरमीडिएट योग्य प्रार्थी पर भी विचार किया।

### झींझक में पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

**कानपुर देहात।** झींझक में पुलिस चौकी प्रभारी उमेश शर्मा ने नहरपुल झींझक पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। वाहनों की जांच कर नियम विरूद्ध ड्राइविंग पर कई के चालान किए। चेकिंग के दौरान पुल से गुजरने वाले दो पहिया, चार पहिया वाहनों को रोककर उनके ड्राइविंग लाइसेंस व अन्य कागजों की जांच की गई। पुलिस द्वारा नहरपुल पर जांच शुरू कर दिए जाने की जानकारी मिलते ही तमाम वाहन चालक अपने वाहनों को दूसरे रास्ते में मोड़कर निकालने लगे। चौकी इंचार्ज ने बताया कि नहर पुल पर रोजाना वाहन चेकिंग की जा रही है। तमाम लोगों के कागजात न मिलने पर चालान किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि नहर पुल पर रोजाना वाहन चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। ताकि नियमों का पालन कराया जा सके।

### सात लाख 90 हजार की बकाएदारी में हुई कुर्की की कार्रवाई

**रसूलाबाद।** तहसील क्षेत्र के डूड़ामहुआ गांव में बैंक ऋण न चुकाने के मामले में प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। गांव निवासी सरयू नारायण एवं उनके पुत्र प्रमोद द्विवेदी द्वारा वर्ष 2016 में ग्रामीण बैंक रसूलाबाद से 5 लाख76 हजार रुपए का ऋण लिया गया था। सरयू नारायण के निधन के बाद सह-खाताधारक प्रमोद द्विवेदी द्वारा समय पर ऋण का निपटान नहीं किया गया जिसके चलते खाता एनपीए घोषित हो गया। वर्तमान में खाते पर लगभग 7,90,000 रुपये की आरसी बकाया है। एसडीएम शिखा संखवार के निर्देश पर अमीन ताहिर हुसैन और लेखपाल प्रत्युष कुमार पाठक ने बैंक अधिकारियों शाखा प्रबंधक रवि कटियार ऋण अधिकारी हिमांशु शंखवार एवं इसरार अहमद की उपस्थिति में गांव पहुंचकर खेत में लाल झंडी लगाकर कुर्की की कार्रवाई शुरू की। इस कार्रवाई से गांव में हड़कंप मच गया और अन्य ऋण धारकों को भी समय पर भुगतान करने की चेतावनी मिली है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बकाया ऋण की वसूली के लिए आगे भी सख्त कदम उठाए जाएंगे।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

# हीट वेवः बच्चों, बुजुर्गों व गर्भवती महिलाओं का रखें विशेष ख्याल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- तहसीलदार की उपस्थिति में हुआ प्रशिक्षण कार्यक्रम

**अमृत विचारः** डीएम कपिल सिंह के निर्देश पर बुधवार को सदर तहसील परिसर में हीट वेव, अग्निकांड एवं सर्पदंश से सुरक्षा व बचाव विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य समुदाय स्तर पर कार्यरत आशा बहुओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं तथा स्वयं सहायता समूहों की समूह प्रमुख महिलाओं को आपदा की स्थिति में त्वरित, सही एवं प्रभावी प्राथमिक सहायता प्रदान करने हेतु सक्षम बनाना रहा।

तहसीलदार पवन कुमार की उपस्थिति में हुए प्रशिक्षण में विशेषज्ञों द्वारा हीट वेव के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों, लू लगने के लक्षण एवं प्राथमिक उपचार, अग्निकांड की स्थिति में बचाव के उपाय, आग लगने पर सुरक्षित निकासी (इवैक्यूएशन) की प्रक्रिया तथा सर्पदंश की स्थिति में घबराहट से बचते हुए अपनाए जाने वाले वैज्ञानिक प्राथमिक उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

अग्निकांड की स्थिति में बिजली के उपकरणों का सुरक्षित उपयोग, गैस सिलेंडर की नियमित जांच तथा आग लगने पर तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना देने के साथ-साथ घबराए बिना सुरक्षित स्थान पर जाने के उपाय बताए गए। सर्पदंश के संबंध में यह स्पष्ट किया गया कि झाड़-फूंक या मिथकों पर विश्वास न करते हुए पीड़ित को तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाना ही सबसे प्रभावी उपाय है। प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित महिलाओं को यह भी प्रेरित किया गया कि वह अपने-अपने ग्राम एवं मोहल्लों में जाकर इस महत्वपूर्ण जानकारी का व्यापक प्रचार-प्रसार करें, जिससे आमजन को समय रहते सही जानकारी मिल सके और आपदा की स्थिति में जनहानि को न्यूनतम किया जा सके।

# महिलाएं सिलाई, पुरुष बंदी सीखेंगे बाइक रिपेयरिंग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव ने किया उद्घाटन
- दीक्षालय फाउंडेशन कानपुर के सहयोग से शुरू हुआ कार्यक्रम

**अमृत विचार।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव नूपुर श्रीवास्तव की उपस्थिति में बुधवार को दीक्षालय फाउंडेशन, कानपुर के सहयोग से जिला कारागार में निरुद्ध बंदियों को आत्मनिर्भर बनाने एवं उनके पुनर्वास के उद्देश्य से प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसमें बंदियों को अहम जानकारियां दी गई।

कार्यक्रम के अंतर्गत महिला बंदियों हेतु ब्यूटीशियन एवं सिलाई प्रशिक्षण तथा पुरुष बंदियों हेतु बाइक रिपेयरिंग प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया। सचिव द्वारा महिला बैरक में संचालित प्रशिक्षण तथा बैरक संख्या 1-बी में बाइक रिपेयरिंग प्रशिक्षण का फीता काटकर औपचारिक शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण के लिए कुल 28 महिला बंदियों को ब्यूटीशियन एवं सिलाई तथा 40 पुरुष बंदियों को बाइक रिपेयरिंग प्रशिक्षण हेतु चिह्नित किया गया है।



विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव ने फीता काट कर किया उद्घाटन। अमृत विचार

कारागार अधीक्षक ने बताया कि प्रशिक्षण पूर्ण होने के उपरांत सभी प्रतिभागी बंदियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए जाएंगे, जिससे रिहाई के पश्चात वे स्वरोजगार अपनाकर समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें। कारागार अधीक्षक धीरज कुमार सिन्हा ने बंदियों के पुनर्वास हेतु संचालित इस पहल के लिए दीक्षालय फाउंडेशन के प्रबन्धक अनुराग त्रिवेदी एवं सहयोगी टीम के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रभारी कारापाल, डॉ राजेश कुमार, कौशल विकास प्रभारी अनुराग त्रिवेदी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ऑयल डिपो में हादसा, टैंकर चालक की मौत, काटा हंगामा

## गजनेर थाना क्षेत्र के गांव गोगूमऊ का मामला, रसूलाबाद के धर्मूपुर महेरा का निवासी था चालक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचारः** जनपद के गजनेर थाना क्षेत्र के गोगूमऊ स्थित एक ऑयल डिपो परिसर में ट्रक मोड़ते समय पास खड़ा टैंकर चालक चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। मौजूद लोग उसे लेकर मेडिकल कॉलेज अकबरपुर लाए। यहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे को लेकर इलाकाई लोगों ने हंगामा किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह स्थिति संभाली।



अर्जुन अवस्थी।

रसूलाबाद थाना क्षेत्र के धर्मूपुर महेरा निवासी अर्जुन अवस्थी (45) टैंकर चालक थे। वह उन्नाव निवासी चालक सनोज शर्मा के साथ ट्रक लेकर गोगूमऊ ऑयल डिपो आए थे। मंगलवार की शाम को उनका ट्रक पार्किंग में खड़ा था। इस बीच दूसरा चालक पार्किंग से ट्रक लेकर प्लांट की ओर बढ़ा। इसी बीच पास खड़े अर्जुन ट्रक की टक्कर लगने से घायल हो गए। परिसर में मौजूद अन्य चालकों ने घटना की जानकारी पुलिस को देने के साथ उन्हें मेडिकल कॉलेज अकबरपुर लेकर आए।

मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर ने अर्जुन को मृत घोषित कर दिया। अनहोनी की जानकारी पर देर शाम अस्पताल पहुंचे पिता ओमकार अवस्थी, मां राधावती, पत्नी शिखा, बेटी रोशीन बिलखते रहे। दूसरी तरफ, घटना को लेकर लोगों में रोष दिखा। लापरवाही का आरोप लगा लोगों ने हंगामा किया। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने समझा-बुझाकर लोगों को शांत किया। थानाध्यक्ष सूर्य प्रताप सिंह ने बताया की हादसे की कारण की जांच की जा रही है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### बाइक की टक्कर से छह वर्षीय बच्चे की मौत

**रसूलाबाद:** मंगलवार शाम रसूलाबाद बिसधन रोड पर थानापुरवा में सड़क किनारे खेल रहे एक 6 वर्षीय बच्चे को तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दी।



ऋषभ की असामायिक मौत पर गमगीन बैठे परिजन।

उपचार के दौरान उसने बुधवार सुबह दम तोड़ दिया। मंगलवार शाम रसूलाबाद बिसधन रोड पर थानापुरवा गांव में सड़क किनारे खेल रहे राकेश कुमार राजपूत के इकलौते पुत्र ऋषभ 6 को अनियंत्रित बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिससे वह से गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल ऋषभ को परिजन आनन-फानन लेकर कानपुर के एक निजी अस्पताल पहुंचे। डॉक्टरों ने उसे बचाने की पूरी कोशिश की, लेकिन उसकी गंभीर दशा के चलते बुधवार सुबह इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। इस घटना के बाद से मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। एकलौते पुत्र की मृत्यु ने एक हंसते-खेलते परिवार की खुशियां छीन लीं। बताया जा रहा है कि मृतक ऋषभ अपनी तीन बहनों का अकेला भाई था।ऋषभ असामयिक मौत पर मां आरती देवी, पिता राकेश कुमार ,बहने संगीता, प्रियंका, पायल व दादी का रो-रो कर बुरा हाल है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने दुर्घटना करने वाली बाइक को कब्जे में ले लिया है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। थाना प्रभारी शिवनारायण सिंह ने बताया कि मामले की तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# हाफ एनकाउंटर के बाद पकड़े गए दो आरोपी, पुलिस ने माल किया बरामद

सवाददाता, राजपुर

**अमृत विचारः** थाना राजपुर पुलिस ने मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर कार सवार बदमाशों की घेराबंदी की। इस पर कार सवार क्षेत्र के नैनपुर के समीप पुलिस टीम पर फायरिंग करते हुए भागने लगे। पुलिस ने पीछा किया तो फायरिंग करते भाग रहे थे। तभी पुलिस ने जवाबी फायरिंग की। इसमें दो बदमाशों के पैर में गोली लगी। वह जख्मी हो गए। पुलिस ने उन्हें हिरासत में लिया। इसके बाद दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया।

राजपुर थानाध्यक्ष सनत कुमार अपनी टीम के साथ क्षेत्र के नैनपुर गांव के समीप सिथरा मार्ग पर चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान कार सवार दिखाई दिए। पुलिस टीम ने कार की घेराबंदी शुरू की। कार में बैठे बदमाश पुलिस टीम को देख कार छोड़कर खेतों की ओर भागने लगे। पुलिस की घेराबंदी में आरोपियों देशराज पुत्र हीरामन पाल निवासी ग्राम कौरु थाना मंगलपुर कानपुर देहात अर्पित यादव पुत्र रविन्द्र सिंह ग्राम कौरु थाना मंगलपुर कानपुर देहात को



राजपुर पुलिस की पकड़ में आए बदमाश। अमृत विचार

- राजपुर थाना क्षेत्र के गांव नैनपुर के पास हुआ आमना-सामना

मौके पर गिरफ्तार कर लिया। कई लूटो की वारदातों में शामिल दो बदमाश पुलिस टीम पर फायरिंग करते हुए भागने लगे। पुलिस ने आत्मसमर्पण के लिए आवाज दी मगर दोनों बदमाश पुलिस पर लगातार फायरिंग करते भाग रहे थे। बदमाशों द्वारा आत्मसमर्पण न करने पर पुलिस टीम ने अपनी पिस्टल से भाग रहे बदमाशों के पैर में गोली मार दी। इससे दोनों घायल होकर गिर गए। पुलिस ने घायल हुए आरोपियों शिवम पाल उर्फ ज्वाला सिंह पुत्र रामबहादुर निवासी ग्राम जरिहा थाना मंगलपुर कानपुर देहात को स्वास्थ्य केंद्र राजपुर में भर्ती कराया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो तमन्चा 315 बोर तीन खोखा कारतूस 315 बोर दो जिंदा कारतूस 315 बोर जामा तलाशी से 46,800 रुपए दो कमर पेटी सफेद धातु दो कान के बाला पीली धातु और घटना में प्रयुक्त एक लाक कटर एक सब्बल नुकीला एक सब्बल धारदार एक औरा कार सफेद रंग की बरामद की गई। पुलिस ने अर्पित यादव और रविंद्र सिंह को जेल भेजा है।

# यूपीआई के जरिए साइबर ठगों ने उड़ाए तीन लाख रुपये

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचारः** साइबर अपराधियों ने एक बार फिर युवक को तगड़ी आर्थिक चोट पहुंचाई है। यूपीआई के जरिए अलग-अलग ट्रांजेक्शन कर साइबर क्रिमिनल ने तीन लाख एक हजार नौ सौ 25 रुपये गायब कर दिए। मोबाइल पर ट्रांजेक्शन का मैसेज देख युवक के पैरों तले जमीन खिसक गई। जब तक वह कुछ समझ पाता और बैंक शाखा पहुंच पाता अपराधियों ने चार ट्रांजेक्शन कर लिए बदहवास पीड़ित आनन फानन में साइबर थाने पहुंचा।

अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के नरिहा गांव निवासी नित्यानंद पांडेय के पुत्र मोहित उर्फ चंदन पांडेय ने बताया कि बुधवार की दोपहर वह अपने कुछ साथियों के साथ जैनपुर में संचालित फिटनेस सेंटर में किसी काम से गया था। चार बजकर आठ मिनट पर उनके मोबाइल पर मैसेज आया जो यह दर्शा रहा था कि उनके सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा अकबरपुर के खाते से यूपीआई के जरिए एक लाख रुपए ट्रांजेक्शन किया गया है। मोबाइल पर आए मैसेज को देख वह हक्का बक्का रह गया। अभी वह कुछ समझ पाता कि चार बजकर नौ मिनट पर फिर अस्सी हजार दो सौ इकत्तीस रुपए ट्रांजेक्शंस होने का मैसेज आ गया।

तब आनन फानन में भागकर वह बैंक शाखा पहुंचा और अपनी समस्या बताई। हालांकि तब तक दो ट्रांजेक्शन और हो गए। इस तरह, कुल तीन लाख एक हजार नौ सौ 25 रुपये निकाल लिए गए। जीवन भर की कमाई कुछ पल के अन्दर लुटती देख उसकी आंखों में आंसू आ गए। इस पर पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज कर कार्रवाई प्रारंभ कर दी है।

# लोक अदालत के प्रचार-प्रसार को रवाना किया जागरूकता वाहन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के तत्वावधान में नौ मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होगा। इसी परिप्रेक्ष्य में बुधवार को विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष व जनपद न्यायाधीश रविंद्र कुमार सिंह ने जिला न्यायालय परिसर से प्रचार-प्रसार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

प्रचार वाहन जनपद की सभी तहसील क्षेत्रों में भ्रमण करते हुए आम जनमानस को राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन के संबंध में जानकारी प्रदान करेगा। साथ ही लोगों को अपने अधिक से अधिक वादों का निस्तारण लोक अदालत के माध्यम से कराने के लिए प्रेरित करेगा। वाहन की रवानगी



प्रचार-प्रसार वाहन को ने रवाना करते जनपद न्यायाधीश। अमृत विचार

- जिला जजी में 9 मई को होगी राष्ट्रीय लोक अदालत

के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव नूपुर श्रीवास्तव ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत वैकल्पिक विवाद निस्तारण की एक प्रभावी व्यवस्था है। इसके माध्यम से आपसी सहमति से वादों का शीघ्र, सरल एवं कम खर्च में निस्तारण किया जा सकता है। प्रचार-प्रसार वाहन को रवाना करने के अवसर पर जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष जितेंद्र प्रताप सिंह चौहान, महामंत्री नरेंद्र सिंह सेंगर, संयुक्त मंत्री जयगोपाल राजपूत समेत प्रमोद सिंह नायक, राजपाल यादव, राधेश्याम कटियार, मनवीर पाल, शैलेंद्र तिवारी, अरविंद सिंह कुशवाहा आदि रहे।

# अलग-अलग सड़क हादसों को लेकर दर्ज कराई एफआईआर

संवाददाता, रसूलाबाद

**अमृत विचारः** थाना पुरवा निवासी बृजभान सिंह ने पुलिस को बताया कि 5 मई शाम रसूलाबाद बिसधन रोड पर थाना पुर्वा में पंचम के मकान के पास लालू की तरफ से आ रहे पछायपूर्वा थाना रसूलाबाद निवासी बाइक के चालक उत्तम सिंह ने उसके भतीजे वृषभ 7 वर्ष पुत्र राकेश राजपूत को टक्कर मार दी। उपचार के दौरान बुधवार सुबह 3:30 बजे उसकी मौत हो गई। थाना प्रभारी शिवनारायण सिंह ने बताया कि मामले की रिपोर्ट नामजद चालक के विरुद्ध दर्ज की गई।

इसी तरह, भैंसलोट, थाना बिधूना, जनपद औरैया निवासी अश्वनी ने पुलिस को बताया कि गत 26 अप्रैल को रसूलाबाद बेला रोड पर मलखानपुर जमथर अंबेडकर पार्क के समीप स्कार्पियो गाड़ी के चालक में उसके भाई संजीव व उसकी साली सरिता पत्नी सोनू उर्फ राघवेंद्र निवासी नंगला परमाई जनपद औरैया को टक्कर मार दी।

कबीर नगर निवासी एक व्यक्ति ने रसूलाबाद बिल्हौर रोड पर उसकी बाइक में गत 16 अप्रैल को एक स्विफ्ट कार चालक द्वारा जोरदार टक्कर मार देने, जिससे उसके घायल हो जाने और गाड़ी क्षतिग्रस्त हो जाने की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है। रामबाबू ने पुलिस को बताया कि गत 16 अप्रैल को वह अपनी बाइक से तहसील से अपने घर जा रहा था। इसी दौरान रसूलाबाद बिल्हौर रोड पर डिवाइडर के समीप एक स्विफ्ट कार चालक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी जिससे वह घायल हो गया और उसकी बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। थाना प्रभारी शिवनारायण सिंह ने बताया कि मामले की रिपोर्ट संबंधित धाराओं में दर्ज कर ली गई।

व्यवस्था | पुष्टाहार वितरण किया गया पारदर्शी

# फेस रिकग्निशन सिस्टम से बांटा पुष्टाहार

संवाददाता, शिवली

**अमृत विचार।** आंगनबाड़ी केंद्रों में पंजीकृत गर्भवती, धात्री माताएं, बच्चों को मिलने वाला पुष्टाहार अब ज्यादा पारदर्शी ढंग से आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के द्वारा वितरित किया जा रहा है। इसके लिए शासन द्वारा नई व्यवस्था लागू की गई है। बाल विकास विभाग ने पोषण ट्रैकर ऐप लॉन्च किया है जिसमें बायोमेट्रिक सिस्टम के जरिए लाभार्थियों के चेहरे का सत्यापन होता है।

मैथा विकासखंड में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों पर तेजी के साथ लक्ष्य पूरे किए जा रहे हैं। बुधवार को सेक्टर मारग के आंगनबाड़ी केंद्र मांडा चतुर्थ पर कार्यकत्री रीना द्विवेदी व सहायिका निर्मला के द्वारा फेस रिकग्निशन सिस्टम से गर्भवती धात्री महिलाओं, 7 माह से 3 वर्ष व 3 से 6 वर्ष के बच्चों को पुष्टाहार का वितरण किया गया। लाभार्थियों ने खुशी जताते हुए बताया कि केंद्र पर प्रतिमाह पुष्टाहार का वितरण किया जाता है। जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राम बदन सिंह व सीडीपीओ सुनीता बैस ने बताया कि पुष्टाहार वितरण में गड़बड़ी रोकने के लिए चेहरा प्रमाणीकरण व्यवस्था (फेस रिकग्निशन सिस्टम) को लागू किया गया है जिसमें लाभार्थी के चेहरे को कैप्चर कर ई-केवाईसी करते हुए आधार से जुड़े मोबाइल नंबर पर ओटीपी के माध्यम से सत्यापन किया जाता है।



महिलाओं को बांटा गया पोषाहार। अमृत विचार

इसके बाद हर माह लाभार्थी के चेहरे का मिलान कर पुष्टाहार वितरण किया जाता है। सभी आंगनबाड़ी केंद्रों की मॉनिटरिंग उनके व मुख्य सेविकाओं द्वारा लगातार की जा रही है। सेक्टर मारग की मुख्य सेविका आरती प्रजापति ने बताया कि पारदर्शिता बढ़ाने के लिए व्यवस्था शुरू की गई है। जिससे योजनाओं का गलत इस्तेमाल न हो और सही लाभार्थियों तक योजना का लाभ पहुंचे। यह पोषाहार वितरण की प्रक्रिया में प्रौद्योगिकी का एक बेहतरीन उपयोग है जो योजना के लाभ को अधिक प्रभावी व सुलभ बनाता है। इस मौके पर गोल्डी राजपूत, सुमन, मीनू कमल, यशोदा, राधिका, पूजा, पुष्पा, संगीता, शिल्पा, रिचा, रोशनी, बीना, विनीता पूनम, बृजेश, बलवीर, रीतिमा, काजल, खुशबू, काजल, जान्हवी, रिया, अन्नू, लक्ष्मी , आरती ,रचना, गुड़िया सपना राम जानकी, रंजू, पूजा, स्वाति, रेखा निधि, आशिकी, कीर्ति, सोनम, सुधा, अजय, धीरज मौजूद रहे।

### असंतुलित बाइक खड्ड में गिरी, तीन लोग घायल

**कानपुर देहातः** मंगलपुर थाना क्षेत्र में शादी समारोह में शामिल होकर बीती रात मोटर साइकिल से वापस घर जा रहे तीन युवक गाड़ी का संतुलन बिगड़ जाने से गहरे गड्ढे में गिर गए। तीनों घायल हो गए।

थाना डेरापुर क्षेत्र के ग्राम कपासी निवासी पुत्तन सिंह मंगलवार को मंगलपुर क्षेत्र के ग्राम खमेला गांव में मलखान सिंह व अमित के साथ मोटर साइकिल से शादी समारोह में भाग लेने गए। वापस गांव आते समय एक भट्टे के समीप मोटर साइकिल असंतुलित होकर गड्ढे को पार करती हुई खड्ड में गिर गई। इस दौरान तीनों युवक घायल हो गए। काफी समय बाद जब पुत्तन सिंह की बेहोशी टूटी तो वह घायल अवस्था में पास के गांव उइछा में ससुराल पहुंचकर घटना की जानकारी दी। इस पर सीएससी में भर्ती कराया।

# रानीपुर में रात को गुमटी के पास सोया, सुबह मृत मिला बुजुर्ग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- मौके पर पहुंची बेटी ने भाई-भाभी पर लगाया जहर देने का आरोप
- डेरापुर थाना क्षेत्र के गांव रानीपुर की घटना

**अमृत विचारः** जनपद के डेरापुर थाना क्षेत्र के रानीपुर गांव में बुधवार को एक बुजुर्ग की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के पीछे रहे कारणों की छानबीन की जा रही है। दूसरी तरफ, घटना के बाद से मृतक के परिवारी जनों में कोहराम की स्थिति है। बेटी ने जमीन और घर के लालच में पिता की हत्या की आशंका जताई है। भाई और भाभी पर जहर देने का आरोप लगाया है।

रानीपुर निवासी 65 वर्षीय लज्जाराम सड़क किनारे पान मसाला की गुमटी रखकर परिवार का भरण पोषण करते थे। मंगलवार की रात वह वहीं सोए हुए थे। सुबह



मौके पर जांच करते सीओ। अमृत विचार

जब वह नहीं जागे तो पड़ोसी रोहित पाल ने उन्हें उठाने का प्रयास किया लेकिन वह नहीं उठे। इसके बाद उनके पुत्र प्रेम कुमार को सूचना दी गई। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डेरापुर ले जाया गया। वहां मौजूद चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस क्षेत्राधिकारी संजय गुप्ता, कोतवाल धीरेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की।

घटना की संदिग्धता को देखते हुए फोरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया गया। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए। इसके बाद शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। उधर, लज्जाराम की बेटी विमला ने हत्या का संदेह जताया है। भाई प्रेम कुमार और भाभी सीता पर घर-जमीन के लालच में पिता को जहर देने का आरोप लगाया है। कोतवाल धीरेंद्र सिंह ने बताया कि मृत्यु का कारण अभी स्पष्ट नहीं है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### दो बाइकों में भिड़ंत तीन लोग घायल

**मौदहा हमीरपुर।** सुमेरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बिदोखर निवासी मुकेश (30) पुत्र संतोष, संतोष (56) पुत्र बनवारी और नैंसी (14) पुत्री ब्रजेश बाइक से न्यूरिया से कस्बे आ रहे थे, तभी इमिलिया के पास तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दी, जिससे तीनों लोग सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया, जहां पर सभी घायलों का इलाज किया जा रहा है। सभी घायलों को गंभीर चोटें बताई जा रही हैं।

### बाइक डिवाइडर से टकराई, युवक घायल

**हमीरपुर।** जालौन जनपद के कदौरा थाना क्षेत्र के रियाज नगर निवासी शरद यादव (26) पुत्र स्वर्गीय बाबू यादव मंगलवार की रात करीब 9 बजे कुरारा से अपने गांव जा रहा था, तभी सरसई गांव के पास हमीरपुर कालपी स्टेट हाईवे पर बाइक डिवाइडर से टकरा गई, जिससे शरद गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सीएचसी भेजा गया, जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मामले की जांच की जा रही है।

# कार सवारों को खींच कर बेल्टों से बेरहमी से पीटा

## घटना की तहरीर के बाद जांच में जुटी कोतवाली पुलिस

- ब्यूटी पार्लर से युवतियों को तैयार कराकर लौट रहे थे कार सवार
- महोबा जनपद के चरखारी क्षेत्र के रायनपुर से शादी में आए थे पीड़ित

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** ब्यूटी पार्लर से युवतियों को लेकर लौट रहे युवकों की कार में टक्कर मारने के बाद बाइक सवार युवकों ने कार को जबरन रोक लिया और कार से बाहर खींचकर दो युवकों की बेल्टों से बेरहमी से पिटाई की। घटना के बाद पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस जांच में जुट गई है।

महोबा जनपद के चरखारी थाना क्षेत्र के रायनपुर निवासी जितेन्द्र पुत्र ऋषिकेश ने बताया कि मंगलवार को वह राठ क्षेत्र के औंता गांव रिश्तेदारी में शादी में शामिल होने आए थे। वह रात में जगत सिंह के साथ राठ ब्यूटी पार्लर आया था। युवतियों के तैयार होने के बाद वह ब्यूटी पार्लर से औंता गांव लौट रहा था, तभी रास्ते में राठ कोतवाली क्षेत्र के सरसई रोड के पहले पेट्रोल पंप के पास अज्ञात लोग पीछे से आए और उनकी कार में टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद उन लोगों ने बाइक उसकी कार के सामने खड़ी कर दी और फिर उसे गाड़ी से बाहर खींचकर बेल्टों से पीटा।

उसने खेत की ओर दौड़ लगाकर अपनी जान बचाई। इसके बाद हमलावरों ने जगत सिंह को कार से बाहर खींचा और नाले में गिराकर बेल्टों से बेरहमी से पीटा। कोतवाल अनूप सिंह ने बताया कि घायलों को अस्पताल भेजा गया है। मामले की जांच कराई जा रही है।

### दो पक्षों में लाठी-डंडे चले, 4 लोग घायल

**राठ।** कोतवाली क्षेत्र के बसेला गांव में रंजिश के चलते दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई, जिसमें चार लोग घायल हो गए। दोनों पक्षों ने कोतवाली में तहरीर दी है। बसेला गांव की सोमवती ने बताया कि रंजिश के कारण उनके परिवार के दो लोगों ने उनके बेटों को गाली देना शुरू कर दिया। जब बेटों ने विरोध किया तो लाठी-डंडों से हमला कर दिया। वह बेटों लादिमान और मिथुन को बचाने के लिए पहुंची तो आरोपियों ने उसे भी पीटा। वहीं, दूसरे पक्ष के राजेंद्र ने बताया कि घरेलू विवाद में परिवार के लोगों ने उनके साथ गाली गलौज की और लाठी-डंडों से पीटा। कोतवाल ने बताया कि पूरे मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

## हादसों में महिला समेत तीन घायल

**मौदहा (हमीरपुर)।** क्षेत्र में हुई अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में एक महिला समेत तीन लोग घायल हो गए। सभी घायलों को लहूलुहान हालत में कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया। प्राथमिक इलाज के बाद हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

सायर गांव निवासी सतीश (20) पुत्र भूरेलाल बाइक से कस्बे आ रहा था। रास्ते में बाइक का संतुलन बिगड़ने से वह सड़क पर गिरकर घायल हो गया। उसे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

उधर, मंगलवार की रात मीरा (60) पत्नी बिंदा मोटरसाइकिल से शादी समारोह में जा रही थी। इसी दौरान बाइक से गिरकर घायल हो गईं। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें भी जिला अस्पताल रेफर किया गया।

महोबा निवासी रईस उद्दीन (65) पुत्र बदरुद्दीन सड़क हादसे में घायल हो गए। कस्बे के सरकारी अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें भी जिला अस्पताल भेज दिया।

# पश्चिम बंगाल की प्रचंड जीत पर कल्याणपुर ब्लॉक में जश्न

संवाददाता, बिठूर


अपने कार्यालय में लोगों को मिठाई खिलातीं ब्लाक प्रमुख अनुराधा अवस्थी।

**अमृत विचार।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) की ऐतिहासिक जीत के बाद देशभर में जबरदस्त उत्साह का माहौल दिखाई दे रहा है। लोग जगह-जगह जश्न मना रहे है। कार्यकर्ता एक दूसरे को मिठाई खिलाते हुए जमकर झूमते रहे।

कानपुर के कल्याणपुर ब्लॉक में ब्लॉक प्रमुख अनुराधा अवस्थी ने भी अपने सहयोगियों के साथ भ्जाजपा की शानदार जीतपर ढोल नगाड़ों के साथ जमकर जश्न मनाया। यहां पर भाजपाइयों के साथ साथ स्थानीय लोग भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। सभ्की ने -दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी और भाजपा का झंडा फहराया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जय और बीजेपी जिंदाबाद के नारे लगाकर माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया।ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि पश्चिम बंगाल में बीजेपी की जीत ऐतिहासिक है और यह जनता के विश्वास का प्रतीक है। उनका मानना है कि यह जीत विकास, सुशासन और मजबूत नेतृत्व की नीतियों पर जनता की मुहर है।

गौरतलब है कि पश्चिम बंगाल में इस बार बीजेपी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहली बार सरकार बनाने की स्थिति हासिल की है। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश अवस्थी, पवन,पंकज,संदीप, प्रधान संघ अध्यक्ष संतोष निषाद प्रधान संघ महामंत्री राम नारायण वर्मा बी डीसी सदस्य आदि कई लोग मौजूद रहे।

## बच गई जान


हमीरपुर जनपद के कुरारा थाना क्षेत्र के भौली गांव के पास बुधवार की शाम हुए नाव हादसे में लापता हुए 6 लोगों की खोजबीन चलती रही। मौत के भंवर से बचकर निकली पारुल, रिंकू और विष्णु को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। तीनों सहमे हैं। यमुना से बचकर निकलने के बाद रिंकू रोते-बिलखते आंखों देखी बताता रहा। घाट के किनारे मजमा लगा रहा। देर रात तक अफरा-तफरी के बीच सिसकने और रोने की आवाजें गूंजती रहीं। अमृत विचार

# आज से शुरू होगी स्व-गणना, सही, सटीक और पूर्ण जानकारी दर्ज करायें

**कानपुर देहात।** एडीएम व जिला जनगणना अधिकारी दुष्यंत कुमार मौर्य ने बताया कि भारत की जनगणना 2027 के अंतर्गत स्वगणना की सुविधा गुरुवार से 21 मई तक उपलब्ध रहेगी। उन्होंने कहा कि जनगणना एक अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्यक्रम है, जिसके माध्यम से देश की जनसंख्या, सामाजिक-आर्थिक स्थिति एवं अन्य महत्वपूर्ण आंकड़ों का संकलन किया जाता है। इन आंकड़ों के आधार पर विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का निर्माण, क्रियान्वयन एवं संसाधनों का न्यायसंगत वितरण सुनिश्चित किया जाता है।

अपर जिलाधिकारी ने बताया कि स्वगणना के दौरान दर्ज की गई जानकारी पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी तथा इसका उपयोग केवल सांख्यिकीय उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। इस लिए बिना किसी संकोच के सही एवं पूर्ण जानकारी दर्ज करें।

जिससे जनपद में शत-प्रतिशत स्वगणना का लक्ष्य प्राप्त किया जा सके। स्वगणना प्रक्रिया के दौरान किसी प्रकार की समस्या, तकनीकी कठिनाई अथवा जानकारी की आवश्यकता होने पर संबंधित चार्ज अधिकारी-तहसीलदार, अधिशासी अधिकारी अथवा पर्यवेक्षक अधिकारी से संपर्क कर आवश्यक सहायता प्राप्त की जा सकती है।


BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY

विद्याफलम् परोपकाराय

Accreditations, Affiliations & Approvals

ज्ञान-विज्ञान विमुक्तये University Granta Commission of India
Medical Council of India
Dental Council of India
Pharmacy Council of India
Indian Nursing Council
Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council
Association of Indian Universities
Where there is rural well being there is University Prosperity
Uttar Pradesh State Medical Faculty

ADMISSION OPEN FOR FOLLOWING COURSES SESSION 2026-27
CUET(UG/PG)-2026 Score Accepted

ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 01 | Diploma- Medical lab Technician (DMLT) | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 02 | Diploma X-Ray Technician | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 03 | Diploma Radiology Technology | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 04 | M.Sc. Medical Anatomy | MBBS, BDS, BAMS B.Sc. Nursing, B.Sc. Optom, B.Pharma, BPT, B.Sc. MLT, B.sc(Bio sc.) | 3 Year |
| 05 | M.Sc. Medical Biochemistry | | 3 Year |
| 06 | M.Sc. Medical Microbiology | | 3 Year |
| 07 | M.Sc. in Medical Pharmacology | | 3 Year |
| 08 | M.Sc. in Medical Physiology | | 3 Year |

INSTITUTE OF DENTAL SCIENCES

| | | | |
|---|---|---|---|
| 09 | Diploma in Dental Hygenist | 10+2 (PCB) | 2 Year |
| 10 | Diploma in Dental Mechanics | 10+2 (PCB) | 2 Year |

BIU COLLEGE OF PHARMACY/ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY/ KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 11 | D.Pharm/Diploma in Pharmacy | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 12 | B.Pharm/Bachelor of Pharmacy | 10+2(PCB/PCM) | 4 Year |
| 13 | M.Pharm (Pharmaceutical Chem) | B.Pharm | 2 Year |
| 14 | M.Pharm (Pharmaceutics) | B.Pharm | 2 Year |
| 15 | M.Pharm (Pharmacology) | B.Pharm | 2 Year |
| 16 | M.Pharm (Pharmacognosy) | B.Pharm | 2 Year |

FACULTY OF ALLIED & HEALTHCARE SCIENCES (PARAMEDICAL)

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 17 | Certification in Sanitation | 10+2(PCB/PCM) | 1 Year |
| 18 | Diploma in Medical Lab Technician (DMLT) | 10+2(PCB/PCM) | 4 Year |
| 19 | Diploma in X-Ray Technician | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 20 | Diploma in Dialysis Technician | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 21 | Diploma in Emergency & Trauma Care | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 22 | Diploma in MRI Technician | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 23 | Diploma in Radiotherapy Technology | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 24 | Bachelor of Physiotherapy (BPT) | 10+2(PCB | 5 Year |
| 25 | Bachelor Operation Theater Technician (BOTT) | 10+2(PCB/PCM)) | 4 Year |
| 26 | Bachelor of Medical Radiology & Imaging Technology (BMRIT) | 10+2(PCB) | 4 Year |
| 27 | B.Sc. in Medical Laboratory Technician (BMLT/BMLS) | 10+2(PCB) | 4 Year |
| 28 | B.Sc. in Optometry (B. Optom) | 10+2(PCB/PCM) | 5 Year |
| 29 | M.Sc. in Clinical Embryology | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |
| 30 | Master of Physiotherapy (MPT) | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |
| 31 | Master in Medical Laboratory Sciences (MMLS) | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |

ROHILKHAND SCHOOL OF NURING/ROHILKHAND COLLEGE OF NURSING

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 32 | B.Sc. Nursing | 10+2 (PCB) | 4 Year |
| 33 | Post Basic B.Sc. Nursing | GNM | 2 Year |
| 34 | Nurse Practitioner in Critical Care (NPCC) (Post Graduate Residency Progam) | B.Sc. Nursing/Post Basic B.Sc. Nursing* | 2 Year |
| 35 | M.Sc. Nursing in Medical Surgical Nursing | B.Sc. Nursing/ Post Basic B.Sc. Nursing* | 2 Year |
| 36 | M.Sc. Nursing in Obsteric & Gynaecological Nursing | | 2 Year |
| 37 | M.Sc. Nursing in Child Health Nursing | | 2 Year |
| 38 | M.Sc. Nursing in Mental Health Nursing | | 2 Year |
| 39 | M.Sc. Nursing in Community Health Nursing | | 2 Year |
| 40 | GNM | 10+2 with English | 3 Year |
| 41 | ANM | 10+2 | 2 Year |

BIU COLLEGE OF MANGEMENT/HUMANITIES & JOURNALISM

| | | | |
|---|---|---|---|
| 42 | BBA | 10+2 in any Stream | 3 Year |
| 43 | BBA (H) Finance & Taxation | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 44 | BBA (H) Business Intelligence & Data Analytics | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 45 | B. Com (Honors) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 46 | BCA | 10+2 in any Stream | 3 Year |
| 47 | BCA (H) Information Technology & Multimedia | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 48 | BCA (H) Artificial Intelligence & Data Science | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 49 | BCA (H) Artificial Intelligence & Machine Lear. | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 50 | BA (Journalism/Mass Communication) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 51 | BJMC (H) Bachelor of Journalism & Mass Communication | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 52 | BMM (H) Bachelor of Mass Media | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 53 | MJMC Master of Journalism & Mass Comm. | UG Any Stream | 2 Year |
| 54 | MHA (Master in Hospital Administration) | UG Any Stream | 2 Year |
| 55 | MPH (Master in Public Health) | UG Any Stream | 2 Year |
| 56 | MBA | UG Any Stream | 2 Year |
| 57 | MCA | UG Any Stream | 3 Year |
| 58 | M. Com | UG Any Stream | 2 Year |
| 59 | MA (Political Science) | UG Any Stream | 2 Year |
| 60 | MA (Journalism) | UG Any Stream | 2 Year |
| 61 | MA (Mass Communication) | UG Any Stream | 2 Year |
| 62 | MA (English) | UG Any Stream | 2 Year |
| 63 | MA (Psychology) | UG Any Stream | 2 Year |
| 64 | MA (Sociology) | UG Any Stream | 2 Year |

FACULTY OF FORENSIC SCIENCES

| | | | |
|---|---|---|---|
| 65 | B.Sc. Forensic Sciences | 10+2 (PCM/PCB) | 3 Year |
| 66 | M.Sc Forensic Science | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |

FACULTY OF FINE ARTS

| | | | |
|---|---|---|---|
| 67 | Certificate in Photography | 10 Pass | 1 Year |
| 68 | Certificate in Cinematography | 10 Pass | 1 Year |
| 69 | Diploma in Cinematography (DIC) | 10 Pass | 2 Year |
| 70 | Diploma in Photography (DIP) | 10 Pass | 2 Year |
| 71 | Bachelor of Fine Arts (Film Making) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 72 | Bachelor of Fine Arts (Photography) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 73 | Master of Fine Arts (Photography) | UG Fine Arts | 2 Year |

Contact For More Information: 9105500202, 9105500404, Ph.: 0581-2526153

Add.: Admission Cell, Administrative Block, Bareilly International University, Rohilkhand Medical College Campus, Bareilly - 243006 (U.P.)

Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in


# मुकदमा वापस न लेने पर पीड़ित को जान से मारने की धमकी

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचार।** हत्या का मुकदमा वापस न लेने पर अभियुक्त के गुर्गे ने पीड़ित को जान से मारने की धमकी देने के साथ रंगदारी मांगी। पीड़ित द्वारा मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गई शिकायत के बाद पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू की है।

सुखधाम, ग्रीन विला सिंहपुर कछार बिठूर निवासी विशाल गुप्ता ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि उनके भाई की मई 2014 में हत्या कर दी गई थी। घटना में आरोपी राजकुमार उर्फ राजू गर्ग गत 28 मार्च को जेल से जमानत पर रिहा हुआ है। बताया कि बीती 9 अप्रैल को सुबह करीब 8:00 बजे वह चौबेपुर क्षेत्र के जादेपुर गांव स्थित डेयरी फार्म से घर वापस कर लौट रहा था, तभी रास्ते में बाबा रोड स्थित शोभन सरकार आश्रम के निकट पीछे से बाइक सवार आए दो युवकों ने उन्हें रोक लिया। बताया कि बाइक चालक हेलमेट लगाया था, जबकि पीछे बैठा युवक राजू गर्ग का साथी है।उक्त युवक ने हत्या के मुकदमे में पैरवी बंद करने का दबाव बनाया,साथ ऐसा न करने पर जान से मारने की धमकी दी। इसके अतिरिक्त राजू गर्ग की जमानत पर खर्च हुए 5 लाख रुपए मुकदमे की अगली तारीख पर कचहरी में बताए गए व्यक्ति को देने की बात कही।

बताया कि पहले भी वह मामले की शिकायत पुलिस में कर चुका है। जानकारी दी कि भाई की हत्या के बाद उनके परिवार को पुलिस से सुरक्षा मिली थी, जो कि वर्ष 2020 में हटा ली गई। हर क्षण उनकी जान माल को खतरा बना हुआ है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## टीवी मैकेनिक ने फंदा लगा दी जान

**मौदहा हमीरपुर।** कस्बे के कुम्हारौड़ा मोहल्ले में मंगलवार रात एक टीवी मैकेनिक ने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। कोतवाली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

कस्बे के वार्ड नंबर 13 कुम्हारौड़ा निवासी हरिराम (45) पुत्र रामदास टीवी मैकेनिक था। मंगलवार की रात घर में बिजली के तार का फंदा बनाकर फांसी लगा ली, जिससे उसकी मौत हो गई। सुबह मां ने देखा तो चीख-पुकार मच गई। कोतवाली प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पड़ोसियों के मुताबिक हरिराम तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था। उसकी पत्नी और बच्चे दिल्ली में रहकर मजदूरी करते हैं। वह घर में मां के साथ रहता था। अत्महत्या के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है।

**राजनीति** | कानपुर ग्रामीण सपा जिलाध्यक्ष की दौड़ तेज

# युवाओं पर दांव या अनुभवी को कमान

अभय प्रताप सिंह बिल्हौर


विनय यादव।


अर्पित यादव।


विजय यादव।


मुनींद्र शुक्ल।

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी के कानपुर ग्रामीण जिलाध्यक्ष व पूर्व विधायक मुनींद्र शुक्ल के इस्तीफे के बाद अब नए जिलाध्यक्ष को लेकर सियासी गलियारों में सुगबुगाहट तेज हो गई है। आगामी चुनाव और संगठन की मजबूती को देखते हुए पार्टी नेतृत्व कई युवा चेहरों के साथ-साथ अनुभवी नेताओं के नामों पर मंथन कर रहा है। आगामी विधानसभा चुनाव में बिठूर विधानसभा से खुद चुनाव लड़ने के लिए जिला अध्यक्ष मुनिन्द्र शुक्ल ने इस्तीफा दे दिया है।

**युवा नेतृत्व को लेकर तीन प्रमुख नाम सबसे ज्यादा चर्चा में हैं। विनय यादव:** वर्तमान में बिल्हौर विधानसभा अध्यक्ष विनय यादव की दावेदारी सबसे मजबूत मानी जा रही है। भाजपा सरकार के दौरान जिले में सपा को एकमात्र ब्लॉक प्रमुख सीट दिलाने का श्रेय उन्हें जाता है। 2024 के विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी को बड़ी संख्या मे वोट दिलाने और लोकसभा चुनाव में शानदार बूथ प्रबंधन के कारण वह अखिलेश यादव की गुड लिस्ट में शामिल हैं। इसके अलावा पंचायत चुनाव 2021 में पार्टी के लिए ब्लॉक प्रमुख की सीट जीतकर पार्टी का परचम कानपुर नगर में फहराया था

**अर्पित यादव (पार्षद, नगर निगम):** शहर की राजनीति में मुखर रहने वाले अर्पित यादव अपनी आक्रामक कार्यशैली के लिए जाने जाते हैं। महापौर के कामकाज और सरकार की नीतियों पर लगातार हमलावर रहने वाले अर्पित को पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का भरोसेमंद माना जाता है। इसके अलावा शहर में युवाओं की बड़ी टोली अर्पित यादव के साथ में है।

**विजय यादव ( अध्यक्ष, लोहिया वाहिनी):** ।महाराजपुर विधानसभा से आने वाले विजय यादव युवाओं के बीच खासे लोकप्रिय हैं। छोटे से लेकर बड़े आयोजनों में उनकी सक्रियता और बड़े नेताओं के साथ उनके बेहतर तालमेल ने उन्हें इस रेस में बरकरार रखा है। शीर्ष नेतृत्व भी उन्हें पसंद करता है।

**क्या पीडीए कार्ड खेलेगी समाजवादी पार्टी :** राजनीतिक चर्चाओं की मानें तो इस बार पार्टी गैर-यादव चेहरे पर भी दांव लगा सकती है। समाजवादी पार्टी पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) फार्मूले को जमीन पर उतारने के लिए किसी ऐसे चेहरे की तलाश में है, जो विपक्षी दलों के लिए चुनौती बन सके। यदि पार्टी इस रणनीति पर चलती है, तो पिछड़े या दलित समाज से किसी प्रभावी व्यक्ति को जिले की कमान सौंपी जा सकती है।

**सुविचार**



अर्जित की गई सफलता से बंध कर न रहें, चार कदम आगे बढ़कर दूसरों के लिये अपने पैरों के निशान छोड़ जाइये।

\- संत प्रवर चंद्रप्रभ

**कानपुर के प्रमुख समाचार**

- एक सप्ताह में स्मार्ट मीटर की समस्याएं दूर करें -VI
- एलीवेटेड रोड को रेलवे की ड्राइंग का इंतजार -VII
- सीएसजेएमयू में योग पाठ्यक्रम में प्रवेश शुरू -VIII

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS
• MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

# शहर के कूड़े से सीयूजीएल बनाएगा गैस

## भाऊसिंह पनकी डंप में खत्म होगा कूड़े का पहाड़, नगर निगम कार्यकारिणी ने पास किया इसका प्रस्ताव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नगर निगम सीयूजीएल के साथ मिलकर शहर से रोज निकलने वाले लगभग 1350 मीट्रिक टन कूड़े से 25 हजार किलो सीएनजी गैस बनाएगा। इस परियोजना से भाऊसिंह पनकी स्थित डंप में कूड़े का पहाड़ खत्म होगा। बुधवार को नगर निगम की कार्यकारिणी बैठक में यह प्रस्ताव पास करते हुए कहा गया कि इस कदम से भाऊसिंह डंप में अभी एकत्र लगभग 12.75 लाख घन मीटर कूड़ा खत्म किया जा सकेगा। इस परियोजना से न केवल शहर को स्वच्छ रखने में मदद मिलेगी, बल्कि नगर निगम का कूड़ा निस्तारण का खर्च भी बचेगा। अब इस प्रस्ताव पर 11 मई को होने वाले सदन में अंतिम मुहर लगाई जाएगी।

शहर में प्रतिदिन 1350 मीट्रिक टन कूड़ा निकलता है, इसे भाऊसिंह पनकी स्थित प्लांट में भेजा जाता है। वर्तमान में भाऊसिंह पनकी स्थित डंप में 12.75 लाख घन मीटर कूड़ा एकत्र हो चुका है। कूड़े के इस पहाड़ का निस्तारण नहीं होने से तमाम समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। इसे देखते हुए ही बुधवार को नगर निगम मुख्यालय में आयोजित कार्यकारिणी की बैठक में शहर से निकलने वाले कूड़े से सीएनजी गैस बनाने के सीयूजीएल के प्रस्ताव को हरी झंडी दिखा दी गई।

**प्लांट पर सीयूजीएल खर्च करेगा 15 करोड़, निगम देगा 10 एकड़ जमीनः** सीयूजीएल प्लांट लगाने के लिए करीब 15 करोड़ रुपये खर्च करेगा। नगर निगम सीयूजीएल को प्लांट लगाने के लिए भाऊसिंह पनकी में दस एकड़ जमीन देगा। सीयूजीएल ने प्लांट निर्माण के लिए फिजिबिलिटी जांच करा ली है। कूड़े से निकलने वाली गैस से रोज करीब चार हजार कार चल सकेंगी। एक कार में आठ किलो गैस आती है। कूड़े से रोज 25 हजार किलो से ज्यादा सीएनजी बनेगी। कूड़े से बनने वाली इस बायो-सीएनजी का उपयोग घरों में पाइपलाइन के माध्यम से पीएनजी के रूप में भी किया जा सकेगा। सीयूजीएल गैस बनाकर पाइप के माध्यम से घरों तक पहुंचाएगा।

**लोगों को सस्ती व सुलभ दर पर मिलेगी गैस, खत्म होगा संकट :** महापौर प्रमिला पांडेय ने बताया कि परियोजना से उत्पादित गैस लोगों को सस्ती व सुलभ दरों पर उपलब्ध कराई जाएगी, इसमें कम्पनी को कोई अतिरिक्त वित्तीय लाभ प्राप्त नहीं होगा। नगर निगम का सीयूजीएल के साथ एग्रीमेंट हो गया है। कार्यकारिणी की बैठक में मोहर लगने के बाद प्रस्ताव अब 11 मई को सदन में पास किया जाएगा। वर्तमान में शहर में कई क्षेत्रों में लोग सिलिंडर के लिए परेशान हैं, कूड़े से गैस बनने पर तमाम लोगों की सिलिंडर पर निर्भता कम होगी और एजेंसियों के बाहर लाइन नहीं लगानी पड़ेगी।

**भारतीय मजदूर संघ के नाम पर होगा शहर का एक प्रमुख चौराहाः** कार्यकारिणी ने चौराहों के नामकरण का प्रस्ताव भी पास कर दिया। भारतीय मजदूर संघ के नाम पर परेड, लाल इमली, फजलगंज या दादा नगर चौराहा में से किसी एक का नामकरण किया जाएगा।

वार्ड 54 विनायकपुर क्षेत्र में केशवपुरम के सामने स्थित पार्क का नाम कपिल वाटिका करने संबंधी प्रस्ताव और छपेड़ा चौराहे का नाम बदलकर सुभाष चौक करने पर भी सहमति जताई गई है। महापौर ने कहा कि आवेदन आने पर उन चौराहों व पार्कों के नाम भी बदले जाएंगे, जिनका कोई नाम न रखा गया हो और क्षेत्र के लोगों को अपत्ति न हो।



बैठक करतीं महापौर प्रमिला पांडेय और नगर आयुक्त अर्पित उपाध्याय। अमृत विचार

**12.75** लाख घन मीटर कूड़ा एकत्र है भाऊसिंह पनकी डंप में

**1350** मीट्रिक टन कूड़ा शहर से रोज सफाई में निकलता है

**25** हजार किलो सीएनजी गैस का रोज के कूड़े से होगा उत्पादन

**04** हजार कारें रोज निकलने वाले कूड़े की गैस से चलायी जा सकेंगी

### सब्सिडी मिलने पर नगर निगम के खाते में जमा होगी

- नगर निगम ने इस परियोजना के संचालन में यह शर्त रखी है कि यदि केंद्र सरकार या राज्य सरकार से किसी प्रकार की सब्सिडी मिलती है, तो वह नगर निगम के खाते में जमा कराई जाएगी। एग्रीमेंट केवल कानपुर नगर निगम व सीयूजीएल के माध्य है, किसी भी प्रकार का त्रिपक्षीय अनुबन्ध प्रस्तावित नहीं होगा।

### आवंटित भूमि पर सीयूजीएल होगा केवल पट्टेदार

- प्रस्तावित परियोजना के लिए आवंटित भूमि पर सीयूजीएल केवल पट्टेदार के रूप में अधिकार रखेगा। कंपनी भूमि को किसी भी प्रकार से बंधक, ट्रांसफर, भूमि के विधिक स्वरूप या स्वामित्व में किसी प्रकार का परिवर्तन नहीं कर सकेगी। इसके साथ ही कुल परियोजना लागत का 10 प्रतिशत बैंक गारंटी के रूप में सीयूजीएल को प्रस्तुत करना होगा।

# विदेश में नौकरी लगवाने के नाम पर 11 लाख ठगे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- दो लाख लौटाने के बाद गाली गलौज कर दी जान की धमकी
- माल्टा देश में तीन लाख रुपये प्रतिमाह वेतन का दिया झांसा

**अमृत विचार।** चकेरी में शातिर ने विदेश में नौकरी लगवाने के नाम पर 11 लाख रुपये की ठगी कर ली। कई माह इंतजार के बाद जब नौकरी नहीं लगी तो पीड़ित ने रुपयों का तकादा किया। दबाव बनाने पर आरोपी ने दो लाख रुपये लौटा दिए, बाकी रकम मांगने पर गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी दी। इस पर पीड़ित ने पुलिस कमिश्नर से गुहार लगाई। उनके आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

मंगला विहार फर्स्ट निवासी सूरज कुशवाहा के अनुसार सितंबर 2023 में उनकी मुलाकात कृष्णानगर के बलविंदर सिंह उर्फ सोनू के माध्यम से इटावा के रहने वाले प्रभात कुमार गौड़ से हुई थी। प्रभात ने अपने साथी गोविंद, गोविंद की पत्नी, रोहित के साथ मिलकर उसे विदेश में नौकरी लगवाने का झांसा दिया। आरोपी ने लखनऊ स्थित अपने कार्यालय का पता देकर माल्टा देश में तीन लाख रुपये प्रतिमाह वेतन पर ड्राइवर की नौकरी लगवाने का लालच दिया था। आरोपी प्रभात ने विदेश भिजवाने व उसके लिए प्रक्रिया के नाम पर 10-10 हजार रुपये लिए। पीड़ित के अनुसार अलग-अलग तारीखों में पैसे लेते रहे। उसने अपनी कार पर 7.5 लाख रुपये का लोन लेकर रकम जुटाई और नकद व ऑनलाइन माध्यम से आरोपियों को पैसे दिए। इसके बाद फर्जी ज्वाइनिंग और फ्लाइट टिकट दिखाकर दो लाख रुपये और वसूले। नौकरी नहीं लगने पर जब पीड़ित ने पैसे वापस मांगे तो आरोपियों ने गाली-गलौज कर धमकी दी। गोविंद व उसकी पत्नी ने घर बुलाकर छेड़छाड़ और दुष्कर्म के झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। पीड़ित सूरज ने बताया कि दबाव बनाने पर आरोपियों ने दो लाख रुपये वापस किए। उसके बाद तकादा करने पर जान की धमकी दी। थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्र ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### घंटाघर के होटल में छापा, दुर्लभ कछुए बरामद

**कानपुर।** वन विभाग की टीम ने घंटाघर स्थित जय सियाराम होटल में छापा मारा और दो दुर्लभ कछुए बरामद किये। वन विभाग अधिकारी ने वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत होटल संचालक पर एफआईआर दर्ज करायी है। बुधवार को वन विभाग की टीम ने घंटाघर स्थित होटल में छापा मारा तो हड़कंप मच गया। अधिकारियों ने दुर्लभ कछुओं को कब्जे में ले लिया है। घटना के दौरान मौका पाकर होटल का जिम्मेदार पंकज गुप्ता फरार हो गया। वन विभाग की टीम मामले की जांच कर रही है कि ये दुर्लभ कछुए कहां से आए और होटल में कैसे पहुंचे।

## सिटी ब्रीफ

### दलहन अनुसंधान का रेलवे गेट टूटा, जाम

**कानपुर।** कल्याणपुर के पास दलहन अनुसंधान केंद्र स्थित रेलवे क्रासिंग को सुबह 10 .20 बजे एक वाहन ने टक्कर मारकर तोड़ दिया। जिससे जीटी रोड पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। बुधवार को फर्रुखाबाद से अनवरगंज की ओर ट्रेन आ रही थी, तभी फर्रुखाबाद रेलमार्ग पर पड़ने वाली दलहन अनुसंधान केंद्र का गेट गेटमैन ने बंद किया। ट्रेन गुजरने के बाद रेलवे क्रासिंग के गेट पर वाहन ने टक्कर मार दी जिससे गेट टूट गया। घटना के चलते काफी देर तक गेट नहीं खुल सका जिससे आवास विकास की ओर अनुसंधान रेलवे क्रासिंग पर निकलने वाला यातायात फंसा रहा जबकि दूसरी ओर जीटी रोड पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।

### बिजली रही गुल

**कानपुर।** केस्को के अंतर्गत पनकी उपकेंद्र के सुंदर नगर व पनकी थाना फीडरों की बिजली बुधवार सुबह 10 बजे से दोपहर करीब दो बजे तक गुल रही। बिठूर के बाद सिंहपुर में एचटी लाइन डालने की वजह से दोपहर करीब एक बजे से शाम को साढ़े चार बजे तक बिजली नहीं रही, जिसकी वजह से संबंधित क्षेत्र के लोगों को गर्मी में परेशानी का सामना करना पड़ा।

### यहां यहां नहीं आएगी बिजली



**कानपुर।** शहर के स्वराज नगर व आलीशान में गुरुवार को सुबह आठ बजे से 11 बजे तक, सर्वोदय नगर, लाजपत नगर व रंजीत नगर में सुबह 10 बजे से डेढ़ बजे तक और गीता बाजार व सेंट्रल पार्क में बिजली सुबह साढ़े 10 बजे से दोपहर दो बजे तक बिजली नहीं रहेगी। इसके अलावा आचार्य नगर में बिजली सुबह 10 बजे से शाम को साढ़े चार बजे तक व सिंहपुर में सुबह साढ़े 11 बजे से दोपहर साढ़े तीन बजे तक बिजली गुल रहेगी।

### बिजली चोर पकड़े

**कानपुर।** केस्को की विजिलेंस टीम ने बुधवार को आरपीएच ओल्ड व जरीबचौकी उपकेंद्र में बिजली चोरी रोको अभियान चलाया। केस्को मीडिया प्रभारी देवेंद्र वर्मा के मुताबिक टीम ने चमनगंज में ताहिर, रामबाग में नरेश चंद्र त्रिपाठी, पनकी बी ब्लाक सकलदीप टॉवर में रजोल और गोविंद नगर में गुलशन कुमार को बिजली चोरी करते पकड़ा और सभी पर एफआईआर दर्ज कराई।





एनआईआर में जागरुकता अभियान चलाया। अमृत विचार

# एनआरआई सिटी में जनगणना जागरूकता के लिए रैली

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बुधवार को जनगणना जागरूकता अभियान की शुरुआत मैनावती मार्ग स्थित एनआरआई सिटी में शिविर लगाकर की गई। जिसमें स्थानीय नागरिकों को जनगणना के महत्व और स्वगणना प्रक्रिया की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने लोगों से संवाद कर उन्हें ऑनलाइन स्वगणना की सुविधा के बारे में विस्तार से बताया।

तहसीलदार सदर विनय द्विवेदी ने बताया कि नागरिकों को बताया गया कि 7 मई से 21 मई तक लोग स्वयं स्वगणना पोर्टल पर जाकर अपने परिवार और मकान से संबंधित जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगे।

मोबाइल नंबर और ओटीपी के माध्यम से लॉगिन, परिवार का विवरण भरने और एसई आईडी प्राप्त करने की पूरी प्रक्रिया भी समझाया। जनगणना को लेकर ग्रामीण क्षेत्र में भी जनजागरूकता अभियान चलाया गया। ग्राम पंचायत कटरी ख्योरा के प्राथमिक विद्यालय बनियापुरवा में छात्र-छात्राओं ने जनगणना जागरूकता रैली निकाली।

# हूटर उतारने पर भड़कीं युवतियां दरोगा को काटा

**कल्याणपुर।** एसयूवी कार से हूटर उतारने पर भड़कीं युवतियों ने थाने में जमकर हंगामा किया। महिला दरोगा के हस्तक्षेप करने पर युवतियों ने उसके हाथ में काट लिया। महिला दरोगा की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने युवतियों के खिलाफ कार्रवाई की है। कल्याणपुर पनकी रोड निवासी दिवंगत भाजपा नेत्री की बेटी रिचा शुक्ला बहन त्रिचा शुक्ला के साथ अपनी एसयूवी से जा रही थीं। कल्याणपुर क्रॉसिंग के पास हूटर लगी एसयूवी देख पुलिस ने गाड़ी रुकवा ली। हूटर उतारने की बात पर भड़की बहनें पुलिस से भिड़ गईं। इस पर पुलिस ने गाड़ी थाने लाकर उसे सीज कर दिया। इस दौरान बहनों ने पुलिस से चाभी छीनने का प्रयास किया तो पास में खड़ी महिला दरोगा अल्का सिंह ने उन्हे पकड़ लिया। इस पर बहनों ने महिला दरोगा के हाथ पर काट लिया। कल्याणपुर थाना प्रभारी ने बताया कि महिला दरोगा की तहरीर पर मारपीट, अभद्रता सहित अन्य धाराओं में मुकदमा लिखा है।

# गैंगरेप-हत्या के आरोपियों के घर चला बुलडोजर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बिधनू के एक गांव में 11 साल की बच्ची के साथ सामूहिक दुष्कर्म और हत्या के चर्चित मामले में बुधवार को न्यायालय के आदेश और जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह के निर्देश पर राजस्व एवं प्रशासनिक टीम ने मौके पर पहुंचकर बड़ी कार्रवाई करते हुए आरोपितों के घर बुलडोजर चला दिया। पुलिस बल के साथ तहसीलदार ने 13 विस्वा ग्राम समाज की जमीन पर बने आरोपितों के भवन को धराशायी करके कब्जा मुक्त जमीन ग्राम पंचायत के सुपुर्द कर दी।

16 मार्च को 11 वर्षीय बालिका घर के पास स्थित खेत में बकरी चरा रही थी। इसी दौरान पड़ोसी गांव निवासी गणेश शंकर बेड़िया का छोटा बेटा शनि उसे अगवा कर ले गया था। इसके बाद उसने ने सगे भाइयों कमल व आशीष के साथ मिलकर बालिका के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया था। बालिका के चीखने पर तीनों ने उसकी गला दबाकर हत्या कर दी थी। इसके बाद देर रात पिता गणेश शंकर की मदद से 500 मीटर दूर झाड़ियों के पीछे गेहूं के खेत में बालिका का शव दफना दिया था। इस घटना में पुलिस ने चारों आरोपितों को जेल भेजा था। वहीं वारदात के 48 घंटे के भीतर पुलिस ने मुठभेड़ में मुख्य आरोपित शनि को पैर पर गोली मारकर गिरफ्तार किया था। जिलाधिकारी के निर्देश पर आरोपितों के अवैध कब्जों की रिपोर्ट तैयार करके न्यायालय में पेश की गई थी। बुधवार को न्यायालय के आदेश पर पुलिस बल समेत गांव पहुंचे नयाब तहसीलदार राजेश तिवारी, आरआई रामभवन सिंह, लेखपाल कल्पना सिंह ने ग्राम समाज की 13 विस्वा जमीन पर बने ट्यूबवेल समेत घर को बुलडोजर से जमीदोज कर दिया। कब्जा मुक्त हुई जमीन को ग्राम प्रधान मुनेश कुमार सुपुर्द कर दिया। थाना प्रभारी तेज बहादुर सिंह ने बताया न्यायालय के आदेश पर आरोपितों के अवैध कब्जों को गिराया गया है।

ग्राम समाज की सार्वजनिक उपयोग की भूमि पर आरोपितों के अवैध कब्जे की शिकायत मिलने के बाद राजस्व विभाग से जांच कराई गई थी। जांच में गाटा संख्या 672 रकबा 0.1330 हेक्टेयर पर अवैध अतिक्रमण की पुष्टि हुई थी। मामले में तहसीलदार न्यायिक न्यायालय में वाद चलाया गया, जिसमें विपक्षी गणेश शंकर बेड़िया पुत्र रामकरन बेड़िया को नोटिस जारी कर पक्ष रखने का अवसर दिया गया। स्थलीय निरीक्षण, राजस्व अभिलेखों और उपलब्ध साक्ष्यों के परीक्षण के बाद न्यायालय ने पाया कि संबंधित भूमि सार्वजनिक उपयोग की श्रेणी में दर्ज है तथा उस पर अवैध कब्जा किया गया है। इसके बाद उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता-2006 की धारा-67 के अंतर्गत बेदखली का आदेश पारित किया गया। तहसीलदार न्यायिक न्यायालय द्वारा जारी आदेश में आरोपी पर 1,34,240 रुपये की क्षतिपूर्ति भी आरोपित की गई है। आदेश में कहा गया है कि निर्धारित धनराशि की नियमानुसार वसूली की जाएगी।





जेसीबी से मकान ध्वस्त किया गया। अमृत विचार

- ग्राम समाज की जमीन पर अवैध कब्जा करके बनाया गया था आवास
- धारा-67 के तहत बेदखली और 1.34 लाख रुपये की क्षतिपूर्ति भी ली जाएगी

**समस्या** — अमौसी एयरपोर्ट पहुंचना आसान होने से विमान यात्रियों का लोड और घट सकता

# लखनऊ एक्सप्रेसवे से शहर की 'उड़ान' पर ग्रहण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर।

**अमृत विचार।** कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेसवे के इसी माह के अंत तक यातायात के लिए खोले जाने की संभावना से शहर की 'उड़ान' खतरे में पड़ सकती है। सीमित उड़ानों के कारण नया टर्मिनल बनने के बाद भी शहर पहले ही फ्लाइट कनेक्टिविटी की समस्या से जूझ रहा है। ऐसे में जब अधिकतम सवा से डेढ़ घंटे में अमौसी एयरपोर्ट पहुंचने की सुविधा उपलब्ध मिलेगी, तो शहर से विमान यात्रियों का जो 30 फीसदी लोड अभी अमौसी से उड़ान लेना पसंद करता है, उसका आंकड़ा 50 से 60 फीसदी तक पहुंच सकता है।

कानपुर से लखनऊ का अमौसी एयरपोर्ट लगभग 70 किमी दूर है। प्रदेश की राजधानी और इंटरनेशनल एयरपोर्ट होने के कारण अधिकतर बड़ी एयरलाइंस अमौसी को बड़े हब के रूप में देखती हैं और वहीं से अपनी सेवाएं संचालित करती हैं। इस कारण शहर के विमान यात्रियों को प्रमुख शहरों के लिए नियमित रूप से कई उड़ानों की सुविधा मिल जाती है। इसके मुकाबले चकेरी एयरपोर्ट के नए टर्मिनल से केवल इंडिगो एयरलाइंस ही दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरू और हैदराबाद के लिए सीमित उड़ानों का संचालन करती है। लेकिन यह उड़ानें भी नियमित नहीं हैं, हैदराबाद और बेंगलुरु की उड़ान सप्ताह मे तीन दिन है, जबकि दिल्ली, मुंबई की फ्लाइट डेली है, लेकिन अक्सर मुंबई की फ्लाइट कानपुर आती है, फिर यहां से दिल्ली जाकर वापस कानपुर आती है और मुंबई के लिए उड़ान भरती है। हालांकि नए टर्मिनल के उद्घाटन पर केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कानपुर से एक दर्जन प्रमुख शहरों के लिए जल्दी ही फ्लाइट शुरू होने का भरोसा दिलाया था, लेकिन ढाई वर्ष बीतने के बाद भी यह वादा हवा-हवाई जैसा ही साबित हुआ है।



- चकेरी एयरपोर्ट से सीमित और अनियमित विमान सेवा पहले ही परेशानी का कारण
- शहर से केवल इंडिगो की सेवा ही, जबकि लखनऊ से प्रमुख शहरों की कई उड़ानें

### सड़कें खराब, जीटीरोड व रामादेवी चौराहे पर जाम

- शहर से चकेरी एयरपोर्ट की कनेक्टिविटी भी बहुत सुगम नहीं है। सड़कें खराब हैं और जीटी रोड तथा रामादेवी चौराहे पर यात्रियों को जाम में फंसना पड़ता है। इसके चलते अधिकतर यात्री बोर्डिंग टाइम से डेढ़ से दो घंटे पहले तक घर से निकलते हैं। ऐसे में कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेसवे शुरू होने पर इतने ही समय में यात्री आसानी से अमौसी एयरपोर्ट पहुंच सकेंगे, जहां निश्चित समय सारिणी के साथ कई उड़ानों की सुविधा उपलब्ध होने से अधिक सुगमता होगी।

### क्या बोले जिम्मेदार

- शहर के सांसद रमेश अवस्थी का कहना है कि कानपुर से अहमदाबाद, कोलकाता की फ्लाइट प्रस्तावित है, जल्द ही उड़ान शुरु होगी। उधर, कानपुर एयरपोर्ट के निदेशक प्रदीप यादव का कहना है कि जेवर एयरपोर्ट समेत कई स्थानों के लिए कानपुर से जल्द ही उड़ानें शुरु की जाएंगी।

### केरल में जीत पर कांग्रेसियों ने बांटी मिठाई

**कानपुर।** केरल विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत पर कानपुर महानगर कांग्रेस के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी साझा की और पार्टी नेतृत्व को बधाई दी। साथ ही प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के स्वस्थ होकर लौटने पर भी खुशी जताई गई। कानपुर महानगर कांग्रेस के अध्यक्ष पवन गुप्ता ने कहा कि केरल में कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ की यह जीत ऐतिहासिक है और करीब 10 वर्षों बाद सत्ता में वापसी हुई है। उन्होंने कहा कि केरल की जनता ने कांग्रेस की नीतियों, विकास कार्यों और जनहितकारी सोच पर भरोसा जताया है। तिलक हाल में आयोजित कार्यक्रम में नेताओं और कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर संगठन को और मजबूत करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रतिभा अटल पाल, राजेश गौतम, इकबाल अहमद, शंकर दत्त मिश्रा, पदम मोहन मिश्रा, धर्मेंद्र सिंह, जावेद उस्मानी, राकेश साहू, राम शंकर राय, शीलू श्रीवास्तव, विनोद अवस्थी आदि थे।



सिटी ब्रीफ

## एंबुलेंस बैक होने से चालक की दबकर मौत

**कानपुर।** कैंट में डिग्गी से सामान उतारते समय हैंडब्रेक न लगा होने से एंबुलेंस अचानक बैक हो गई। जिसके नीचे दबकर एयरफोर्स कर्मी की मौत हो गई। मृतक एंबुलेंस चालक था और एक साल पहले ही ट्रांसफर होकर आया था। सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। मूलरूप से अंबेडकरनगर टांडा जमालपुर निवासी 37 वर्षीय विकास एयरफोर्स में एंबुलेंस चालक था। परिवार में पत्नी अंकिता है। विकास कैंट में मिले सरकारी आवास में रहता था। चचेरे भाई सौरभ ने बताया कि वह सालभर पहले ही तबादले पर यहां आया था। बुधवार सुबह वह एंबुलेंस से सामान निकाला रहा था, तभी हैंडब्रेक न लगा होने के कारण अचानक एंबुलेंस पीछे की तरफ चलने लगी। जिससे विकास एंबुलेंस के नीचे दब गया। उसे तत्काल अस्पताल भिजवाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने हादसे की खबर परिजनों को दी।

## लोडर की टक्कर से युवती की जान गई

**कानपुर।** महाराजपुर में नित्यक्रिया के लिए खेत की तरफ जा रही युवती को लोडर ने टक्कर मार दी। परिजन उसे अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। हाथीपुर निवासी ब्रिजमोहन गुप्ता की 22 वर्षीय बेटी आरती सुरजन सिंह इंटर कालेज से कक्षा आठ की छात्रा थी। परिजनों ने बताया कि आरती बुधवार सुबह छह बजे नित्यक्रिया के लिए घर से खेतों की तरफ जा रही थी, तभी सड़क पार करते समय निकले तेज गति लोडर ने उसे टक्कर मार दी। परिजन आरती को अस्पताल ले गए, डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

# एक सप्ताह के अंदर स्मार्ट मीटर की समस्याएं दूर करें: प्रभारी मंत्री

## किरायेदारों का सत्यापन अनिवार्य किया जाए, ड्रोन संचालकों का भी लेखा-जोखा रखें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



नवीन सभागार में बैठक करते प्रभारी मंत्री योगेंद्र उपाध्याय। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मंत्री उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार एवं जनपद के प्रभारी मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने अफसरों को निर्देश दिये हैं कि प्रीपेड स्मार्ट मीटरों से जुड़ी शिकायतों का निस्तारण करते हुए नियमानुसार उन्हें पोस्टपेड व्यवस्था में परिवर्तित करने की कार्यवाही एक सप्ताह के भीतर सुनिश्चित करें।

बुधवार को सरसैयाघाट स्थित नवीन सभागार में प्रभारी मंत्री ने विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक की जिसमें बिजली व्यवस्था, कानून व्यवस्था, लंबित विवेचनाओं और प्रमुख विकास परियोजनाओं को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए। विकास कार्यों में देरी पर नाराजगी जताते हुए जिम्मेदार अधिकारियों को चेतावनी भी दी गई। मंत्री ने कहा कि गर्मियों में जनता को बिजली संबंधी समस्याओं से राहत मिलनी चाहिए। खराब ट्रांसफार्मरों को तत्काल बदलें और विद्युत आपूर्ति से जुड़ी शिकायतों के समयबद्ध समाधान करें। उन्होंने केस्को की केंद्रीकृत व्यवस्था के स्थान पर सभी विद्युत उपकेंद्रों पर शिकायत निस्तारण केंद्र स्थापित करने पर जोर दिया, जिससे लोगों को स्थानीय स्तर पर ही राहत मिल सके। बैठक में महापौर प्रमिला पांडेय, सांसद रमेश अवस्थी, जिला पंचायत अध्यक्ष स्वप्निल वरुण, विधायक महेश त्रिवेदी, विधायक नीलिमा कटियार, विधायक सरोज कुरील, विधायक सुरेंद्र मैथानी, जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह, ज्वाइंट सीपी संकल्प शर्मा, मुख्य विकास अधिकारी अभिनव जैन, नगर आयुक्त अर्पित उपाध्याय, केडीए उपाध्यक्ष समेत संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

- सभी विद्युत उपकेंद्रों पर शिकायत निस्तारण केंद्र स्थापित करें
- प्रभारी मंत्री योगेंद्र उपाध्याय की समीक्षा बैठक, अफसरों को निर्देश

### सरकारी हॉस्पिटल में डॉक्टरों की ओपीडी की मानीटरिंग करें

- मंत्री ने निर्देशित किया कि जनपद के सभी सरकारी चिकित्सालय में तैनात चिकित्सकों की औसत ओपीडी देखी जाए जिससे पता चल सके कि कौन सा डॉक्टर काम कर रहा है और कौन सा नहीं। सरकारी डॉक्टर किसी भी दशा में अपना निजी अस्पताल संचालित ना करें। यदि ऐसा प्रकरण संज्ञान में आएगा तो सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### मकान मालिक किरायेदारों का सत्यापन कराएं

- प्रभारी मंत्री ने स्पष्ट कहा कि सभी मकान मालिक अपने किरायेदारों का अनिवार्य रूप से पुलिस सत्यापन कराएं। उन्होंने महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए गर्ल्स कॉलेज, छात्रावास और अन्य संवेदनशील स्थलों पर पुलिस की प्रभावी मौजूदगी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एंटी रोमियो स्क्वायड को अधिक सक्रियता से कार्य करने के लिए निर्देशित किया। साथ ही वर्ष 2025 से पूर्व लंबित मामलों की विवेचना शीघ्र पूरी करें।

# नौ मीटर सड़क, साढ़े आठ मीटर फुटपाथ

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- महापौर ने सीएम ग्रिड की कार्ययोजना की तलब, नगर आयुक्त से की बात
- ग्रीन पार्क चौराहे से परेड होते हुए घंटाघर तक सड़क निर्माण में देखी अराजकता

**अमृत विचार।** शहर में सीएम ग्रिड के तहत 13 सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। बुधवार को जब महापौर प्रमिला पांडेय ने बन रही सड़कों का निरीक्षण कर नापजोख कराई तो नौ मीटर सड़क और साढ़े आठ मीटर का फुटपाथ बना मिला, जिसपर महापौर ने नाराजगी जताई और सीएम ग्रिड की कार्ययोजना तलब की, साथ ही मौके पर नगर आयुक्त से फोन पर वार्ता की।

शहर में सीएम ग्रिड योजना के तहत ग्रीन पार्क चौराहे से परेड होते हुए घंटाघर तक 2.85 किलोमीटर सड़क का निर्माण 21.58 करोड़ से कोनार्क एसोसिएट कंपनी द्वारा किया जा रहा है। निर्माण कार्य के तहत ग्रीन पार्क चौराहे से परेड तक सड़क के दोनों तरफ साढे. आठ मीटर फुटपाथ बनाये जा रहे हैं, जबकि सड़क की चौड़ाई मात्र नौ मीटर है। जानकारी पर महापौर प्रमिला पांडेय बुधवार सुबह अभियंत्रण विभाग की टीम को लेकर ग्रीनपार्क चौराहा पहुंचीं।

उन्होंने सड़क और फुटपाथ दोनों की नापजोख कराई। नापजोख में दोनों तरफ फुटपाथ की चौड़ाई साढ़े आठ मीटर मिली। इसपर महापौर ने कहा कि इस रोड पर स्कूल भी है, अगर एक साथ दो स्कूलों की बसें निकलेंगी तो जाम लगेगा। जबकि सीएम ग्रिड के तहत सड़क बनाने का उद्देश्य जाम से छुटकारा दिलाना है। ऐसी सीएम ग्रिड सड़क बनाने से क्या फायदा। वहीं, महापौर को निरीक्षण के समय आधे से ज्यादा फुटपाथ पर लोगों द्वारा कब्जा भी मिला, जिसपर उन्होंने नाराजगी जताई।

### महापौर ने नगर आयुक्त को मौके पर ही मिलाया फोन

- महापौर ने सीएम ग्रिड की सड़क की हालत देखते हुए कहा कि जब अभी यह स्थिति है तो आगे क्या होगा, फुटपाथ पर कब्जे न हो, इसके लिये क्या योजना बनाई है। ऐसे तो सड़क बन जाने से जाम से निजात बिल्कुल नहीं मिलेगी। महापौर ने मौके से ही नगर आयुक्त अर्पित उपाध्याय से मोबाइल पर बात की और सीएम ग्रिड की कार्ययोजना तलब की।

## तीन बार बैठक में उठी दादानगर सड़क

**कानपुर।** जिलाधिकारी के साथ उद्यमियों की पिछली बैठकों में तीन बार दादानगर-विजय नगर रोड की बदहाली का मुद्दा उठ चुका है लेकिन जिलाधिकारी के आश्वासन के अलावा जनता को कुछ नहीं मिला। डेढ़ साल से यह सड़क टूटी पड़ी है।रोजाना दो लाख से ज्यादा लोगों का इस सड़क से आवागमन है। मेट्रो के काम के कारण सड़क जगह-जगह टूट गई है और ऊबड़-खाबड़ भी है जिसमें चार पहिया वाहन भी फंस जाते हैं।

# मामूली विवाद में दबंगों ने पीटा, मोबाइल छीना

**कानपुर।** चकेरी के आरोपी ने मामूली विवाद में भाई-बहन को पीटा दिया। काशीराम कॉलोनी निवासी महादेव गुप्ता ने दी तहरीर में बताया कि तीन मई की दोपहर घर के सामने रहने वाले निक्की, प्रियांशु, प्रिंस, दीपक, आदित्य का उनसे मामूली विवाद हो गया था।

इसी दौरान आरोपी गाली-गलौज करने लगा। विरोध पर उनकों और उनके बेटे, बेटियों को पीटने लगा। धक्का-मुक्की करने के दौरान उनकी बेटी की चेन गिर गई। वहीं बेटे अमन के वीडियो बनाने पर आरोपियों ने उसका फोन भी छीन लिया। पीड़ित के अनुसार आरोपियों का कोर्ट में मामला चल रहा है। जिसमें एक आरोपी सजायाफ्ता भी है। थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्र ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

# सीएम ग्रिड सड़क: धूल, गड्ढों और जाम से जूझ रहे लोग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सड़क का निर्माण 28 करोड़ रुपये की लागत से कराया जा रहा पर लोग बेहाल

**अमृत विचार।** शहर के प्रमुख मार्ग घंटाघर से परेड चौराहा होते हुए ग्रीन पार्क चौराहा तक सीएम ग्रिड योजना के तहत बन रही सड़क स्थानीय निवासियों और दुकानदारों के लिए भारी मुसीबत बन गई है। करीब 2.85 किलोमीटर लंबी इस सड़क का निर्माण 28 करोड़ रुपये की लागत से कराया जा रहा है, लेकिन निर्माण कार्य के दौरान फैली अव्यवस्था ने लोगों का जीना दूभर कर दिया है।

सड़क पर जगह-जगह खुदाई के कारण गहरे गड्ढे बने हुए हैं, जिनसे राहगीरों और वाहन चालकों को लगातार परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, दिनभर उड़ती धूल से आसपास के दुकानदारों और स्थानीय लोगों का स्वास्थ्य भी प्रभावित हो रहा है। धूल के कारण दुकानें चलाना मुश्किल हो गया है और ग्राहक भी कम आ रहे हैं। स्थिति और गंभीर तब हो जाती है जब सड़क के एक हिस्से पर सीवर पाइप डालकर रास्ता आंशिक रूप से बंद कर दिया गया है। इससे दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण कार्य की धीमी गति और अव्यवस्थित प्रबंधन ने उनकी परेशानियां बढ़ा दी हैं। प्रशासन के मुताबिक सड़क निर्माण कार्य जुलाई माह तक पूरा किया जाना है।



सड़क निर्माण के दौरान खुदा पड़ा गड्ढा। अमृत विचार



"सीवर लाइन के लिए सड़क खोद दी गई है, जिससे दुकान तक पहुंचना ही मुश्किल हो गया है। ग्राहक नहीं आ रहे हैं और दुकानदारी लगातार गिर रही है।

– अनिल चौरसिया, दुकानदार



सड़क की हालत बेहद खराब है। दिनभर धूल उड़ती रहती है, जिसके कारण दुकान में रुमाल बांधकर बैठना पड़ता है। इसका असर हमारी बिक्री पर पड़ रहा है।

– फरानउद्दीन, दुकानदार



सड़क खोदकर छोड़ दी गई है। मेरी दुकान में रखे कपड़े धूल से खराब हो रहे हैं, जिससे नुकसान उठाना पड़ रहा है। दुकान के बाहर खुले में तार है कभी भी हादसा हो सकता है।

– रमन भसीन, दुकानदार



हर जगह गड्ढे हैं और सड़क पर चलना भी मुश्किल हो गया है। घर से निकलते ही धूल और जाम का सामना करना पड़ता है, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है।"

– नदीम खान, नई सड़क

## गुजैनी में बाइक सवारों ने युवती का बैग लूटा

- पिता संग बाइक से फजलगंज बस स्टैंड जा रही थी युवती

**कानपुर।** गुजैनी में मंगलवार रात एयरफोर्स कर्मी की बेटी से झपट्टा मारकर बाइक सवार लुटेरे ने उसका बैग छीन लिया। वह एयरफोर्स कर्मी पिता के साथ बाइक से फजलगंज बस स्टैंड जा रही थी। लुटेरे बैग लूटने के बाद बाइक भागकर फरार हो गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की है।

रविदासपुरम नई कालोनी निवासी अजय कुमार एयरफोर्स कर्मी हैं। अजय के अनुसार वह बेटी आकांक्षा को बाइक से लेकर फजलगंज बस स्टैंड जा रहे थे। वह गुजैनी स्थित न्यू सिटी हॉस्पिटल के पास पहुंचे थे, तभी पीछे से काले रंग की बाइक पर दो युवक आए। बाइक बराबर पर आते ही पीछे बैठे युवक ने अचानक झपट्टा मारकर आकांक्षा के हाथ से बैग छीन लिया। उसके शोर मचाने पर आरोपी बाइक मोड़कर भाग निकले। आकांक्षा ने बताया कि बैग में आईफोन, 3500 रुपये, सोने की बाली, चार डेबिट कार्ड, दो क्रेडिट कार्ड, आधार कार्ड, पैन कार्ड, पहचान पत्र, एयरफोर्स का डिपेंडेंट कार्ड रखे थे। गोविंदनगर थाना प्रभारी रिकेश कुमार सिंह ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए घटनास्थल के सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। जल्द ही शातिरों को पकड़ा जाएगा।

# बस की टक्कर से स्कूटी में लग गई आग, हड़कंप

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- स्कूटी सवार महिला भी गिरकर हुई घायल

**अमृत विचार।** तेज रफ्तार बस ने ओवरटेक के चक्कर में सीओडी पुल के पास स्कूटी सवार महिला को टक्कर मार दी। हादसे में महिला के गिरते ही कुछ दूरी पर जाकर स्कूटी में अचानक आग लग गई। पेट्रोल टैंक में तेज आवाज हुई और तेज लपटों के साथ स्कूटी जलने लगी। लपटें उठती देखकर यातायात थम गया। वहीं से गुजर रही ट्रैफिक पुलिस ने आग बुझाने के साथ दमकल को सूचना दी। दमकल गाड़ी ने आग बुझाई, लेकिन तब तक स्कूटी जल चुकी थी।

बर्रा कर्रही की रहने वाली सुधा पाल एमआर हैं। सुधा ने बताया कि बुधवार शाम करीब चार बजे वह रामादेवी से टाटमिल की तरफ जा रही थी। तभी सीओडी पुल से पहले रोडवेज बस ने ओवरटेक करने के चक्कर में टक्कर मार दी। टक्कर से वह एक तरफ तो स्कूटी घिसटती हुई दूसरी तरफ जा गिरी। घायल महिला व राहगीर जैसे ही स्कूटी उठाने पहुंचे तो पेट्रोल टैंक से अचानक आग की लपटें उठने लगीं। यह देखकर हटकर सभी ने जान बचाई। स्कूटी में आग लगी देखकर स्कॉट के साथ गुजर रहे टीआई राजेश मिश्रा ने जीटी रोड किनारे की धूल व पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया और दमकल को सूचना दी। दमकल कर्मियों ने आग बुझाई।


स्कूटी में लगी आग। अमृत विचार

## स्टंट करने का विरोध करने पर की मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**चौबेपुर।** कस्बे में जीटी रोड पर स्टंट करते हुए गाड़ी के आगे गाड़ी लगाने का विरोध करने पर युवक व उसके परिजनों के साथ मारपीट की गई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू की है।

क्षेत्र के रौतापुर कलां गांव निवासी आदित्य नारायण ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया है कि गत 2 मई को वह अपने भाई वैभव, चचेरे भाई अनुभव व चाची प्रिया के साथ कार द्वारा कल्यानपुर से गांव जा रहा था। तभी कस्बा चौबेपुर में रेलवे स्टेशन के सामने जीटी रोड पर कार सवार क्षेत्र के गुनूपुरवा गांव के शनि यादव ने स्टंट करते हुए अपनी गाड़ी को उसकी गाड़ी के आगे लाकर जोरदार ब्रेक मार दी। विरोध करने पर गाली गलौज शुरू कर दी।

इतना ही नहीं फोन करके अपने चार-पांच साथियों को मौके पर बुला लिया और उसे जमकर मारा पीटा। बचाव के लिए दौड़े भाई वैभव व अनुभव के साथ भी मारपीट की,जिसमे उसे व भाईयों को गंभीर चोटें आईं। प्रभारी निरीक्षक दुर्गेश मिश्रा ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

# साइबर शातिरों ने खाते से 14 लाख उड़ाए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- ई रिक्शा चालक की जमा पूंजी उड़ा दी

**अमृत विचार।** किदवईनगर में साइबर शातिरों ने ई-रिक्शा चालक की जमापूंजी ही साफ कर दी। मेहनत-मजदूरी कर पीड़ित ने खाते में 22 हजार रुपये जमा किया था। बाकी 14 लाख रुपये जमीन बेचकर खाते में आरटीजीएस कराया था। कुल 14.22 लाख रुपये खाते में जमा थे। जरूरत पर जब वह पैसे निकालने पहुंचा तो खाते से रुपये गायब होने का पता चला। पीड़ित ने साइबर सेल हेल्पलाइन पर शिकायत कर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

साकेतनगर निवासी ई-रिक्शा चालक मो. सलीम के अनुसार उनका बर्रा वेस्ट-टू स्थित केनरा बैंक में खाता है। पीड़ित के अनुसार खाते में पहले से करीब 22 हजार रुपये थे। वहीं बीते साल कुछ जमीन बेचने पर खरीदारों से करीब 14 लाख रुपये अपने बैंक खाते में आरटीजीएस के माध्यम से मंगाए थे, जो बीती अगस्त तक खाते में जमा थे। इसके बाद साइबर ठगों ने खाते से पूरी रकम उड़ा दी है। उन्होंने बताया कि उनके पास न कोई कॉल आई। किसी को कोई खाता संबंधी जानकारी नहीं दी और न ही ओटीपी बताया। यहां तक उनके पास ट्रांजेक्शन का भी कोई मैसेज तक नहीं आया। उन्हें जानकारी ही नहीं थी कि उनके खाते से रुपये निकाले जा चुके हैं। बीती 28 अप्रैल को जब जरूरत पड़ने पर वह रुपये निकालने बैंक पहुंचे तो बैंक अधिकारियों से जानकारी हुई कि खाते से पैसे गायब हैं। इस पर आनन-फानन में साइबर सेल हेल्पलाइन व थाने में शिकायत दर्ज कराई। थाना प्रभारी अशोक कुमार दुबे ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्जकर मामले की जांच की रही है।

मार्मिक

स्कूल बैग-किताब खरीदने के लिए गुल्लक में रोज सिक्के जोड़ती थी इस्वा

# डीएम अंकल, मेरी गुल्लक लुट गई . . .

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


डीएम ने बच्चियों को नई गुल्लक दी। अमृत विचार

- छोटी-छोटी बचत से भर रही थी मिट्टी की गुल्लक, डीएम ने लौटाई मुस्कान

**अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट में डीएम के जनता दर्शन में उस समय माहौल भावुक हो गया, जब एक 11 वर्षीय बच्ची अपनी मां का हाथ पकड़कर जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह के सामने पहुंची। जाजमऊ क्षेत्र निवासी शन्नो अपनी बेटियों इस्वा खां और मरियम फातिमा के साथ आई थीं। मां की शिकायत घरेलू विवाद से जुड़ी थी लेकिन बातचीत के दौरान जो बात सबसे ज्यादा दिल को छू गई, वह थी छोटी बच्ची की मिट्टी की गुल्लक।

जनता दर्शन में शन्नो ने बताया कि उनकी बेटी इस्वा लंबे समय से अपनी मिट्टी की गुल्लक में पैसे जमा कर रही थी। कभी रिश्तेदारों से मिले रुपये, कभी बचा हुआ जेब खर्च और कभी घर में मिले सिक्के, वह चुपचाप अपनी गुल्लक में डाल देती थी। बच्ची को उम्मीद थी कि गुल्लक भरने के बाद वह अपने लिए स्कूल बैग या कुछ अन्य उपयोगी सामान खरीदेगी लेकिन पारिवारिक विवाद के बीच उसकी वही मिट्टी की गुल्लक भी खाली हो गई। महिला ने आरोप लगाया कि घरेलू सामान के साथ बच्ची की गुल्लक फोड़कर उससे भी रुपये निकाल लिए गए। जिलाधिकारी ने जब बच्ची से पूछा कि वह गुल्लक में क्या रखती थी, तो इस्वा ने मासूमियत से बताया कि वह रोज थोड़ा-थोड़ा पैसा बचाती थी। बच्ची की यह बात सुनकर कुछ देर के लिए वहां मौजूद लोगों की नजरें भी उसी पर टिक गईं। छोटी बहन मरियम फातिमा भी मां के पास चुपचाप खड़ी रही। दोनों बच्चियों के चेहरे पर उदासी साफ दिखाई दे रही थी।

### डीएम ने बैग दिया गुल्लक मंगायी 1000 रुपये डाले

- महिला ने जिलाधिकारी को बताया कि मामले की शिकायत पहले भी थाने में की गई थी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस पर जिलाधिकारी ने थाना जाजमऊ प्रभारी को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए लेकिन जनता दर्शन का सबसे भावुक पल उसके बाद आया जब डीएम ने दोनों बच्चियों को अपने पास बुलाया। कुछ देर उनसे बातचीत की और फिर उन्हें नयी मिट्टी का गुल्लक तथा स्कूल बैग भेंट किए। इतना ही नहीं, उन्होंने बच्चियों के हाथों से नई गुल्लक में स्वयं 1000 रुपये भी डलवाए। जैसे ही बच्चियों के हाथ में नया गुल्लक और बैग आया, उनके चेहरे खिल उठे। कुछ देर पहले तक सहमी दिख रही इस्वा अब मुस्कुरा रही थी।

# एक बाइक पर थे चार लोग, दो की मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- यशोदानगर एलिवेटेड हाईवे पर खराब पिकअप में घुस गई बाइक


शिवा गौतम।

**अमृत विचार।** नौबस्ता में यशोदानगर एलिवेटेड हाईवे के पास बुधवार तड़के हादसे में किशोर चालक व चचेरे भाई की मौके पर मौत हो गई, जबकि उसके दो भाई-बहन घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को हैलट में भर्ती कराया और शव को पोस्टमार्टम भेजा। चारों बिधनू से शादी समारोह से लौट रहे थे।

चकेरी के मवइय्या निवासी बृजेश गौतम प्राइवेट नौकरी करते हैं। उनके परिवार में पत्नी माया देवी व दो बेटे अभिषेक व 17 वर्षीय शिवा गौतम था। अभिषेक ने बताया कि मंगलवार को शिवा चचेरे भाई की शादी में शामिल होने के लिए बाइक से बिधनू के हरबसपुर गांव गया था। बुधवार तड़के शिवा चाचा राजेश की बेटी 15 वर्षीय हर्षिता, 20 वर्षीय अंशिका व चचेरे भाई दीपक के साथ शादी समारोह से लौट रहा था। एक ही बाइक पर चारों सवार थे। यशोदानगर एलिवेटेड हाईवे के पास सड़क किनारे खराब खड़ी पिकअप में बाइक पीछे से घुस गई। बाइक शिवा चला रहा था, जिससे वह सीधा टकराया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बाइक पर सवार तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को हैलट भेजा। जहां रात में दीपक की भी मौत हो गई। नौबस्ता थाना प्रभारी बहादुर सिंह ने बताया कि बाइक चला रहा शिवा रातभर शादी समारोह में जगा था। तड़के घर जाते समय उसे झपकी आ गई, जिस कारण तेज रफ्तार बाइक सीधा पिकअप में जा घुसी।

## सिटी ब्रीफ

### युवक को अगवाकर पीटा, जंगल में फेंककर भागे

**कानपुर।** नौबस्ता में युवक को जबरन कार में बैठाकर दबंग उसे पनकी ले गए और बेल्ट व तमंचे की बट से पीटा। युवक के बेहोश होने पर उसे जंगल में फेंककर भाग निकले। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है। दी तहरीर के अनुसार नौबस्ता के सिमरा गांव निवासी सर्वेश वर्मा उर्फ बल्लू ने बताया कि चार मई को निखिल ठाकुर, अखिल दुबे, अभय सैनी और एक अन्य साथी उसे जबरन कार में बैठाकर पनकी ले गए। वहां ले जाकर उससे गाली-गलौज करते हुए बेल्ट, लात-घूंसों से जमकर मारपीट की। जबरन पेशाब पिलाने का प्रयास किया। विरोध पर तमंचे की बट से नाक पर वार किया। आरोपी उसे विराट नगर चौकी के पीछे जंगल में फेंककर फरार हो गए। वह बेहोश हो गया। होश आने पर उसने घटना की जानकारी पुलिस को दी।

### दुर्घटनाओं के कारणों की जांच

**कानपुर।** संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन राहुल श्रीवास्तव द्वारा सागर हाईवे पर कई वाहनों के एक साथ टकराने एवं अन्य हादसों की जांच की जा रही है। जांच में ये देखा जा रहा है कि हादसे के पीछे कारण क्या है? वाहन की कोई टेक्निकल समस्या है या फिर क्या गलती हुई। बता दें कि हाईवे पर 6 गाड़ियां टकरा गई थीं जिसमें 16 लोग घायल हुए थे।

# मरियमपुर-बर्रा बाईपास एलीवेटेड रोड के लिए रेलवे की ड्राइंग का इंतजार

## परियोजना को मुख्यमंत्री की सैद्धांतिक सहमति मिलने के बाद किया गया था निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सेतु निगम की सर्वे रिपोर्ट के अनुसार फजलगंज के आसपास भूमि अधिग्रहण की पड़ेगी जरूरत
- मेट्रो की तर्ज पर सड़क के डिवाइडर पर पिलर बनाकर किया जाएगा फोरलेन रोड का निर्माण

**अमृत विचार।** मरियमपुर चौराहे से बर्रा बाईपास तक प्रस्तावित एलीवेटेड रोड के निर्माण के लिए सेतु निगम ने रेलवे से ड्राइंग और एस्टीमेट उपलब्ध कराने को कहा है। इस एलीवेटेड रोड का करीब 800 मीटर हिस्सा हावड़ा-दिल्ली और झांसी रेल मार्ग के ऊपर से गुजरना है। सेतु निगम का कहना है कि रेलवे से प्रोफाइल स्केच व एस्टीमेट उपलब्ध होते ही प्रदेश शासन से बजट की मांग की जाएगी। मरियमपुर से शुरू होकर फजलगंज चौराहा, चावला मार्केट तथा नंदलाल चौराहा के ऊपर से गुजरने वाली इस 4.2 किमी एलीवेटेड रोड के लिए मुख्यमंत्री पहले ही अपनी सैद्धांतिक सहमति प्रदान कर चुके हैं।

शहर के उत्तर और दक्षिण क्षेत्र के बीच आवागमन सुगम बनाने के लिए मरियमपुर चौराहे से बर्रा बाईपास तक एलीवेटेड रोड बनाने की मांग अर्से से की जा रही है। इसका निर्माण होने से फजलगंज चौराहा, चावला मार्केट, नंदलाल और सचान चौराहा पर वाहनों का भार कम होने से जाम की समस्या से छुटकारा मिल जाएगा। 4.2 किमी लंबी इस फोरलेन एलीवेटेड रोड के निर्माण पर 945 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान लगाया गया है। सेतु निगम की योजना के मुताबिक इस एलीवेटेड रोड का निर्माण मेट्रो की तरह डिवाइडर पर पिलर बनाकर किया जाएगा। सेतु निगम ने इसके लिए पिछले साल सर्वे करके रिपोर्ट तैयार की थी। सांसद रमेश अवस्थी, विधायक सुरेंद्र मैथानी के साथ सेतु निगम के अधिकारियों ने निरीक्षण भी किया था। अधिकारियों ने बताया कि फजलगंज में जमीन अधिग्रहीत करने के लिए जानकारी जुटाई गई है। सेतु निगम के अनुसार इस रोड के बनने से लाखों लोगों को जाम की समस्या से निजात मिलने के साथ सुगम यातायात उपलब्ध होगा। इस रूट पर अभी रोज लगभग एक लाख लोगों का आवागमन होता है।

# जरीब चौकी पुल शिलान्यास के लिए कल रूट डायवर्जन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जरीब चौकी चौराहा पर फोरलेन सेतु के भूमिपूजन का कार्यक्रम 8 मई शाम छह बजे होगा, लेकिन इस कार्यक्रम के दृष्टिगत यातायात को सुबह 10 बजे से ही डायवर्ट कर दिया जाएगा। यह व्यवस्था कार्यक्रम समापन तक जारी रहेगा।

- बजरिया थाने की तरफ से आने वाले वाहन जरीब चौकी चौराहा की तरफ नहीं जा सकेंगे, ऐसे वाहन रामबाग चौराहा से दाहिने मुड़कर ब्रह्मनगर होते हुए अपने गंतव्य को जा सकेंगे।
- घंटाघर चौराहा, बांसमंडी की तरफ से आने वाले वाहन जरीब चौकी तिराहा की तरफ नहीं जा सकेंगे, ऐसे वाहन संगीत टॉकीज तिराहा से बाये मुड़कर आचार्य नगर, संगीत टॉकीज कट (जीटी रोड) होते हुए अपने गंतव्य को जा सकेंगे।
- गोल चौराहा से आने वाले वाहन जरीब चौकी चौराहा से घंटाघर की तरफ नहीं जा सकेंगे, ऐसे वाहन जरीच चौकी चौराहा से अफीम कोठी (जीटी रोड) होते हुए अपने गंतव्य जा सकेंगे।
- फजलगंज चौराहा से आने वाले वाहन जरीब चौकी चौराहा से घंटाघर की तरफ नहीं जा सकेंगे, ऐसे वाहन जरीब चौकी चौराहा से अफीम कोठी (जीटी रोड) होते हुए अपने गंतव्य को जा सकेगें।

### हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क करें

- **ट्रैफिक कंट्रोल रूम :** 9305104340
- ट्रैफिक हेल्पलाइन नंबर : 9305104387
- **वाहनों की पार्किंग यहां होगी :** पूजा डोर्स प्लाईवुड, हार्डवेयर की दुकान (घंटाघर रोड) से संगीत टॉकीज चौराहा के बीच रोड के दोनों तरफ वाहन खड़ा कर सकेंगे।

# बेची गई युवती के बयान दर्ज किए

**कानपुर।** बर्रा पुलिस ने खाटू श्याम मंदिर दर्शन के बहाने ले जाकर तीन लाख रुपये में बेची युवती के कोर्ट में बयान दर्ज कराए। कोर्ट के सामने भी युवती ने वहीं कहानी दोहराई, जो पुलिस से बताई। कहा कि उसकी सहेली रिया पांडेय और उसका पति सुमित व अभिनव बाजपेई मंदिर दर्शन करने के बहाने साथ ले गए थे, जहां उन्होंने जेल गए आरोपित सुरेश प्रजापत को बेच था। बेचने के बाद ही उसके काजल नाम से फर्जी दस्तावेज बनवाए और फिर धमकाकर कोर्ट मैरिज करवा दी थी।

बर्रा निवासी महिला ने हनुमंत विहार थानाक्षेत्र के सागरपुरी में रहने वाली बेटी के बचपन की सहेली रिया पांडेय और पति सुमित पांडेय समेत तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा कराया था। आरोप है कि रिया और उसका पति साजिश के तहत 21 अप्रैल को बेटी को खाटू श्याम मंदिर के दर्शन के बहाने ले गए। वहां उन्होंने शादी कराने के नाम पर उसे तीन लाख रुपये में एक युवक को बेच दिया है। महिला की शिकायत पर सक्रिय हुई पुलिस ने आरोपितों के मोबाइल की लोकेशन खंगाली तो राजस्थान की मिली। इसके बाद पुलिस ने चार मई को राजस्थान के सीकर से युवती को बरामद कर लिया था। उसे खरीदकर शादी करने वाले सुरेश प्रजापत को जेल भेज दिया था। बर्रा थानाप्रभारी ने बताया कि युवती के कोर्ट में बयान कराए गए हैं।


जानकारी देते अपर जिला जज सपना त्रिपाठी व अन्य। अमृत विचार

# लोक अदालत में सहमति से निपटेंगे हजारों मुकदमे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बिना सजा, समझौते से मामलों का निपटारा किया जाएगा

**अमृत विचार।** आम जनता के लंबित कानूनी विवादों के त्वरित और सुलहपूर्ण निस्तारण के लिए आगामी नौ मई को कानपुर न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। न्यायालय निर्धन के द्वार थीम पर आधारित इस विशेष पहल के तहत बिना सजा और आपसी समझौते के जरिये मामलों का निपटारा किया जाएगा, जिससे लोगों को न्याय पाने में सहूलियत मिलेगी।

इस संबंध में आयोजित प्रेस वार्ता में अपर जिला जज-प्रथम सपना त्रिपाठी, अपर जिला जज-द्वितीय (एससी/एसटी) शुचि श्रीवास्तव और अपर प्रधान न्यायाधीश, पारिवारिक न्यायालय-प्रथम राजीव महेश्वरम ने विस्तृत जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि लोक अदालत में बैंक वसूली, किरायेदार विवाद, मोबाइल व केबल नेटवर्क से जुड़े मामलों के साथ-साथ आयकर, बैंक और अन्य वित्तीय संस्थानों के प्रकरणों का मौके पर निस्तारण किया जाएगा।

इसके अलावा दीवानी वाद, पारिवारिक विवाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद तथा चेक बाउंस जैसे मामलों में भी समझौते के आधार पर राहत प्रदान की जाएगी। जनोपयोगी सेवाओं, वाणिज्य कर, राजस्व, चकबंदी और श्रम विवाद से जुड़े मामलों को भी लोक अदालत में शामिल किया गया है। चलानी वाद और शमनीय प्रकृति के फौजदारी मुकदमों का भी आपसी सहमति से निस्तारण कराया जाएगा।


फीटा इस्पात नगर चैप्टर की बैठक करते सदस्य। अमृत विचार

# रजत गुप्ता इस्पात नगर फीटा चैप्टर के अध्यक्ष, आशीष बने महामंत्री

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- क्षेत्र में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, मुख्यमंत्री विश्वकर्मा योजना जैसे शिविर लगाए जाएंगे

**अमृत विचार।** इस्पात नगर औद्योगिक क्षेत्र के उद्यमियों ने क्षेत्र की बदहाल स्थिति और आधारभूत सुविधाओं की कमी को देखते हुए फीटा इस्पात नगर चैप्टर का गठन कर दिया है। उद्यमियों ने बैठक कर सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का चयन किया और क्षेत्र के समग्र विकास का संकल्प लिया। बताया गया कि वर्ष 1978 में केडीए द्वारा शहर के बाहर इस्पात नगर औद्योगिक क्षेत्र का विकास किया गया था, लेकिन समय के साथ यह क्षेत्र उपेक्षा का शिकार होता गया। वर्ष 2014 के बाद यहां उद्योगों की स्थापना तेजी से शुरू हुई, परंतु आज भी सड़क, नालियां, स्ट्रीट लाइट और सीवर जैसी मूलभूत सुविधाओं का अभाव बना हुआ है।

क्षेत्र में जगह-जगह अतिक्रमण, गहरे गड्ढे और फुटपाथों पर उगी झाड़ियां उद्योग संचालन में बाधा बन रही हैं। साथ ही, आए दिन चोरी की घटनाएं भी उद्यमियों के लिए चिंता का विषय बनी हुई हैं। बैठक में रजत गुप्ता को अध्यक्ष, आशीष साहनी को महामंत्री और निशांत खंडेलवाल को कोषाध्यक्ष चुना गया। मुकेश जैन संयोजक बनाए गए, जबकि प्रदीप केडिया, राजेश जैन, राजीव गुप्ता और संदीप जाखोदिया को संरक्षक की जिम्मेदारी दी गई। इसके अलावा अरुण ओमर व अनिल गर्ग उपाध्यक्ष, कौशल बहरानी व अमित जैन मंत्री तथा अजीत मिश्रा को प्रचार मंत्री नियुक्त किया गया। कार्यक्रम में फीटा के महासचिव उमंग अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने नई कार्यकारिणी का चयन कराते हुए उद्यमियों को उद्योग और व्यापार हित में एकजुट होकर कार्य करने की प्रेरणा दी। निर्णय लिया गया कि क्षेत्र में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, मुख्यमंत्री विश्वकर्मा योजना और उद्यम आधार से जुड़े शिविर लगाए जाएंगे। ब्लड डोनेशन और हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन भी किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता रजत गुप्ता ने की, जबकि संचालन आशीष साहनी ने किया। कोषाध्यक्ष निशांत खंडेलवाल संरक्षक प्रदीप केडिया भी मौजूद रहे।

# 284 यात्रियों को चेकिंग में पकड़ा

**कानपुर।** सेंट्रल स्टेशन, गोविंदपुरी स्टेशन और कई ट्रेनों में रेलवे अधिकारियों ने टिकट चेकिंग अभियान चलाया जिसमें 284 यात्रियों को पकड़कर उनसे जुर्माना वसूला गया। स्टेशन पर गंदगी फैलाने के आरोप में भी 4 यात्रियों से 500-500 रुपये जुर्माना वसूला गया। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि 1 अप्रैल से इस अभियान के तहत हजारों बेटिकट यात्रियों को पकड़ कर भारी जुर्माना वसूला जा चुका है। यात्रियों को शुद्ध भोजन-पानी तय करने के लिए वेंडरों और स्टालों की जांच भी निरंतर की जा रही है।

# किसान विरोधी कामों को रोकते रहे चौधरी अजीत

कार्यालय संवददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चौधरी चरण सिंह से लेकर जयंत चौधरी तक ये चौधरी परिवार किसानों मजदूरों के हक की लड़ाई हमेशा लड़ता रहा है। किसानों पर कांग्रेस सरकार आयकर लगाना चाहती थी लेकिन चौधरी अजीत सिंह ने लागू नहीं होने दिया। ये बात सांसद रमेश अवस्थी ने कही।

बुधवार को राष्ट्रीय लोक उत्तर प्रदेश के द्वारा पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी अजित सिंह की पांचवीं पुण्यतिथि रालोद कार्यालय सब्जी मंडी बादशाही नाका में मनाई गई जिसमें पूर्व केंद्रीय मंत्री के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा कर चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन एनडीए के क्षेत्रीय अध्यक्ष सुरेश गुप्ता ने कहा कि चौधरी अजित सिंह हम लोगों के लिए आदर्श हैं।

अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष नरेंद्र यादव ने की जबकि संचालन मोहम्मद उस्मान महानगर अध्यक्ष ने किया। आलोक श्रीवास्तव, पवन सक्सेना, रॉबिन गुप्ता, अनूप तिवारी, अंजू द्विवेदी, प्रशांत सक्सैना, हरिशंकर राजभर, रेशमा सोनकर, विशाल सिंह, सुशांत श्रीवास्तव, प्रमोद मिश्रा एवं कृषि यादव आदि थे।


चौधरी अजीत सिंह को श्रद्धांजलि दी गई। अमृत विचार

# लाखों लोगों को योजना का लाभ

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि कैशलेस चिकित्सा योजना के माध्यम से उच्च शिक्षा क्षेत्र से जुड़े करीब 1.25 लाख से अधिक परिवारों को लाभ मिलेगा। सरकार का उद्देश्य है कि शिक्षक स्वस्थ मानसिकता और शारीरिक स्थिति में रहकर बेहतर कार्य कर सकें। वे डीबीएस कॉलेज में बुधवार शिक्षकों और कर्मचारियों के जीवन में स्वास्थ्य सुरक्षा की नई पहल कैशलेस चिकित्सा विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी में बोल रहे थे।

कॉलेज प्रबंधन समिति के सचिव इंजी. गौरवेंद्र स्वरूप ने शिक्षा और स्वास्थ्य को मानव जीवन की दो प्रमुख आवश्यकताएं बताते हुए कहा कि बेहतर शिक्षा व्यवस्था से ही प्रदेश और देश का समग्र विकास संभव है।




- डीबीएस कॉलेज में कैशलेस चिकित्सा पर राष्ट्रीय संगोष्ठी

प्राचार्य प्रो. अनिल कुमार मिश्रा ने कहा कि सरकार ने शिक्षा को तकनीकी रोजगार और संस्कार से जोड़ने का कार्य किया है।

इस अवसर पर छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विनय पाठक ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों का उल्लेख किया। कार्यक्रम में महापौर प्रमिला पांडेय, विधायक सुरेंद्र मैथानी और विधायक महेश त्रिवेदी सहित कई जनप्रतिनिधियों ने भी अपने विचार रखे। इस दौरान कॉलेज की वरिष्ठ शिक्षिका डॉ. रश्मि दुबे और प्रो. केके श्रीवास्तव की पुस्तकों का विमोचन भी किया गया। प्रो. इंद्राणी दुबे प्रो. सत्यव्रत रावत, प्रो. सुरेश पाठक, प्रो. चन्द्रमोहन उपाध्याय, प्रो. सारिका दुबे, प्रो. ललित शर्मा, प्रो. प्रिया मुखर्जी सहित अन्य प्राचार्य उपस्थित रहे।

# कर्मचारियों और आश्रितों की निशुल्क जांच की मांग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी संघ, चिकित्सा स्वास्थ्य सेवाएं के प्रतिनिधियों ने बुधवार हैलट अस्पताल के प्रमुख अधीक्षक डॉ.सौरभ अग्रवाल से मुलाकात की और उन्हें कर्मचारियों की समस्यों के निस्तारण के लिए ज्ञापन दिया। संघ को संरक्षक बीएल गुलाबिया व अध्यक्ष अजय कुशवाहा बताया कि कर्मचारियों की तत्काल एसीपी लगाई जाए। मृतक आश्रित को सेवाप्रदान की जाए। कर्मचारी व उनके परिवार को हैलट व संबंधित अस्पतालों में इलाज के दौरान जांच, एक्स-रे आदि निःशुल्क किये जाने का विभागीय लाभ दिया जाए। सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में कर्मचारियों व उनके परिजनों का पर्चा बनाने के लिए एक अलग से काउंटर खोला जाए। इस दौरान बीएल गुलाबिया, अजय कुशवाहा, मनोज कुमार, ॠषि मोहन, अहमद अली, अजय यादव आदि थे।


प्रमुख अधीक्षक डॉ.सौरभ अग्रवाल से वार्ता करते संघ के पदाधिकारी।

जनगणना | पहली बार नागरिकों को ऐसा मौका दिया जा रहा

# आज से घर बैठे करें अपनी गणना, मोबाइल पर ब्योरा भरें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गुरुवार यानी 7 मई से 21 मई तक घर बैठे अपने मोबाइल से अपनी खुद की गणना कर सकते हैं। जिसके लिए https://se.census.gov.in ऑन लाइन नागरिक स्वगणना पोर्टल पर जाना होगा। ये पहला मौका है ये सुविधा दी जा रही है, जब कोई भी शख्स अपनी गणना खुद कर सकेगा। उसके बाद 22 मई से 20 जून तक प्रगणक घर-घर पहुंचकर जानकारी का सत्यापन और गणना कार्य करेंगे।

जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि हमारी जनगणना, हमारा विकास थीम के साथ लोगों को स्वगणना के लिए प्रेरित किया जा रहा है। स्वगणना की सुविधा सरल, सुरक्षित और पूरी तरह डिजिटल है। इसके लिए किसी कार्यालय के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं होगी। जिलाधिकारी ने बताया कि कानपुर नगर में स्व-गणना के लिए नागरिकों को जनगणना पोर्टल https://se.census.gov.in पर जाकर अपने राज्य का चयन कर पंजीकरण करना होगा। परिवार के मुखिया का नाम और दस अंकों का मोबाइल नंबर दर्ज करने के बाद ओटीपी के माध्यम से सत्यापन किया जाएगा। एक मोबाइल नंबर से केवल एक ही परिवार का पंजीकरण किया जा सकेगा। एक व्यक्ति अपना अथवा अपने परिवार के सदस्यों की स्व-गणना पूरे भारत में कहीं से भी कर सकता है। नागरिक अपनी पसंद की भाषा चुनकर जिले, पिन कोड तथा गांव या शहर की जानकारी दर्ज कर सकेंगे और मानचित्र पर लाल संकेतक के माध्यम से अपने आवास का सटीक स्थान चिह्नित कर सकेंगे। इसके बाद मकान सूचीकरण और परिवार से संबंधित प्रश्नावली भरनी होगी। सभी विवरण दर्ज करने के बाद नागरिक प्रिव्यू स्क्रीन पर अपने द्वारा भरी गई जानकारी की जांच कर सकेंगे। जानकारी सही पाए जाने पर "फाइनल सबमिट" करने पर एक विशिष्ट 11 अंकों की स्व-गणना पंजीकरण संख्या प्राप्त होगी, जो मोबाइल या ईमेल के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी। जब जनगणना प्रगणक घर पहुंचेगा तो नागरिकों को यह स्व-गणना पंजीकरण संख्या उपलब्ध करानी होगी। यदि दर्ज जानकारी उपलब्ध अभिलेखों से मेल खाती है तो उसका सत्यापन कर लिया जाएगा, जबकि अंतर पाए जाने पर प्रगणक आवश्यक जानकारी पुनः एकत्र करेगा।

### हेल्पलाइन नंबर 1855 पर संपर्क करके जानकारी लें

जनगणना से जुड़ी जानकारी और किसी भी प्रकार की सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर 1855 जारी किया गया है। पोर्टल पर चैटबॉट की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी, जहां नागरिक अपने सवाल पूछ सकेंगे। डीएम ने कहा कि जनगणना में दी गई सभी सूचनाएं पूरी तरह गोपनीय और सुरक्षित रखी जाएंगी। उन्होंने लोगों से सही और तथ्यात्मक जानकारी उपलब्ध कराने की अपील करते हुए कहा कि जनगणना के आंकड़े ही भविष्य की योजनाओं, संसाधनों के बेहतर उपयोग और विकास कार्यों की दिशा तय करते हैं। मेरी गणना, देश की ताकत के संदेश के साथ सभी नागरिक इस अभियान में सक्रिय भागीदारी करें।



### कुल 33 प्रकार की जानकारी देनी होगी लोगों को

- जिलाधिकारी ने बताया कि घर-सूचीकरण चरण के दौरान सर्वेक्षक भवन के उपयोग, निर्माण सामग्री, कमरों की संख्या, स्वामित्व की स्थिति, जल, विद्युत और शौचालय की उपलब्धता, खाना पकाने के ईंधन के प्रकार तथा फोन, वाहन और टेलीविजन जैसी परिसंपत्तियों से संबंधित कुल 33 प्रकार के विवरण दर्ज करेंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वगणना से लोगों का समय बचेगा और आंकड़े अधिक तेजी व शुद्धता के साथ संकलित हो सकेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि कोई परिवार स्वगणना नहीं कर पाता है तो उसे परेशान होने की जरूरत नहीं है। निर्धारित अवधि में प्रगणक घर-घर जाकर जानकारी दर्ज करेंगे। उन्होंने बताया कि जनगणना 2027 दो चरणों में हो रही है। प्रथम चरण में 22 मई से 20 जून तक घरों की गणना होगी। दूसरा चरण फरवरी 2027 में आयोजित होगा।

# कानपुर सेंट्रल स्टेशन से गुवाहाटी के लिए विशेष ट्रेन आज से चलेगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन ने यात्रियों की भीड़ को देखते हुए कानपुर सेंट्रल स्टेशन से गुवाहाटी तक विशेष ट्रेन चलाने की घोषणा की है। कानपुर से दो बार गुवाहाटी जाएगी और गुवाहाटी से दो बार कानपुर के लिए वापस आएगी।

गाड़ी संख्या 04127 कानपुर सेंट्रल से 7 मई से 14 मई तक कुल दो फेरे लगाएगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 04128 गुवाहाटी से 8 मई एवं 15 मई को कानपुर के लिए रवाना होगी। इस गाड़ी में पार्सल के 2 डिब्बे के अलावा सामान्य-06, स्लीपर-06, एसी तृतीय-02 कोच होंगे।

**जोधपुर से मऊ के मध्य विशेष ट्रेन:** जोधपुर और मऊ के बीच साप्ताहिक विशेष ट्रेन चलाने की घोषणा की गई है। गाड़ी गाड़ी संख्या 04823 जोधपुर से प्रत्येक रविवार को 24 मई से 12 जुलाई तक चलेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 04824 मऊ से जोधपुर साप्ताहिक प्रत्येक मंगलवार को 26 मई से 17 जुलाई तक चलेगी।

### गर्मी की छुट्टियों में प्रयागराज से दादरी तक विशेष ट्रेन

- **कानपुर।** गर्मी की छुट्टियों में यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे ने प्रयागराज से दादरी तक विशेष ट्रेन चलाने की घोषणा की है। ये ट्रेन प्रतिदिन चलेगी जिसमें 2 पार्सल कोच, सामान्य-05, स्लीपर-08, एसी तृतीय-01, एसी प्रथम सह द्वितीय 1 कोच होगा। गाड़ी संख्या 02417 1 जून से 31 जुलाई 2026 तक चलेगी। ये ट्रेन प्रयागराज से रात 8 बजे रवाना होगी। सिराथू रात 8 .50 बजे, फतेहपुर रात 9 .48 बजे, कानपुर सेंट्रल स्टेशन रात 11 बजे, इटावा रात 2 .33 बजे, टूंडला रात भोर 4 .05 बजे, हाथरस भोर 4 .48 बजे, अलीगढ़ प्रात: 5 .13 बजे, दादरी प्रात: 7 .15 बजे पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 02418 दादरी से 2 जून से 1 अगस्त 2026 तक चलेगी। दादरी से रात 10 .15 बजे रवाना होगी। अलीगढ़ रात 11 .20 बजे, टूंडला रात 00 .28 बजे, शिकोहाबाद रात 1 .38 बजे, फफूंद रात 3 .05 बजे, कानपुर सेंट्रल भोर 4 .50 बजे, फतेहपुर प्रात: 6 बजे, प्रयागराज प्रात: 9 बजे पहुंचेगी।



## सिटी ब्रीफ

### बच्चों के झगड़े में महिला से मारपीट, धमकी

**कानपुर**। नौबस्ता क्षेत्र में बच्चों के विवाद ने में महिला के साथ दो बार मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी गई। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर ली है। रिपोर्ट के अनुसार राजीव विहार निवासी पीड़िता सूबी प्रजापति ने बताया कि मोहल्ले में बच्चों के झगड़े के बाद गुड़िया व उसका पति मदन उसके घर आए और गाली गलौज करते हुए मारपीट की। 112 पर सूचना देने पर पुलिस दोनों पक्षों को चौकी ले गई। जहां समझौता हुआ लेकिन घर लौटने के बाद आरोपियों ने फिर से मारपीट की और धमकी दी। थाना प्रभारी बहादुर सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### जूस की दुकान में कर्मचारी का शव मिला

**कानपुर**। सीसामऊ के जरीब चौकी चौराहा स्थित इकबाल की जूस की दुकान पर उनके कर्मचारी का शव संदिग्ध हालात में मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। सीसामऊ चंद्र नगर उखड़ी रेलवे लाइन निवासी 55 वर्षीय राजेश दुकान में काम करते थे। वह दुकान के ऊपर छत पर सोते थे। परिवार में मां चंदा और भाई मुकेश है। बुधवार शाम दुकान में राजेश का शव मिला। सूचना पर पहुंचे परिजन ने हत्या की आशंका जताई। पुलिस जांच कर रही है।

# सीएसजेएमयू में योग विषय के विभिन्न पाठ्यक्रम में प्रवेश शुरू

## बीएससी योग साइंस कोर्स में कुल 40 सीटें उपलब्ध, ऑनलाइन आवेदन कर सकते

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार**। छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय (सीएसजेएमयू) में नए शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए योग विषय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। विश्वविद्यालय परिसर में स्नातक, परास्नातक और पीजी डिप्लोमा स्तर के योग कोर्स संचालित किए जा रहे हैं, जिनमें प्रवेश के लिए इच्छुक अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

योग पाठ्यक्रम के समन्वयक डॉ. रामकिशोर के मुताबिक स्नातक स्तर पर बीएससी योग साइंस कोर्स में कुल 40 सीटें उपलब्ध हैं। इसमें प्रवेश के लिए इंटरमीडिएट उत्तीर्ण होना अनिवार्य है और वार्षिक शुल्क 27,400 रुपये निर्धारित किया गया है। वहीं परास्नातक स्तर पर एमएससी योग साइंस में 20 सीटें हैं, जिसमें प्रवेश के लिए किसी भी संकाय से बीएससी होना आवश्यक है। इस कोर्स की फीस 37,400 रुपये प्रति वर्ष है। इसके अतिरिक्त एमए योग पाठ्यक्रम में भी 20 सीटें निर्धारित हैं, जिसमें स्नातक उत्तीर्ण अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। इस कोर्स का वार्षिक शुल्क भी 37,400 रुपये है। वहीं पीजी डिप्लोमा इन योग एजुकेशन में 20 सीटें हैं, जिसके लिए स्नातक योग्यता अनिवार्य है और फीस 19,900 रुपये तय की गई है।



योगा करते युवा और युवतियां। अमृत विचार

### पाठ्यक्रम की विशेषता

- डॉ रामकिशोर ने कहा कि कक्षाएं नियमित रूप से संचालित होती हैं और विद्यार्थियों को योग ओपीडी के माध्यम से व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया जाता है। स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए डिजिटल मार्केटिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का अतिरिक्त प्रशिक्षण भी दिया जाता है। इन पाठ्यक्रमों के माध्यम से छात्र योग प्रशिक्षक, योग थेरेपिस्ट, वेलनेस कोच और फिटनेस विशेषज्ञ जैसे क्षेत्रों में करियर बना सकते हैं। इसके अलावा शोध और अकादमिक क्षेत्र में भी संभावनाएं उपलब्ध हैं। योग शिक्षा न केवल शारीरिक और मानसिक संतुलन प्रदान करती है, बल्कि युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने में भी सहायक साबित हो रही है।

# शिक्षा से दूर लोग व जानवर एक समान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार**। इल्म (शिक्षा) से दूर रहने वाले शख्स और जानवर में कोई फर्क नहीं होता। जिंदगी में लज्जत और सकून चाहिए तो अल्लाह के जिक्र में लग जाएं। छात्रों को बुखारी शरीफ का आखिरी दर्ज देते हुए बिजनौर से आए सूफी अफजल कादरी ने ये नसीहत दी।

जामिया फातिमतुज्जहरा लिल बनात रजबी रोड पर खत्म बुखारी शरीफ के मौके पर सूफी ने बच्चियों के हक में दुआएं की। उन्होंने कहा कि इंसान अगर दुनिया में आकर अपनी जिंदगी का मकसद को भूल गया तो फिर उसने क्या हासिल किया। जो बंदा अपनी दुनिया और आखिरत को संवारना चाहे तो उसे चाहिए कि कभी भी अल्लाह की याद से गाफिल (भूलना) नहीं रहे। सूफी ने तालिबात को बुखारी शरीफ का आखिरी दर्स दिया और बच्चियों के हक में खैर व बरकत की दुआएं कीं। संयोजक इस्लामिक इंगलिश स्कूल के निदेशक मौलाना सालिम मिस्बाही रहे जबकि संचालन हाफिज जुबैर कादरी ने किया। मोनिस चिश्ती, कारी तनवीर निजामी, सैयद सुफियान हाशमी ने नातिया कलाम पेश किया। मौलाना हस्सान कादरी ने अध्यक्षता करने के साथ ही गुजारिश की कि गुरुवार 7 मई को रैन बसेरा मैरिज हॉल में होने वाले जलसे में ख्वातीन शिरकत करें। इस मौके पर मुफ्ती मदनी मिस्बाही, हाफिज खुर्शीद अहमद हश्मती, कारी इस्लामुद्दीन नक्शबंदी, हयात जफर हाश्मी, शाहनवाज अंसारी आदि मौजूद रहे।



रजबी रोड पर खत्म बुखारी शरीफ का आयोजन किया गया।

- बुखारी शरीफ का आखिरी दर्ज दिया गया, बच्चियों के हक में दुआएं

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
मेरा नाम प्रीति शुक्ला पुत्री उमाशंकर शुक्ल एवं प्रीति दुबे पति प्रखर दुबे दोनों नाम एक ही महिला के हैं। भविष्य में मुझे प्रीति दुबे के नाम से जाना व पहचाना जाए। **प्रीति दुबे पत्नी प्रखर दुबे निवासी मोहल्ला ठठराई, औरैया**

**सूचना**
मैं **अतर सिंह पुत्र स्वर्गीय पन्नालाल निवासी सी.एस. बी. रोड पेट्रोल पम्प के पास कस्बा पोस्ट व थाना सौरिख तहसील छिबरामऊ जनपद कन्नौज**, मेरे दो पुत्र अमलेश कुमार व अरूण कुमार है। मेरा बड़ा पुत्र अमलेश कुमार व उसकी पत्नी प्रियंका के गलत आचरण व व्यवहार के कारण मैंने व मेरे परिवार के सदस्यों ने अपने पारिवारिक सम्बन्ध विच्छेद कर लिये एवं समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है अब उससे व उसकी पत्नी प्रियंका उपरोक्त के किसी भी प्रकार के लेन देन एव विधिक व अविधिक कार्यो से उससे व उसके परिवार के सदस्यों का कोई लेना देना नहीं है तथा अमलेश कुमार व उसकी पत्नी प्रियंका उपरोक्त द्वारा किये गये किसी भी जायज व नाजायज कृत्य के लिये वे स्वयं जिम्मेदार होगे।

**सूचना**
मैं **शिव बहादुर पाण्डेय पुत्र चन्द्रभान पाण्डेय, निवासी माधवपुर, तरबगंज, गोण्डा**, शपथपूर्वक कहता हूँ कि मेरी हाईस्कूल अनुक्रमांक 2329771 (2011) व इंटरमीडिएट अनुक्रमांक 1709658 (2013) और इंटरमीडिएट मैथमेटिक्स रो.नं. 4239195 की मार्कशीट कहीं खो गई है, जिनकी द्वितीय प्रति जारी किया जाना आवश्यक है।

**NOTICE**
I, Shiv Bahadur Pandey, son of Chandrabhan Pandey, resident of Madhavpur, Tarabganj, Gonda, state that my High School Roll No.2329771 (2011) and Intermediate Roll No.1709658 (2013) and intrmediate Mathematics 4239195 (2014) mark sheets have been lost somewhere; hence duplicate copies are required.

**सूचना**
मैने अपना नाम RIFAT SHAHIN AZIZ AHMAD SIDDIQUI से बदलकर RIFAT SHAHIN रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। W/0-AZIZ AHMAD SIDDIQUI ADD-R/4/66, SAHARA CITY HOMES, IIM ROAD PO-IIM MUBARAKPUR PS-MADIYAON DIST-LUCKNOW-226013(U.P.)

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि तहसील मितौली ब्लाक बेहजम की न्याय पंचायत नीमगांव की ग्राम पंचायत किशनपुर में प्रस्तावित बहुउद्देशीय मत्स्य जीवी सहकारी समिति के गठन हेतु द्वितीय बैठक दिनांक मई 08/05/2026 प्राथमिक विद्यालय माझा नगर में आयोजित की जा रही है इच्छुक व्यक्ति प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। **रेशमा पांडे ,ग्राम पंचायत किशनपुर ब्लॉक बेहजम, तहसील मितौली जिला लखीमपुर खीरी, मोबाइल नंबर 94506 87059**

**सूचना**
मैने अपना नाम सुप्रिया देवी से बदलकर सुप्रिया सिंह (SUPRIYA SINGH) रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। AMAN SINGH ADD-123, BABURAHI AMDAHI TARABGUNJ PO-AMDAHI, DIST-GONDA-271403(U.P.)

**सूचना**
पहले मेरा नाम MOHAMMAD CASS था अब मैंने बदलकर अपना नाम MO KAISH रख लिया है अब भविष्य में मुझे MO KAISH के नाम से जाना व पहचाना जाये। S/O- MOHAMMAD VAISH R/O- 28, VILL AND POST CHANDRAMAU BAIRAM AYODHYA-224001

**सूचना**
मैंने अपने बड़े पुत्र का नाम रुद्रांश त्रिपाठी के स्थान पर अभ्युदय त्रिपाठी कर लिया है। अतः मेरे लड़के को भविष्य में इसी नाम से जाना पहचाना जाए। **अभय कुमार तिवारी निवासी मो. चिकनी निकट झारखंडी रेलवे क्रश्चसिंग जि. बलरामपुर**

**सूचना**
पहले मेरा नाम ZULFA BANO था अब मैंने बदलकर अपना नाम JULFA BANO रख लिया है अब भविष्य में मुझे JULFA BANO के नाम से जाना व पहचाना जाये। w/O-MOHAMMAD ZEESHAN R/O- 217/29,NIZAMI PRESS,IMAMBADA CHOWK, LUCKNOW

# आईआईटी के छात्र रश्मि रंजन युवा संसद में तृतीय

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- लखनऊ में तीन दिन तक आयोजित की गई थी यह प्रतियोगिता
- प्रतियोगिता में प्रदेश के सभी 75 जिलों से चयनित 375 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया

**अमृत विचार**। आईआईटी के छात्र रश्मि रंजन साहू ने राज्य स्तरीय विकसित भारत युवा संसद 2026 प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान हासिल कर आईआईटी कानपुर का गौरव बढ़ाया है। यह प्रतियोगिता उत्तर प्रदेश विधानसभा भवन लखनऊ में तीन दिनों तक आयोजित की गई। बलिया की शिप्रा सिंह ने द्वितीय और जालौन के अंकित कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

प्रतियोगिता में प्रदेश के सभी 75 जिलों से चयनित 375 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। विभिन्न नोडल सेंटरों के माध्यम से प्रतिभागियों का चयन किया गया, जिसमें सीएसजेएमयू से भी पांच प्रतिभागियों को चुना गया और राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए भेजा गया। कड़े मुकाबले के बीच रश्मि रंजन ने अपनी प्रभावशाली प्रस्तुति और तार्किक विचारों से निर्णायकों को प्रभावित करते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि के साथ उन्होंने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए भी अपना स्थान पक्का कर लिया है, जहां वे दिल्ली में संसद में प्रस्तुति देंगे। आईआईटी प्रशासन ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



आईआईटी के छात्र रश्मि रंजन साहू के साथ पूर्व डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा व अन्य।



जच्चा-बच्चा अस्पताल में जन्म के बाद मौजूद तीनों बच्चे।

# जच्चा-बच्चा में एक साथ तीन बच्चों का जन्म हुआ

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के जच्चा-बच्चा अस्पताल में जन्मे तीनों बच्चे स्वस्थ
- एक सप्ताह तक भर्ती रखने के बाद मां और स्वस्थ बच्चों को घर भेजा गया

**अमृत विचार**। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के जच्चा-बच्चा अस्पताल में कन्नौज की एक महिला ने एक साथ तीन बच्चों को जन्म दिया। जन्म के बाद तीनों बच्चे और मां स्वस्थ हैं। स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की डॉक्टरों ने करीब एक सप्ताह तक भर्ती रखने के बाद महिला व उसके तीनों बच्चों को बुधवार घर अस्पताल से घर भेज दिया।

गुरसहायगंज निवासी श्वेता शर्मा को प्रसव पीड़ा होने पर परिजन दो मई को जच्चा-बच्चा अस्पताल लेकर आए थे।स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ.रेनू गुप्ता ने जांच के बाद ऑपरेशन किया। गर्भवती ने तीन बच्चों को जन्म दिया, जिसमे दो बेटियां व एक बेटा है।

मीडिया प्रभारी डॉ.शैली अग्रवाल ने बताया कि ऐसा तीन अलग-अलग अंडों के तीन शुक्राणुओं द्वारा निषेचित होने से या एक निषेचित अंडे के विभाजित होकर तीन बन जाने से होता है। यदि परिवार में पहले से जुड़वां या ट्रिपलेट्स का इतिहास रहा है, तो इसकी संभावना बढ़ जाती है।

# पत्रकार कल्याण बोर्ड और सुरक्षा कानून दें

**कानपुर**। कानपुर प्रेस क्लब की टीम ने बुधवार को लखनऊ में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से मिलकर पत्रकारों से जुड़ी समस्याओं और उनके निराकरण के लिए वार्ता की। प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि पत्रकार कल्याण बोर्ड का गठन किया जाए। इसमें वरिष्ठ अनुभवी पत्रकारों, इनके प्रमुख संगठनों के पत्रकार प्रतिनिधियों, सूचना सचिव, सूचना निदेशक और वरिष्ठ अधिकारियों को रखा जाए पत्रकारों की सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और अन्य समस्याओं को ध्यान में रखते हुए योजना बनाए, जिसे सरकार मान्यता दे। पत्रकार सुरक्षा कानून भी शीघ्र लागू किया जाए। उपमुख्यमंत्री को ज्ञापन भी सौंपा गया। प्रेस क्लब के महामंत्री शैलेश अवस्थी, उपाध्यक्ष गौरव सारस्वत, मंत्री शिवराज साहू और रजत मौजूद रहे।



डिप्टी सीएम को ज्ञापन देते प्रेस क्लब के सदस्य। अमृत विचार

## सिटी डायरी



राधा माधव सेंटर का उद्घाटन करतीं डॉ. संगीता। अमृत विचार

### राधा माधव ऑप्टिकल एंड आई केयर सेंटर का शुभारंभ

**कानपुर**। राधा माधव ऑप्टिकल एंड आई केयर सेंटर का शुभारंभ कानपुर ऑप्थैल्मिक सोसाइटी की अध्यक्ष डॉक्टर संगीता शुक्ला ने किया। हंसपुरम आवास विकास नौबस्ता में में यह सेंटर खोला गया है। इस अवसर पर डॉक्टर मोहित खत्री सहित क्षेत्र के कई प्रतिष्ठित ऑप्टीशियन एवं गण्यमान्य लोग उपस्थित रहे।

**विकास** | वाणिज्य मंत्रालय की नई स्कीम के तहत स्थापित होगा क्लस्टर

# मेगा लेदर क्लस्टर को 450 करोड़ मिलेंगे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार**। रमईपुर में मेगा लेदर क्लस्टर की स्थापना के लिए कानपुर मेगा लेदर क्लस्टर डेवलमेंट यूपी लिमिटेड ने शासन को प्रस्ताव भेज दिया है। साथ ही भूमि भी क्रय कर ली है। जल्द ही भूमि की प्रशासन से अदला- बदली की जाएगी और प्रोजेक्ट की फाइल मंजूरी के लिए केंद्रीय वाणिज्य मंत्रालय को भेज दी जाएगी। करीब साढ़े चार सौ करोड़ रुपये का अनुदान मिलेगा। इसमें केंद्र और राज्य सरकार दोनों की हिस्सेदारी होगी।

जाजमऊ में चार सौ टेनरियां स्थापित हैं। वैसे तो यहां 20 एमएलडी का कॉमन इफ्लूएंट ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित हो गया है। लेकिन तमाम टेनरी संचालक गंगा में चोरी छिपे केमिकल युक्त पानी बहाते हैं। इससे हर साल माघ मेला और कुंभ के दौरान टेनरियों को बंद करना पड़ता है इससे उद्यमियों का नुकसान होता। इसके समाधान के लिए ही मेगा लेदर क्लस्टर स्थापित होना है। इस क्लस्टर में 250 टेनरियां स्थापित होनी हैं। जबकि 85 फैक्ट्रियां जूता व अन्य उत्पाद बनाने की होंगी। कंपनी प्रबंधन को यहां ग्राम समाज की सुरक्षित श्रेणी की भूमि से किसानों से खरीदी गई भूमि की अदला- बदली करनी थी लेकिन कंपनी ने बिना डीएम की अनुमति के कुछ दलितों की भूमि खरीद ली। परिणाम स्वरूप उक्त भूमि की अदला- बदली नहीं हो सकी। अंततः कंपनी ने पुनः भूमि खरीदी और इसकी जानकारी शासन को और जिला प्रशासन को दे दी है। अब नई मेगा लेदर क्लस्टर की नई स्कीम के तहत ही भूमि की अदला-बदली की जाएगी। प्रोजेक्ट के लिए पहले से ही पर्यावरण मंत्रालय की एनओसी मिल चुकी है। ऐसे में किसी तरह की दिक्कत नहीं आनी है। कंपनी द्वारा ग्राम समाज की 42.02 हेक्टेयर भूमि का पुनर्ग्रहण किया गया है। 22 हेक्टेयर भूमि कंपनी ने किसानों से खरीदा है। 35.238 हेक्टेयर भूमि ग्राम समाज की सुरक्षित श्रेणी की है। इसी भूमि के बदले में किसानों से भूमि खरीदकर कंपनी दे रही है। मेगा लेदर क्लस्टर डेवलपमेंट कंपनी के निदेशक अशरफ रिजवान ने बताया कि भूमि ले ली गई है। यूं कहें तो अब प्रोजेक्ट की राह में कोई बाधा नहीं बची है।



इसी जमीन पर बनेगा क्लस्टर। अमृत विचार

- कंपनी ने खरीदी भूमि, अब प्रशासन से होगी अदला- बदली

### आईआईटी मुंबई बना कंसल्टेंट

**कानपुर**। रमईपुर में मेगा फुटवियर पार्क के विकास के लिए अब उप्र राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण आईआईटी मुंबई की मदद लेगा। करीब 32 करोड़ रुपये की लागत से यहां विकास कार्य होने हैं। एक दर्जन से अधिक कंपनियों ने यहां प्लाट खरीद लिए हैं। अब यहां मूलभूत सुविधाओं का विकास होते ही कंपनियां निर्माण कार्य शुरू कर देंगी।

# सरकारी राशन की कालाबाजारी में प्राथमिकी दर्ज

**बिल्हौर**। सरकारी राशन के वितरण में अनियमितता और खाद्यान्न की कालाबाजारी में एक उचित दर विक्रेता (कोटेदार) के परिजनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

सलेमपुर के उचित दर विक्रेता मोहन लाल की मृत्यु हाल ही मे 21 अप्रैल को हो गई थी। कार्डधारकों को राशन वितरण बाधित न हो, इसके लिए प्रशासन ने अस्थायी रूप से गढ़ेवा के कोटेदार अजय चन्द्र त्रिपाठी को इस दुकान से संबद्ध किया था। जब संबद्ध विक्रेता ने स्टॉक की जांच की तो पिछले महीनों का अवशेष खाद्यान्न नहीं पाया गया। इसके पश्चात, 29 अप्रैल को पूर्ति निरीक्षक दिनेश कुमार वर्मा ने दुकान का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान, दुकान पर गेहूं 38.46 क्विंटल, चावल 43.31 क्विंटल, बाजरा 14.44 क्विंटल, मक्का 13.41 क्विंटल और ज्वार 13.60 क्विंटल खाद्यान्न अवशेष होना चाहिए था, जो मौके पर नहीं मिला। इसके बाद कोटेदार की पत्नी मंजू के विरुद्ध खाद्य विभाग के अधिकारियों के द्वारा रिपोर्ट दर्ज करा दी गई है।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road,
Bareilly-243006 (UP) India, Phone : 0581-2526051, 053, 153
Email : registrar@biu.edu.in, Website : www.biu.edu.in
For any query contact : 9520876189, 9105500202, 9105500404
Applications are invited for Admission to Ph.D. Programmes
July 2026 session in the following disciplines
- Faculty of Medical Sciences
(All Clinical and Non-Clinical Specialities)
- Faculty of Pharmacy
- Faculty of Dental Sciences
(All Specialities)
- Faculty of Management
Application Fee
- For Indian Candidate Rs. 2000/-
- NRI/Foreign National Candidate Rs. 5000/- or $60 USD
Last Date of Receiving Application : 30th May, 2026
Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.) India
For more details and application form & application fee,
visit university website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/reseach/Latest-Application-form-for-PHD-programme.pdf)

## न्यूज ब्रीफ

### डंपर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

उन्नाव, अमृत विचार : माखी थानाक्षेत्र के कंजौरा रामनरेश (32) पुत्र प्रहलाद छोटे भाई रोहित के साथ सदर कोतवाली क्षेत्र के सरोसी बाजार आया था। तभी उन्नाव-परियर मार्ग पर तेज रफ्तार डंपर ने बाइक में टक्कर मार दी। इसमें राम नरेश की मौके पर मौत हो गई। वहीं रोहित को मामूली चोट आई। घटना से आक्रोशित लोगों ने शव रख कर जाम लगा दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस लोगों को समझाने में जुटी है।

### कार ने बाइक को मारी टक्कर, महिला घायल

नवाबगंज उन्नाव, अमृत विचार : अजगैन-मोहान मार्ग पर गांव लखनापुर मोड के पास बुधवार दोपहर अज्ञात वाहन ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। इसमें बाइक सवार महिला गंभीर घायल हो गई। हसनगंज के गौरी सलेमपुर निवासी सुरेश अपनी पत्नी संगीता के साथ दवा लेकर जैतीपुर से लौट रहे थे। तभी पीछे से आई अनियंत्रित कार ने उन्हें टक्कर मार दी और चालक कार लेकर फरार हो गया। एंबुलेंस ने संगीता को सीएचसी नवाबगंज में भर्ती कराया। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

### पुरानी रंजिश में युवक पर हमला, सिर फूटा

शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार : गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के संभर खेड़ा गांव निवासी अरुण ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मंगलवार रात वह शौच के लिए जा रहा था। तभी गांव के नितिन, गुड्डू, पुतानी व छोटू ने उसे रोका और गालीगलौज करने लगे। विरोध करने पर उन लोगों ने लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी। मारपीट में अरुण घायल हो गया, जिसे बाद में उपचार के लिए ले जाया गया। पीड़ित ने गंगाघाट कोतवाली में शिकायत दर्ज कराते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है और जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### डंपर से टकराया ट्रेलर, दो घायल

नवाबगंज उन्नाव, अमृत विचार : अजगैन कोतवाली क्षेत्र के कानपुर-लखनऊ हाईवे पर बुधवार सुबह नवाबगंज बाईपास के पास झांसी से बिहार जा रहा गिट्टी लदा ट्रेलर आगे चल रहे डंपर में पीछे से टकरा गया। बताया जा रहा है कि डंपर चालक द्वारा अचानक ब्रेक लगाने से पीछे चल रहा ट्रेलर अनियंत्रित होकर उससे टकरा गया। इसमें ट्रेलर का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और चालक सुरेंद्र व खलासी चंदन मामूली घायल हो गए। चालक के अनुसार वह झांसी से गिट्टी लादकर गोपालगंज बिहार जा रहा था। तभी रास्ते में यह दुर्घटना हो गई।

# जमीन कब्जे को लेकर दो भाजपा विधायकों में ठनी

- न्यायालय ने दिए हैं यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश
- सदर विधायक ने डीएम को पत्र लिखकर की निष्पक्ष जांच की मांग

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव


सदर विधायक पंकज गुप्ता।


मोहान विधायक बृजेश रावत।

**अमृत विचार:** प्रदेश की योगी सरकार जमीनों पर कब्जा करने वालों के विरुद्ध बुल्डोजर अभियान जारी रखे हुए है। इस अभियान के चलते बड़े-बड़े भूमाफिया भी मौजूदा समय में नतमस्तक हैं। ऐसे में उन्नाव जिले के लखनऊ-कानपुर हाईवे में नवीन मंडी के पास स्थित एक जमीन को लेकर भाजपा के दो विधायकों में विवाद गहरा गया है। मोहन विधायक बृजेश रावत के परिवार व सदर विधायक पंकज गुप्ता की बहन के बीच चल रहे इस विवाद ने अब राजनीतिक तूल पकड़ लिया है। अब मामला प्रशासनिक अफसरों व कोर्ट तक पहुंच चुका है। इसमें कोर्ट से यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश जारी करते हुए मामले की अगली सुनवाई के लिए 20 मई की तिथि तय की है।

बता दें कि मोहन विधायक के भाई राजेश रावत का आरोप है कि सदर विधायक व उनकी बहन दीप्ति गुप्ता उनकी पैतृक जमीन पर जबरन कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। राजेश के अनुसार, मामला कोर्ट में विचाराधीन होने के बावजूद मंगलवार सुबह जमीन पर पिलर व दीवार खड़ी कर घेराबंदी की गई। जिसे बाद में जेसीबी से ढहा दिया गया। मामले में अपना नाम आने पर सदर विधायक ने डीएम को पत्र लिखकर कहा है कि कुछ लोग उनका नाम इस विवाद में घसीटकर उनकी छवि धूमिल कर रहे हैं। उन्होंने डीएम से आग्रह किया है कि पूरे प्रकरण की साक्ष्यों व अभिलेखों के आधार पर गहन जांच कराई जाए। उन्होंने पत्र में स्पष्ट किया कि बृजेश रावत की भूमि की तुरंत पैमाइश करवाकर उन्हें कब्जा दिलाया जाए। चाहे कब्जा करने वाला उनका सगा संबंधी ही क्यों न हो। उन्होंने कानून के अनुसार दूध का दूध व पानी का पानी करने की मांग की है।

### प्रशासन ने कहा- कोर्ट के फैसले का करें इंतजार

उन्नाव : एसडीएम सदर क्षितिज द्विवेदी ने बताया कि सदर विधायक की बहन दीप्ति गुप्ता व मोहान विधायक ब्रजेश रावत के बीच भूमि विवाद संज्ञान में आया था। राजस्व टीम की जांच में सामने आया कि दोनों पक्षों की भूमि की गाटा संख्या अलग है। जहां दीप्ति गुप्ता के नाम गाटा संख्या 2324 दर्ज है। वहीं विधायक मोहान के नाम गाटा संख्या 763 व 764 दर्ज है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह मामला पूर्णत निजी भूमि से संबंधित है और सिविल जज दक्षिणी की कोर्ट में विचाराधीन है। कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए 20 मई की तिथि तय की है। मौके पर शांति व्यवस्था बनाने के लिए दोनों पक्षों को यथास्थिति बरकरार रखने के निर्देश दिए गए हैं। जिस पर दोनों पक्ष सहमति हैं।

### नेक्स्टजेन 4 कॉन्फ्रेंस में नगर के डॉक्टर को किया गया सम्मानित


मथुरा में सम्मानित हुए डॉक्टर विशाल कनौजिया।

शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार : मथुरा स्थित बृज कला केंद्र में आयोजित नेक्सटजेन 4 नेशनल कॉन्फ्रेंस में फिजियोथेरेपी क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विशेषज्ञों को सम्मानित किया गया। इसमें शुक्लागंज के मनी बिहारी पुरम निवासी आराध्या फिजियोथेरेपिस्ट के डॉ. विशाल कनौजिया को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए फिजियो लीजेंड अवार्ड मिला। यह सम्मान राष्ट्रीय अधिवेशन के मंच से देशभर के विशेषज्ञों की उपस्थिति में दिया गया। इसमें विभिन्न राज्यों से आए फिजियोथेरेपिस्ट व चिकित्सा विशेषज्ञों ने भाग लेकर नवीन शोध, आधुनिक तकनीकों व उपचार पद्धतियों पर चर्चा की। सम्मेलन का उद्देश्य फिजियोथेरेपी के क्षेत्र में नवाचार बढ़ाना व विशेषज्ञों में अनुभवों का आदान-प्रदान करना रहा। डॉ. विशाल कनौजिया के सम्मान से क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

### डीएम ने निर्माणाधीन मीटिंग हाल का लिया जायजा

उन्नाव, अमृत विचार : डीएम घनश्याम मीना ने जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय के निर्माणाधीन मीटिंग हाल का निरीक्षण किया। उन्होंने मीटिंग मुख्य हाल, अधिकारी कक्ष व अन्य सौन्दर्यीकरण, फिनिशिंग, टॉयलीकरण, वाल फैंसिंग, पीवीसी के कार्य का निरीक्षण किया और कार्यदायी संस्था प्रभारी को प्राथमिकता के साथ कार्य में तेजी लाकर शीघ्र कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिया। जिला सौनिक कल्याण अधिकारी मधु मिश्रा ने बताया कि कार्य की लागत 53 .80 लाख है।

# स्नान के दौरान गंगा में डूबे 5 युवक, दो की मौत

## कड़ी मशक्कत से गोताखोरों ने तीन को सुरक्षित बचा लिया, घटना से परिजनों में मचा कोहराम

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव


आशीष फाइल फोटो


जीतू फाइल फोटो

**अमृत विचार:** बुधवार शाम हाईवे जाजमऊ स्थित चंदन घाट पर गंगा स्नान के दौरान बड़ा हादसा हो गया, जिसमें पांच युवक डूबने लगे। मौके पर मौजूद लोगों की सूझबूझ से तीन युवकों को सुरक्षित बचा लिया गया, जबकि एंबुलेंस चालक समेत दो युवकों की मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और परिजनों में कोहराम मच गया।

अचलगंज थाना क्षेत्र के आटा बंथरा निवासी आशीष उर्फ सक्षम गुप्ता (22) अपने बड़े भाई अजीत गुप्ता, कानपुर देहात के झींझक निवासी एंबुलेंस चालक सचिन उर्फ जीतू शर्मा (30), जालिम खेड़ा निवासी मयंक और बांगरमऊ निवासी एंबुलेंस सहायक विमल के साथ बुधवार को कानपुर खरीदारी करने गए थे। अजीत ने बताया कि सीतापुर निवासी उनके मामा की बेटी की शादी 9 मई को होनी है, जिसके लिए सभी लोग लाल बंगला बाजार से कपड़े खरीदने गए थे। खरीदारी के बाद शाम करीब साढ़े पांच बजे सभी कार से लौटते समय जाजमऊ पुल पहुंचे। इसी दौरान जीतू और विमल ने गंगा में स्नान करने की इच्छा जताई, जिसके बाद सभी युवक चंदन घाट पहुंच गए और कपड़े उतारकर नहाने लगे। नहाते समय अचानक जीतू और आशीष गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। उन्हें बचाने के लिए अजीत, मयंक और विमल भी आगे बढ़े, लेकिन वे भी डूबने लगे। तट पर मौजूद लोगों ने शोर मचाया, जिस पर गंगा में नाव चला रहे नाविकों ने तुरंत नदी में छलांग लगा दी। नाविकों ने कड़ी मशक्कत कर अजीत, मयंक और विमल को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। हालांकि, आशीष और जीतू गहरे पानी में चले जाने के कारण लापता हो गए। घटना की सूचना मिलते ही गंगाघाट कोतवाली प्रभारी अजय कुमार सिंह और जाजमऊ चौकी इंचार्ज विनोद सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने तत्काल गोताखोरों की टीम को बुलाया। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद गोताखोरों ने शाम करीब 6:30 बजे जीतू का शव गंगा से बाहर निकाला। वहीं, आशीष की तलाश रात तक जारी रही और अंततः रात करीब 8 बजे उसका शव भी बरामद कर लिया गया। दोनों युवकों के शव मिलने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। आशीष के पिता संजय, मां सीमा, बहन निधि और भाई का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। वहीं, जीतू के परिवार में भी मातम पसरा रहा।

### रुपये देने पर मिला आशीष का शव

गोताखोरों ने पहले जीतू का शव निकाल लिया था, लेकिन आशीष का शव देर तक नहीं मिला। परिजनों द्वारा दो हजार देने की बात कहने के बाद गोताखोरों ने उसका शव भी बाहर निकाला।

### ढाई घंटे तक चला रेस्क्यू ऑपरेशन

घटना के बाद पांच सदस्यीय गोताखोर टीम ने करीब ढाई घंटे तक लगातार गंगा में तलाश अभियान चलाया। काफी मशक्कत के बाद दोनों शवों को बाहर निकाला जा सका।

### पशुधन प्रसार अधिकारी संघ के जिलाध्यक्ष बने चंद्रप्रकाश, अंकित पांडे जिला महामंत्री



माला पहने निर्वाचित पदाधिकारी।

उन्नाव, अमृत विचार : पशुधन प्रसार अधिकारी संघ का द्विवार्षिक अधिवेशन गदन खेड़ा स्थित एक रेस्टोरेंट में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष उमा निवास वाजपेई की अध्यक्षता में हुआ। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. विनोद कुमार, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. वृंदावन राठौर, सहायक निर्वाचन अधिकारी राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिला मंत्री दिलीप अवस्थी, संरक्षक अजय श्रीवास्तव की उपस्थिति में सर्व सम्मत से चन्द्र प्रकाश को जिलाध्यक्ष, अंकित पांडेय को महामंत्री, सत्येंद्र यादव को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अश्वनी यादव को संगठन मंत्री, आशीष कुमार को कोषाध्यक्ष, पवन निगम को ऑडिटर व अंकित पांडेय को जिलामंत्री चुना गया।

### डिप्टी सीएम को लेकर हाईवे पर सुरक्षा कड़ी

शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के सड़क मार्ग से आवागमन को लेकर बुधवार को गंगाघाट क्षेत्र में हाईवे पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई। प्रोटोकॉल जारी होने के बाद जगह-जगह फोर्स तैनात रही और वाहनों की आवाजाही पर नजर रखी गई। इंस्पेक्टर अजय सिंह के नेतृत्व में पुलिस कर्मियों को संवेदनशील बिंदुओं पर लगाया गया। दोपहर करीब 1 बजे डिप्टी सीएम का काफिला हाईवे से गुजरा। इसके बाद पुलिस ने राहत की सांस ली। इसी दौरान दोपहर करीब 2 बजे राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला भी कानपुर से लखनऊ की ओर सड़क मार्ग से गुजरीं। शाम को डिप्टी सीएम का काफिला पुनः लखनऊ की ओर रवाना हुआ। इसे देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखी गई। वीआईपी मूवमेंट के कारण बुधवार को हाईवे पर पैचवर्क का कार्य भी स्थगित रखा गया, जिससे यातायात सुचारू बना रहा।

### वर्षा जल संचयन को जिले में बनेंगे 14 खेत तालाब

उन्नाव, अमृत विचार : भूमि संरक्षण अधिकारी ऊसर सुधार शशांक ने बताया कि कृषि विभाग के भूमि संरक्षण अनुभाग द्वारा राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देने के लिए सरकार की खेत तालाब योजना जिले में संचालित की गयी है। इसके तहत जिले को वर्ष 2026-27 के लिये 14 खेत तालाब का लक्ष्य निर्धारित हुआ है। जिसमें सामान्य वर्ग के लिए 10 व अनुसूचित जाति के लिए 4 खेत तालाब का लक्ष्य दिया गया है। लघु खेत तालाब का आकार 22 मीटर लंबा, 20 मीटर चौड़ा व 3 मीटर गहरा होगा। इसकी कुल लागत 1.05 लाख तय हुई है। इस लागत का 50 प्रतिशत अनुदान दो किस्तों में देय है। इच्छुक कृषक खेत तालाब बुकिंग के लिए ऑनलाइन आवेदन कृषि विभाग की वेबसाइट पर कर सकेंगे। ऑनलाइन चयन कर टोकन जारी की जायेगी। टोकन मनी धनराशि 1000 रुपये कृषक द्वारा ऑनलाइन जमा करने के बाद कृषक द्वारा निर्धारित खेत की खतौनी, कृषक का फोटो, शपथपत्र, बैंक पासबुक व अन्य अभिलेख पोर्टल पर अपलोड करना होगा।

# लोडर की टक्कर से 2 सगे व एक चचेरे भाई की मौत

- पुलिस बोली- तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार : बारात जाते समय तेज रफ्तार लोडर की टक्कर से बाइक सवार दो सगे भाइयों की मौत हो गई। वहीं चचेरा भाई गंभीर घायल हो गया। बुधवार देर शाम इलाज के लिए लखनऊ ले जाते समय उसकी भी मौत हो गई। परिवार के तीन युवकों की मौत से परिजनों में चीखपुकार मची है। बता दे कि सदर कोतवाली कोतवाली क्षेत्र के खटई गांव निवासी सुशील (30)पुत्र स्व. गुल्लू अपने छोटे भाई पिंटू (25) व चचेरे भाई बबलू (28) पुत्र स्व .राजाराम के साथ परिवार के ही चचेरे भाई सुनील की बारात में शामिल होने मंगलवार रात पुरवा कोतवाली के जगवा गांव जा रहे थे। तीनों एक की बाइक पर थे। तभी दही थाना क्षेत्र के गौरा मोड़ के लिंक मार्ग पर तेज रफ्तार लोडर ने टक्कर मार दी हादसे में सुशील व बबलू की मौके पर मौत हो गई थी। वहीं छोटे भाई पिंटू को परिजनों ने एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से बुधवार शाम हालत में सुधार न होने पर परिजन लखनऊ ले जा रहे थे। तभी उसकी भी मौत गया। सुशील चार भाइयों में तीसरे नंबर व पिंटू छोटा था। बड़ा भाई सुनील दिव्यांग है।सुशील की मौत से पत्नी रेखा व पिंटू की मौत पत्नी रचना बेहाल है। उसके दो छोटे बच्चे है। वहीं बबलू भी मजदूरी करता था। वह चार भाइयों में छोटा था। एसओ ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि लोडर को पकड़ लिया है। तहरीर के आधार रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# शहर में कूड़ा मिला तो कार्रवाई तयः डीएम

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव


बैठक में मातहतों को निर्देशित करते डीएम घनश्याम मीना। ● अमृत विचार

- डीएम को अध्यक्षता में हुई नगर निकायों के अधिकारियों की बैठक

**अमृत विचारः** जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में पन्नालाल सभागार में नगर निकायों के अधिकारियों की बैठक हुई। इसमें जिलाधिकारी ने कहा कि वर्षा से पहले नालियों की सफाई हो जाए। जल जमाव वाले स्थलों, नाले-नालियों पर एंटी लार्वा, चूना व दवा का छिड़काव प्राथमिकता के साथ कराया जाए। कहा कि जल्द ही शहर का निरीक्षण किया जाएगा। कहीं भी गंदगी या कूड़े के ढेर दिखे तो खैर नहीं होगी। सभी की जवाब देही तय कर कठोर कार्यवाही की जाएगी।

डीएम ने कहा कि सभी नगर पालिकाएं व नगर पंचायतें थीम बेस पर एक पार्क का डेवलपमेंट करें और उसका सौंदर्यीकरण का कार्य करें। कहा कि जिले की सभी निकायों में जल प्रबंधन/गंदे पानी का प्रबंधन, मल निकासी सेवाओं का मशीनीकरण स्वच्छता तक पहुंच/शौचालय की उपलब्धता, ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन, कचरे का प्रथक करण संग्रहण व परिवहन के लिये बेहतर कार्य कराया जाय। कहा कि एक सप्ताह बाद पुनः बैठक बुलाई जाएगी और एक-एक करके प्रेजेंटेशन देखा जाएगा। बैठक में एडीएम न्यायिक अमिताभ यादव के अलावा सभी नगर निकायों के अधिशासी अधिकारी मौजूद रहे।

### पालिका में लापरवाही पर ईओ सख्त, बाबुओं व सफाई नायकों को चेतावनी


बाबुओं को फटकार लगाते ईओ।

शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार : नगर पालिका गंगाघाट में बुधवार को ईओ मुकेश मिश्रा ने कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मियों पर सख्त रुख अपनाया। उन्होंने पटल बाबुओं की कार्यप्रणाली की समीक्षा कर शिथिलता पर जमकर फटकार लगाई और सुधार लाने के निर्देश दिए। विशेष रूप से पेंशन व वेतन से जुड़े मामलों में अनियमितताएं मिलने पर संबंधित बाबू राम नरेश पाल को अंतिम चेतावनी दी। ईओ ने कहा कि पेंशन जैसे संवेदनशील मामलों में कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। इसके साथ उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन के तहत वार्डों में सफाई की स्थिति पर भी नाराजगी जताई। सफाई में ढिलाई बरतने वाले कई सफाई नायकों को फटकार लगाते हुए जिम्मेदारी से कार्य करने की हिदायत दी। उन्होंने जनगणना से जुड़े कार्यों में भी तेजी लाने के निर्देश दिए और सभी कर्मचारियों को समयबद्ध तरीके से कार्य पूरा करने को कहा। ईओ ने स्पष्ट किया कि भविष्य में लापरवाही मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# 4 माह बाद भी मासूमों को नहीं मिला मुआवजा

नवाबगंज उन्नाव


बच्चियों से मिलतीं सपा नेत्री आंचल वर्मा।

- हादसे में माता-पिता व भाई-बहनों की हो चुकी है मौत

**अमृत विचारः** एक हादसे में अपने माता-पिता व भाई-बहनों को खो देने वाली लोधी समाज की 3 बच्चियों की जिंदगी गहरे संकट में है। हादसे के 4 माह बाद भी शासन-प्रशासन द्वारा घोषित मुआवजा फाइलों में ही दफन है। इस हादसे ने हंसते-खेलते परिवार को पूरी तरह उजाड़ दिया था। अब घर में सिर्फ 3 छोटी बच्चियां व उनके बुजुर्ग दादा-दादी ही हैं। अपनों को खोने के गम के साथ अब इन बच्चियों के सामने दो वक्त की रोटी का संकट खड़ा हो गया है। दादा-दादी की ढलती उम्र व खराब स्वास्थ्य के कारण घर की पूरी जिम्मेदारी इन मासूम कंधों पर आ गई है। परिजनों का आरोप है कि घटना के समय प्रशासन ने त्वरित सहायता व मुआवजे का आश्वासन दिया था, लेकिन 4 माह बाद भी एक धेला तक नसीब नहीं हुआ। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन की यह संवेदनहीनता इन अनाथ बच्चियों के भविष्य को अंधकार की ओर धकेल रही है। मंगलवार को सपा नेत्री आंचल वर्मा ने प्रशासन को आड़े हाथ लिया। उन्होंने कहा कि सरकार को अपनी संवेदनशीलता दिखानी चाहिए। इन बच्चियों को तत्काल मुआवजा व आर्थिक मदद दी जाए। ताकि वे अपनी बुनियादी जरूरतें पूरी कर सकें। यह केवल एक परिवार की नहीं, बल्कि समाज के हक की लड़ाई है। ग्रामीणों ने मांग की है कि मुख्यमंत्री व डीएम मामले का संज्ञान लें और बच्चियों को मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं से जोड़कर उनका भविष्य सुरक्षित करें।

# पुलिस अभिरक्षा से भागी महिला को एक साल की सजा

- पति की हत्या के आरोप में उन्नाव जिला जेल में बंद थी महिला

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव, अमृत विचार : पति की हत्या के आरोप में जेल में निरुद्ध महिला बंदी अस्पताल के शौचालय से भाग गई थी। पुलिस ने उसके विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कोर्ट में चार्जशीट पेश की थी। बुधवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई में न्यायाधीश ने महिला को 1 साल की सजा सुनाई है। बिहार थानाक्षेत्र के संगमखेड़ा गांव निवासी ईंट भट्ठा श्रमिक चंद्रपाल की पत्नी अनीता का वर्ष-2015 में चूड़ी बेचने वाले युवक से प्रेम हो गया था। इसके कुछ दिन बाद चंद्रपाल की हत्या हो गई थी। मृतक के पिता की तहरीर पर अनीता के विरुद्ध हत्या की रिपोर्ट दर्ज हुई थी। इस मामले में जेल में बंद अनीता को 6 सितंबर-2023 को पेट दर्द की शिकायत पर जिला अस्पताल लाया गया था। हालत में सुधार होने पर 8 सितंबर को अनीता को जनरल वार्ड में शिफ्ट किया गया। अनीता दूसरे दिन सुबह 10 बजे शौचालय गई। शौचालय के बाहर अनीता की निगरानी के लिए खड़ी सुरक्षाकर्मी मोबाइल चलाने लगी। तभी मौका देख अनीता वहां से भाग गई थी। बाद में पुलिस ने उसे पकड़कर जेल भेजा था। पुलिस ने उसके विरुद्ध अभिरक्षा से भागने आदि धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। बुधवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई सीजेएम की कोर्ट में पूरी हुई। इसमें न्यायाधीश ने अभियोजन पक्ष से पीओ अनंत त्रिपाठ की दलील व साक्ष्य के आधार पर महिला को 1 साल की सजा सुनाई।

### 30 मई तक कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन

उन्नाव, अमृत विचार : मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2019-20 से 2025-26 तक की वित्तपोषित/स्थापित व संचालित इकाईयों के न्यूनतम धनराशि रुपये 5 लाख तक के ऋण-ग्राहिता (ऋण प्राप्तकर्ता) उद्यमियों को 3 पगमिल मशीन बांटे जाने का लक्ष्य मिला है। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी संजीव कुमार ने कहा कि इच्छुक लाभार्थी माटीकला बोर्ड द्वारा संचालित पोर्टल पर 30 मई तक आवेदन ऑनलाइन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन की प्रति के साथ अपनी फोटो, जाति प्रमाणपत्र, आधार कार्ड, शैक्षिक योग्यता, मूल निवास प्रमाणपत्र, राशन कार्ड, अनुभव प्रमाणपत्र आदि की प्रतियां व मोबाइल नंबर सहित कार्यालय में जमा करा सकते है। लाभार्थियों का चयन समिति द्वारा किया जायेगा।

### ब्रेक फेल होने से सहजनी में पलटे दो डंपर, चालक घायल

शुक्लागंज-उन्नाव, अमृत विचार : गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के सहजनी क्रासिंग ढाल के पास बुधवार सुबह उस समय बड़ा हादसा टल गया जब मिट्टी लादकर जा रहे दो डंपर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गए। इसमें दोनों चालकों को मामूली चोटें आई हैं। बताया गया कि बाबा खेड़ा क्षेत्र में रिंग रोड का निर्माण चल रहा है। जहां मिट्टी डालने के लिए डंपरों का आवागमन जारी है। बुधवार सुबह करीब 5 बजे चालक बब्लू सहजनी खदान से मिट्टी लादकर बाबा खेड़ा जा रहा था। जैसे ही वह सहजनी क्रासिंग ढाल के पास पहुंचा अचानक डंपर का ब्रेक फेल हो गया और वाहन पीछे लुढ़कने लगा। यह देख पीछे आ रहे दूसरे डंपर चालक संजय ने भी अपना वाहन बैक करना शुरू किया। लेकिन दोनों डंपर अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर गए और पलट गए। हादसे में चालक घायल हो गया।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती हिमांशी पत्नी अटलबिहारी पुत्री स्व0 चन्द्र प्रकाश निवासी ग्राम खाभामऊ ब्योली इस्लामाबाद तहसील बाँगरमऊ जिला उन्नाव ने पालिका कार्यालय में दिनांक 17-03-2026 को अपने आवेदन पत्र के साथ अपने पिता मृत्यु प्रमाण पत्र, पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र,शपथ पत्र व आधार कार्ड प्रस्तुत कर यह मांग की है कि प्रार्थिनी के पिता चन्द्र प्रकाश पुत्र स्व0 राजाराम के नाम से मोहल्ला कटरा बाँगरमऊ की पालिका कर पंजिका रजिस्टर मे भवन नम्बर 173/13 पर दर्ज नाम से चला आ रहा है। प्रार्थी के पिता चन्द्र प्रकाश की मृत्यु दिनांक 26-11-2025 को हो जाने के बाद प्रार्थिनी ने उक्त भवन को पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यो के आधार पर प्रार्थिनी ने उक्त भवन को अपने नाम से नगर पालिका कर पंजिका अभिलेखों में कर की अदायगी के लिए दर्ज किये जाने की मांग की है। पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यो आवेदन पत्र, पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति,शपथ पत्र के आधार पर यदि उक्त नामान्तरण प्रकिया को पूर्ण किये जाने मे किसी को कोई भी आपत्ति है। तो वह विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिन के अन्दर उक्त भवन से सम्बंधित सर्वमान्य रजिस्टर्ड साक्ष्य सहित मेरे समक्ष उपस्थित हो कर वह अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकता है। बाद मियाद गुजर जाने पर किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा और उपरोक्त नामान्तरण प्रकिया को आवेदनकर्ता के पक्ष मे पूर्ण कर दिया जायेगा तत्पश्चात नगर पालिका परिषद बाँगरमऊ की कोई जिम्मेदारी न होगी।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
बाँगरमऊ उन्नाव

**लापरवाही** | हरदोई पुल पर कई एंबुलेंस घंटों फंसी रहीं, कचहरी रोड व सदर बाजार में भी वाहनों की लगी रहीं लंबी कतारें

# मरम्मत कार्य की सुस्त चाल से हरदोई पुल पर रेंगा यातायात

कार्यालय संवाददाता उन्नाव


हरदोई पुल पर जाम में फंसी एंबुलेंस। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** शहर के हरदोई पुल की मरम्मत का कार्य अब आमजन के लिए जी का जंजाल बन चुका है। पीडब्ल्यूडी ठेकेदार की लापरवाही व सुस्त कार्य से बुधवार को पूरा शहर जाम की चपेट में रहा। पुल का आधा रास्ता बंद होने से न केवल हरदोई मार्ग, बल्कि कचहरी रोड व सदर बाजार में भी वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं।

बता दें कि यातायात व्यवस्था को सुचारु रखने के लिए यातायात पुलिस ने पीडब्ल्यूडी व संबंधित ठेकेदार को निर्देश दिए थे कि मरम्मत कार्य रात में ही किया जाए। साथ ही यह भी कहा था कि रात भर में सड़क का उतना ही हिस्सा खोदा जाए जिसे सुबह तक तैयार कर यातायात के लिए खोला जा सके। लेकिन ठेकेदार की मनमानी के चलते मंगलवार रात खोदा गया हिस्सा पूरा नहीं किया गया और वहां बैरिकेडिंग लगाकर छोड़ दी गई। रास्ता संकरा होने से मंगलवार से शुरू हुआ जाम बुधवार को और भी विकराल हो गया। जाम का दर्दनाक मंजर तब देखने को मिला जब हरदोई पुल पर कई एंबुलेंस घंटों फंसी रहीं। रास्ता बंद होने से सारा ट्रैफिक कचहरी रोड पुल की ओर डायवर्ट हो गया। इससे वहां भी जाम के हालात बन गए। सुबह 10 से 12 बजे तक दफ्तर व स्कूल जाने वालों की भारी भीड़ के कारण जाम लगा रहा। दोपहर 3 से शाम 5 बजे दोबारा पीक आवर्स शुरू होते ही वाहनों की कतारें बड़ा चौराहा से छोटा चौराहा तक पहुंच गईं।

### अजगैन-मोहान मार्ग पर तीसरी बार टूटा हाइटगेज, डंपरों का तांडव जारी

नवाबगंज, उन्नाव : अजगैन-मोहन मार्ग पर अवैध खनन व व ओवरलोडिंग पर अंकुश लगाने के लिए लगाया गया हाइटगेज एक बार फिर टूट गया है। एक तेज रफ्तार ओवरलोड डंपर ने हाइटगेज को टक्कर मारकर उखाड़ दिया। हैरानी की बात यह है कि बार-बार हो रही इन घटनाओं के बावजूद जिम्मेदार विभाग मूकदर्शक बना है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इस मार्ग पर दिनरात प्रतिबंध के बावजूद ओवरलोड डंपरों का संचालन धड़ल्ले से हो रहा है। प्रशासन ने भारी वाहन रोकने के लिए हाइटगेज तो लगवाया, लेकिन न तो इसकी मजबूती पर ध्यान दिया और न इसकी सुरक्षा के लिए कोई गार्ड या सीसीटीवी की व्यवस्था की गई। ग्रामीणों के अनुसार, यह हाइटगेज केवल दिखावे के लिए है, डंपर चालक बेखौफ होकर इसे तोड़कर निकल जाते हैं। लोगों ने चेतावनी दी कि यह हाइटगेज किसी भी दिन बड़े हादसे का सबब बन सकता है। यदि गिरते समय कोई राहगीर इसकी चपेट में आया तो उसकी जान जाना तय है। बीते कुछ महीनों में यह तीसरी घटना है जब हाइटगेज टूटा है। क्षेत्र में सक्रिय खनन माफिया के दबाव में नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। बार-बार शिकायत के बाद भी पीडब्ल्यूडी व पुलिस ने सख्त कदम नहीं उठाए।

अमृत विचार

गुरुवार, 7 मई 2026



लोकतंत्र में सत्ता का आना-जाना लगा रहता है, लेकिन देश बना रहना चाहिए।
-अटल बिहारी वाजपेयी, पूर्व प्रधानमंत्री



# ममता हठ

पश्चिम बंगाल में चुनाव परिणामों के बाद जिस प्रकार हिंसा, आरोपों और राजनीतिक कटुता का वातावरण बना है, वह लोकतंत्र की परिपक्वता पर गंभीर प्रश्न खड़े करता है। चुनाव हारने के बाद यह कहना कि 'जनादेश ने नहीं, चुनाव आयोग ने हराया' भावनात्मक प्रतिक्रिया से अधिक लोकतांत्रिक संस्थाओं की वैधता पर प्रहार है। जब ऐसा बयान किसी बड़े क्षेत्रीय दल की सर्वोच्च नेता की ओर से आता है, तो उसका असर कार्यकर्ताओं की मानसिकता और सड़क के माहौल दोनों पर पड़ता है। बंगाल में हिंसा का यही मनोविज्ञान दिखाई देता है। ममता बनर्जी और भाजपा दोनों को संयुक्त रूप से हिंसा रोकने की अपील करनी चाहिए।

बंगाल पहले भी चुनाव बाद हिंसा की भयावह राजनीति देख चुका है। लोकतंत्र में प्रतिशोध नहीं, सत्ता का शांतिपूर्ण हस्तांतरण सबसे बड़ी कसौटी होता है। यह सही है कि भारतीय चुनावों में हारने वाला पक्ष अक्सर ईवीएम, प्रशासनिक पक्षपात, धनबल या चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर प्रश्न उठाता रहा है। कभी भाजपा ने भी विपक्ष में रहते हुए ऐसी शिकायतें की थीं, तो कांग्रेस और क्षेत्रीय दल भी यह परंपरा निभाते रहे हैं, किंतु ममता बनर्जी का यह कहना कि 'सौ सीटें चुनाव आयोग ने लूट लीं' एक गंभीर आरोप है। लोकतंत्र में इतने बड़े आरोप का आधार भी उतना ही ठोस होना चाहिए। यदि प्रमाण हैं, तो संवैधानिक और न्यायिक रास्ते खुले हैं। केवल जनसभाओं और मीडिया के मंच से आरोप लगाने से न तो परिणाम बदलेंगे और न लोकतांत्रिक विश्वसनीयता बचेगी। प्रश्न यह है कि यदि ममता बनर्जी को चुनाव आयोग, न्यायपालिका और चुनावी प्रक्रिया तीनों पर भरोसा नहीं, तो फिर लोकतांत्रिक राजनीति का आधार क्या रह जाता है? चुनाव में भाग लेना और हार के बाद पूरी प्रक्रिया को अवैध बताना अंततः जनता के निर्णय को ही संदिग्ध बनाता है। लोकतंत्र में हार अस्थायी होती है; संस्थाओं को कठघरे में खड़ा कर देना स्थायी नुकसान पहुंचाता है। ममता के इस्तीफे से इनकार का कोई मतलब नहीं, क्योंकि संवैधानिक दृष्टि से मुख्यमंत्री तब तक पद पर बने रह सकते हैं, जब तक वैकल्पिक सरकार शपथ नहीं ले लेती। 'मैं नहीं हटूंगी' जैसी मुद्रा लोकतांत्रिक विनम्रता नहीं, बल्कि राजनीतिक हठ का संकेत देती है। यह हठ अपने कार्यकर्ताओं को संदेश देने और राजनीतिक प्रासंगिकता बनाए रखने की रणनीति है, किंतु इससे उनकी नैतिक स्थिति मजबूत नहीं होती। विपक्ष की व्यापक स्थिति भी आत्ममंथन मांगती है।

आज ममता विपक्षी एकता की बात कर रही हैं, लेकिन उन्होंने वर्षों तक क्षेत्रीय स्वार्थों के कारण कांग्रेस, वामपंथियों या अन्य सहयोगियों को कमजोर किया। बंगाल में वाम दलों और कांग्रेस के क्षरण में तृणमूल की भूमिका किसी से छिपी नहीं। इसी प्रकार विपक्षी गठबंधन के भीतर नेतृत्व विवाद, संयोजक पद को लेकर खींचतान और परस्पर अविश्वास ने भाजपा को राजनीतिक बढ़त दी। भाजपा की चुनावी मशीनरी जितनी मजबूत है, विपक्ष की रणनीतिक अव्यवस्था भी उतनी ही बड़ी सच्चाई है। विपक्ष का लगातार कमजोर होना भाजपा की ताकत से ज्यादा विपक्ष की वैचारिक अस्पष्टता, संगठनहीनता और अवसरवादी गठबंधनों का दुष्परिणाम है। केवल चुनाव आयोग या संस्थाओं को दोष देकर इस वास्तविकता से बचा नहीं जा सकता।

## प्रसंगवश

# मानवता और राष्ट्रवाद पर टैगोर की अंतर्दृष्टि



सुनील महला
लेखक

गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर का जन्म सात मई 1861 को बंगाल के एक अत्यंत प्रतिष्ठित और समृद्ध परिवार में महर्षि देवेंद्रनाथ टैगोर के घर हुआ था। बचपन से ही असाधारण और बेहद संवेदनशील प्रतिभा के धनी टैगोर ने मात्र आठ वर्ष की आयु में अपनी पहली कविता लिख दी थी और बहुत कम लोग जानते होंगे कि शुरुआत में वे 'भानुसिंह' उपनाम से लिखते थे। उन्हें चारदीवारी वाली पारंपरिक स्कूली शिक्षा बिल्कुल पसंद नहीं थी, इसलिए उनकी अधिकांश शिक्षा घर पर ही स्वाध्याय और निजी शिक्षकों के माध्यम से हुई।

इसी स्वाध्याय के बल पर उन्होंने संस्कृत, भारतीय दर्शन और नक्षत्र-विज्ञान का गहन अध्ययन किया। वर्ष 1877 में कानून की पढ़ाई के लिए उन्हें इंग्लैंड भेजा गया, परंतु वहां के शैक्षणिक माहौल से संतुष्ट न होने के कारण, वे बिना कोई डिग्री लिए भारत लौट आए। टैगोर एक ऐसे बहुमुखी रचनाकार थे, जिन्होंने कविता, संगीत, नाटक, कहानी और चित्रकला-हर क्षेत्र पर अपनी अमिट छाप छोड़ी। उन्होंने 2000 से अधिक गीतों की शानदार व दमदार रचना की, जिन्हें आज 'रवींद्र संगीत' के नाम से जाना जाता है, जो बंगाली संस्कृति का एक अनिवार्य हिस्सा हैं।

उनकी कालजयी साहित्यिक कृति 'गीतांजलि' (गीतों का उपहार) मूल रूप से बंगाली में लिखी गई थी, तथा यह 14 अगस्त 1910 को प्रकाशित हुई थी। जब टैगोर ने स्वयं इसका अंग्रेजी अनुवाद किया, तब महान आयरिश कवि डब्लूबी यीट्स (अंग्रेज़ी साहित्यकार) इसके अनुवाद से अत्यंत प्रभावित हुए और उन्होंने इस पुस्तक की ऐतिहासिक प्रस्तावना लिखी। इसी कृति के लिए टैगोर को वर्ष 1913 में साहित्य के क्षेत्र में विश्व का सर्वोच्च 'नोबेल पुरस्कार' प्राप्त हुआ और वे यह सम्मान पाने वाले पहले गैर-यूरोपीय बने। इसी वर्ष कलकत्ता विश्वविद्यालय ने उन्हें 'डी-लिट्' की उपाधि से भी सम्मानित किया। वर्ष 1915 में ब्रिटिश सरकार ने उन्हें 'नाइटहुड' की मानद उपाधि दी, जिसे उन्होंने 13 अप्रैल 1919 को हुए जलियांवाला बाग हत्याकांड के विरोध में अत्यंत क्षोभ के साथ वापस लौटा दिया।

टैगोर दुनिया के एकमात्र ऐसे कवि हैं, जिनकी रचनाएं दो देशों का राष्ट्रगान बनीं-भारत का 'जन-गण-मन' और बांग्लादेश का 'आमार सोनार बांग्ला'। इसके अलावा, श्रीलंका के राष्ट्रगान 'श्रीलंका माथा' के रचयिता आनंद समराकून भी शांति निकेतन में टैगोर के ही शिष्य थे, जिन्होंने गुरुदेव की संगीत शैली से प्रेरित होकर इसकी रचना की थी। टैगोर ने पत्नी व बच्चों की असामयिक मृत्यु के गहरे आघात को झेला। उन्होंने महान वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन के साथ विज्ञान और दर्शन के गूढ़ विषयों पर प्रसिद्ध संवाद किए। 60 वर्ष की आयु में उन्होंने चित्रकला की शुरुआत की। वे 'रेड-ग्रीन कलर ब्लाइंडनेस' (लाल और हरे रंग को ठीक से न पहचान पाने की शारीरिक सीमा) से ग्रसित थे, लेकिन इस बाधा को पार करते हुए उन्होंने लगभग 3,000 पेंटिंग्स बनाईं।

अपनी कहानियों 'काबुलीवाला' और 'चोखेर बाली', जो बहुत पठनीय व प्रसिद्ध रहीं हैं, के जरिए उन्होंने मानवीय संवेदनाओं और महिलाओं के अधिकारों को स्वर दिया। टैगोर का यह मानना था कि मानवता राष्ट्रवाद से कहीं ऊपर है और वे अंध राष्ट्रवाद के कड़े आलोचक थे। इसी वैश्विक दृष्टिकोण और विश्वबंधुत्व की भावना के साथ उन्होंने यूरोप, अमेरिका, चीन और जापान जैसे देशों की यात्राएं कीं। वे बंगाल के प्रसिद्ध सूफी संत लालन फकीर के मानवतावादी व सांप्रदायिक सौहार्द के संदेशों से गहरे प्रभावित थे, जिसकी झलक उनके आध्यात्मिक चिंतन में मिलती है। (यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# नेपाल में अब वर्चस्व कायम करने की होड़





दिग्विजय सिंह
कानपुर

नेपाल में सत्ता परिवर्तन के बाद से ही दुनिया के दो बड़े देशों की नजर वहां के दुर्लभ खनिज संपदा पर है। नई सरकार से भारत भी अपने रिश्ते सुधारने की पुरजोर कोशिश कर रहा है।

नेपाल में सत्ता परिवर्तन के बाद से ही दुनिया के दो बड़े देशों की नजर वहां के दुर्लभ खनिज संपदा पर है। नई सरकार से भारत भी अपने रिश्ते सुधारने की पुरजोर कोशिश कर रहा है। भारतीय रणनीतिकार भी चाहते हैं कि वहां के खनिज पदार्थों खासकर यूरेनियम की खोज का मौका मिले। अमेरिका और चीन भी प्रधानमंत्री बालेन शाह से नजदीकी बढ़ाने का कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं। ये दोनों महाशक्तियां वहां भारत के प्रभाव को कम करने पर भी काम कर रही हैं। सत्ता में आते ही प्रधानमंत्री बालेन शाह ने कुछ ऐसे फैसले लिए हैं, जो उनके भारत विरोध में उठाए गए कदम को दर्शाते हैं, हालांकि अमेरिका वहां भारत के साथ ही चीन के प्रभाव को भी कम करने पर काम कर रहा है।

नेपाल में तांबा, लोहा, अबरख, मैग्नीशियम, सोना, यूरेनियम प्रचुर मात्रा में हैं। मैग्नीशियम और यूरेनियम के खनन को लेकर इस वक्त जोर आजमाइश हो रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले दिनों अपने विशेष दूत सर्गियो गोर को नेपाल भेजा था, हालांकि उनकी मुलाकात प्रधानमंत्री से नहीं हो पाई। सर्गियो गोर ने मंत्रियों और अधिकारियों से मुलाकात कर डोनाल्ड ट्रंप के संदेश को वहां तक पहुंचाया और कई ऑफर भी दिए। उनका मकसद चीन और भारत के प्रभाव को कम करना था, हालांकि इसमें उन्हें बहुत सफलता नहीं मिली है।

भारत और नेपाल का रिश्ता रोटी और बेटी वाला है। ऐसे में नेपाल सरकार जो भी निर्णय लेती है, उसे जनभावनाओं का ख्याल रखना पड़ता है, लेकिन कुछ ऐसे फैसले हुए हैं, जो दोनों देशों के हित में नहीं रहे। इससे पहले केपी ओली की सरकार भारत विरोधी कदम उठाती रही है। चीन का प्रभाव वहां तब बढ़ गया था। केपी ओली सरकार के फैसलों में चीन की छाप स्पष्ट दिखाई देती थी, हालांकि इसका खामियाजा चुनाव में ओली को भुगतना पड़ा।

नई सरकार के गठन के बाद लगा था कि भारत और नेपाल के रिश्ते पटरी पर आएंगे, लेकिन हाल ही में नई सरकार ने कुछ ऐसे कदम उठाए, जो हमारे हितों के लिए उचित नहीं हैं। ये न सिर्फ नेपाल के लोगों के लिए दुखदायी बने, बल्कि भारत के लोग भी परेशान दिखे। प्रधानमंत्री बालेन शाह की सरकार ने भारत से आने वाले 100 नेपाली रुपये से ज्यादा कीमत के सामान पर अनिवार्य कस्टम ड्यूटी लगाकर बड़ा झटका दिया, जबकि अभी तक भारत-नेपाल बॉर्डर दुनिया के सबसे खुले अंतर्राष्ट्रीय बॉर्डरों में से एक रहा है, जहां दोनों देशों के लोग बेरोक-टोक आते जाते रहे हैं।


इसके साथ ही भारत और चीन के बीच हुए समझौते के तहत उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले के लिपुलेख दर्रे और सिक्किम के नाथुला दर्रे से यात्रा शुरू होनी है। नेपाल बार-बार कहता है कि महाकाली नदी के पूरब में लिंपियाधुरा, लिपुलेख और कालापानी 1816 की सुगौली संधि के बाद से नेपाल का हिस्सा है। भारत- चीन के इस समझौते से नेपाल भारत से नाराज है। इसका लाभ भी अमेरिका उठाकर वहां खनिजों के खनन में निवेश करना चाहता है, इसलिए वह समान रूप से भारत और चीन के विरुद्ध है। नेपाल के मुस्तांग क्षेत्र में यूरेनियम के साथ ही दुर्लभ पृथ्वी खनिजों का विशाल भंडार है। अमेरिका चाहता है कि इस खनिज को निकालने का ठेका उसे मिले, ताकि वह अपना प्रभाव जमाना शुरू करे, जबकि चीन चाहता है कि यूरेनियम व अन्य खनिजों को निकालने का ठेका किसी तरह से उसे मिल जाए।

मुस्तांग क्षेत्र नेपाल-तिब्बत सीमा पर स्थित है। चीन पूरी दुनिया में बड़े पैमाने पर दुर्लभ खनिजों का निर्यात करता है। इसे वह अपने हितों के लिए कई बार दूसरे देशों को झुकाने के हथियार के रूप में भी करता है, इसलिए वह किसी भी स्थिति में वहां ठेका प्राप्त करने को आतुर दिख रहा है, जबकि भारत राजनयिक तरीके से इस कोशिश में लगा है कि उसे वहां ठेका मिले और नेपाल से उसके रिश्ते समृद्ध हों। खनिजों के ठेकों को लेकर महाशक्तियों द्वारा बनाए जा रहे दबाव से नेपाल के सत्ता प्रतिष्ठान में बैठे लोगों के साथ ही वहां के अन्य राजनीतिक दल भी परेशान हैं।

वहां पैठ मजबूत रहे इसलिए ही चीनी थिंकटैंक ने काठमांडू रिंग रोड के विस्तार के लिए 11 अरब नेपाली रुपये अनुदान के रूप में देने की घोषणा की है, तो अमेरिका ने नेपाल की सेना को छह लड़ाकू हेलीकॉप्टर देने का प्रस्ताव रखा है, हालांकि नेपाली आर्मी ने इस प्रस्ताव पर कोई फैसला नहीं लिया है। चीन का नेपाल में बढ़ता प्रभाव भारत के लिए अच्छा संकेत नहीं है, तो अमेरिका का नेपाल में दखल भी किसी तरीके से भारत के लिए शुभ संकेत नहीं है, इसलिए भारत सरकार की ओर से नेपाल को यह बताने की कोशिश की जा रही है कि भारत सदैव एक अच्छे पड़ोसी की तरह नेपाल के हर संकट में मदद करता रहा है, इसलिए उसकी धरती का उपयोग भारत के विरुद्ध न हो यह सरकार को सुनिश्चित करना होगा। साथ ही चीन के नेपाल पर बढ़ते कर्ज के जाल को लेकर भी भारत ने सतर्क किया है।

चीन का इतिहास ही रहा है कि पहले वह दोस्ती करता है, फिर विभिन्न परियोजनाओं के नाम पर कर्ज देता है और बाद में कर्ज वसूलने को दबाव बनाता है। चीन के भारी कर्ज के जाल में फंसकर श्रीलंका ने उसे अपने हंबनटोटा बंदरगाह को 99 वर्ष के लीज पर सौंप दिया। अंगोला, इथोपिया, केन्या, जांबिया, वेनेजुएला, कंबोडिया जैसे देश चीन के कर्ज से कराह रहे हैं। वे इससे उबरना तो चाहते हैं, लेकिन सफल नहीं हो पा रहे हैं, क्योंकि आर्थिक रूप से कमजोर हैं और दूसरे देशों से भी कर्ज लेकर अपनी अर्थव्यवस्था चला रहे हैं।

## आमने सामने



बीजेपी चुनावों में सामाजिक और धार्मिक आधार पर मतदाताओं को बांटने की कोशिश कर रही है, जो लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है। आने वाले समय में कांग्रेस पार्टी बंगाल में मजबूती के साथ उभरेगी और जनता का समर्थन उसे और अधिक मिलेगा।
-सुखविंदर सिंह सुक्खू
मुख्यमंत्री
हिमाचल प्रदेश

विपक्ष ने हर हार के बाद ईवीएम और संवैधानिक संस्थाओं पर प्रश्न खड़ा करना अपनी आदत बना लिया है। सुक्खू बंगाल, आसाम में ईवीएम हैक मानते हैं, मगर केरलम में उनकी पार्टी के गठबंधन की जीत पर चुप्पी साध लेते हैं।
-अनुराग ठाकुर
सांसद भाजपा



# व्यवस्था नहीं टूटी, पर इंसान टूट गया



प्रो. आरके जैन
शिक्षाविद्

पांच राज्यों के चुनावों के शोर-गुल में यह खबर दब सी गई, लेकिन प्रश्न बड़ा है। सिस्टम कठोर क्यों है कि उसके नीचे इंसानियत दबकर मर जाए।

सच का आईना अक्सर वहीं मिलता है, जहां नजरें कम जाती हैं। ओडिशा के एक ग्रामीण इलाके की सुनसान राह पर चलता वह व्यक्ति केवल राहगीर नहीं, बल्कि व्यवस्था की विफलता का प्रतीक बन गया था। उसके कंधों पर रखी गठरी में कोई वस्तु नहीं, बल्कि उसकी मृत बहन के अवशेष थे और भीतर अपमान, थकान व असहायता का गहरा बोझ था। कई किलोमीटर का यह सफर वर्षों की उपेक्षा और असमानता की खाई को पार करने जैसा था, जहां उसे मानवीय संवेदना की सीमा तक जाना पड़ा। उद्देश्य था, करीब बीस हजार रुपये, पर रास्ता इतना कठोर कि उसे अपनी बहन के अवशेष ही प्रमाण बनाने पड़े। यह दृश्य केवल पीड़ादायक नहीं, बल्कि भयावह है, जो व्यवस्था की संवेदनहीनता को उजागर करता है।

इसे केवल एक वायरल दृश्य मानकर आगे बढ़ जाना सबसे बड़ी चूक होगी। यह उस व्यक्ति की दास्तान है, जिसने व्यवस्था के दरवाज़े पर बार-बार दस्तक दी, पर हर बार कागज़ी औपचारिकताओं की दीवार से टकराकर लौटना पड़ा। वह व्यक्ति एक अशिक्षित, दिहाड़ी मजदूर, दरअसल उसी भारत का चेहरा है, जो अक्सर योजनाओं और आंकड़ों की भीड़ में गुम हो जाता है। उसके लिए बैंक, प्रमाण-पत्र और प्रक्रियाएं जीवन का सामान्य हिस्सा नहीं, बल्कि भय और उलझनों से भरा जाल हैं। बहन की मृत्यु के बाद बची थोड़ी-सी राशि ही उसके लिए आशा की अंतिम किरण थी। पर जब उस पर भी नियमों का कठोर पहरा लगा, तो उसका मानसिक संतुलन डगमगा गया। उसका यह कदम तर्कसंगत न हो, पर उसकी पीड़ा निःसंदेह सच्ची और असहनीय थी।

परिस्थिति का एक दूसरा आयाम भी है, जो उतना ही सख्त है और जिसे अनदेखा करना उचित नहीं। बैंक की मांग कोई मनमानी नहीं, बल्कि विधिक प्रक्रिया का अनिवार्य हिस्सा थी। मृत्यु प्रमाण-पत्र और वारिस की पुष्टि जैसे प्रावधान उसी व्यवस्था की नींव हैं, जो छल और धोखाधड़ी को रोकती है। यदि बिना दस्तावेज़ के राशि दे दी जाती, तो वही समाज बाद में बैंक को लापरवाह ठहराता। नियम संवेदनाओं के आधार पर नहीं, बल्कि सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बनाए जाते हैं। यह स्वीकार करना होगा कि व्यवस्था की कठोरता ही उसकी विश्वसनीयता का आधार बनती है, किंतु प्रश्न अब भी बना हुआ है, क्या इस कठोर ढांचे में मानवीय संवेदना के लिए कोई स्थान शेष है, या वह कागज़ी औपचारिकताओं के बोझ तले दबकर रह गई है?

यहीं से सवाल एक चुभती हुई सच्चाई बनकर उभरता है। दोष नियमों में है या उन्हें पाने की प्रक्रिया में? ग्रामीण भारत में मृत्यु प्रमाण-पत्र बनवाना भी कई लोगों के लिए कठिन काम बन जाता है। जानकारी की कमी, दफ्तरों की दूरी और भाषा-व्यवहार की खाई आम आदमी को बेबस कर देती है। उस व्यक्ति के लिए यह प्रक्रिया उतनी ही जटिल रही होगी, जितनी हमारे लिए किसी अनजाने देश के कानून समझना। उसका कदम गलत था, पर इसकी जड़ उस व्यवस्था में भी है, जिसने उसे सही रास्ता कभी दिखाया ही नहीं। जब रास्ते साफ नहीं होते, तो भटकाव मजबूरी बन जाता है।

डिजिटल दुनिया में उमड़ता गुस्सा अपने आप में एक कड़वा सच उजागर करता है। हम बिना पूरी तस्वीर देखे, तुरंत व्यवस्था को कटघरे में खड़ा कर देते हैं, जबकि असल समस्या कई स्तरों पर फैली होती है। यह मानना सही है कि गरीबी इंसान को संवेदनशील बनाती है, लेकिन जब यही संवेदना अति में बदल जाती है, तो सच्चाई ओझल हो जाती है। बैंक को दोष देना सरल है, पर यह सवाल उठाना कठिन है कि क्या हमने अपने समाज को इतना जागरूक बनाया है कि वह इन प्रक्रियाओं को समझ सके। यह घटना केवल एक व्यक्ति का दुख नहीं, बल्कि हमारी सामूहिक कमी का परिणाम है, जिसमें हम सब किसी न किसी रूप में भागीदार हैं।

अब बात सिर्फ खेद जताने तक सीमित नहीं रह सकती, बल्कि ठोस सुधार की मांग करती है। बैंकों और प्रशासन को यह स्वीकार करना होगा कि नियम तभी प्रभावी होते हैं, जब वे आम लोगों के लिए सहज और पहुंच में हों। ग्रामीण क्षेत्रों में सहायता केंद्र, सरल और स्पष्ट भाषा में जानकारी, तथा पंचायतों के साथ मजबूत समन्वय, ये सब अब जरूरत बन चुके हैं। संवेदनशीलता का अर्थ नियमों से समझौता नहीं, बल्कि उन्हें इस तरह लागू करना है कि हर व्यक्ति उन्हें समझ सके और अपनाने में सक्षम हो। अगर व्यवस्था लोगों तक पहुंचने में असफल रहती है, तो उसका अस्तित्व ही सवालों के घेरे में आ जाता है। यह घटना एक गहरी और कड़वी सच्चाई को सामने लाती है। हमारी व्यवस्था ऊपर से भले ही सुदृढ़ दिखे, लेकिन उसकी जड़ों में कहीं न कहीं कमजोरी छिपी हुई है। सबसे पीछे खड़ा आम व्यक्ति आज भी जरूरी जानकारी और बुनियादी सुविधाओं से दूर रह जाता है। (यह लेखक के निजी विचार हैं।)

## सोशल फोरम

# नमक व कांटों वाली दीवार

चीन की 'ग्रेट वॉल' के बारे में तो सब जानते हैं, लेकिन क्या आपने भारत की उस 2,500 मील लंबी 'कांटों वाली दीवार' के बारे में सुना है? इसे अंग्रेजों ने पत्थरों से नहीं, बल्कि ज़हरीली झाड़ियों और ऊंचे पेड़ों से बनाया था, ताकि गरीब हिंदुस्तानी अपनी रोटी के साथ 'नमक' न खा सके।



अनिल मीणा
ब्लॉगर

एक ऐतिहासिक रिपोर्ट 'The Great Hedge of India' में इसका जिक्र मिलता है। सोचिए, हिमालय से लेकर कटक (उड़ीसा) तक अंग्रेजों ने एक ऐसी बाड़ खड़ी कर दी थी, जो इतनी घनी थी कि एक चूहा भी उसे पार नहीं कर सकता था।

वजह? नमक पर टैक्स (Salt Tax)। अंग्रेज चाहते थे कि हर भारतीय सिर्फ वही नमक खरीदे, जो ब्रिटेन से आता है या जिस पर कंपनी का भारी टैक्स हो। जो गरीब अपना नमक खुद बनाता था, उसे 'तस्कर' (Smuggler) करार दिया जाता था।

बताते हैं कि यह बाड़ 4,000 किलोमीटर लंबी थी। इसकी सुरक्षा के लिए अंग्रेजों ने 12,000 से ज्यादा गार्ड्स तैनात किए थे, ताकि कोई नमक का एक दाना भी इधर-से-उधर न कर सके। उस समय नमक टैक्स उसकी असली कीमत से 1,200% ज्यादा तक बढ़ा दिया गया था। मिसाल के तौर पर एक रुपये का नमक 13 रुपये में बिकता था।

नमक की कमी के कारण भारत के ग्रामीण इलाकों में लाखों लोग बीमारियों (जैसे- Goitre और आयोडीन की कमी) का शिकार हुए और कुपोषण से मर गए, क्योंकि गरीब जनता इतना महंगा नमक नहीं खरीद सकती थी। जब गांधी जी ने 'दांडी यात्रा' की थी, तो वो सिर्फ एक प्रतीकात्मक यात्रा नहीं थी, बल्कि इसी 'आर्थिक गुलामी' की जंजीरों को तोड़ने की शुरुआत थी।

इतिहास हमें सिखाता है कि जब कोई देश अपनी बुनियादी ज़रूरतों (जैसे नमक, पानी) के लिए दूसरों पर निर्भर होता है, तो वो गुलाम बन जाता है। आज भी हमें आर्थिक रूप से जागरूक होने की ज़रूरत है, ताकि कोई भी 'डिजिटल' या 'कॉर्पोरेट' दीवार हमें दोबारा गुलाम न बना सके।

इतिहास के पन्ने इस बात के गवाह हैं कि हमारे पूर्वजों ने सिर्फ गोलियों से नहीं, बल्कि अपनी भूख और नमक से भी आजादी की जंग लड़ी है।
-फेसबुक वॉल से

## सामयिकी

# वैश्विक अर्थव्यवस्था पर ऊर्जा निर्भरता का असर

मध्य पूर्व में जारी ईरान से जुड़ा सैन्य तनाव आज केवल क्षेत्रीय संघर्ष नहीं रह गया है, बल्कि उसने पूरी दुनिया की ऊर्जा व्यवस्था और आर्थिक संतुलन को गहराई से प्रभावित किया है। यह स्थिति हमें यह सोचने पर मजबूर करती है कि क्या हमारी ऊर्जा निर्भरता हमें भविष्य में और बड़े संकटों की ओर धकेल रही है। ईरान का भू-राजनीतिक महत्व इसलिए भी अधिक है, क्योंकि उसके पास स्थित होरमुज़ जलडमरूमध्य वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति का सबसे महत्वपूर्ण मार्ग है। दुनिया का एक बड़ा हिस्सा तेल और गैस सहित एलपीजी इसी रास्ते से होकर गुजरता है। जैसे ही युद्ध या तनाव के कारण इस मार्ग पर खतरा बढ़ता है, तुरंत वैश्विक बाजार में आपूर्ति बाधित होती है।



आकाश सपेलकर
वकील, सुप्रीम कोर्ट

भारत जैसे देश, जो अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं के लिए आयात पर काफी निर्भर हैं, इस संकट से सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। भारत अपनी एलपीजी का बड़ा हिस्सा मध्य पूर्व से आयात करता है। ऐसे में युद्ध के कारण आपूर्ति बाधित होते ही घरेलू बाजार में कीमतों का बढ़ना स्वाभाविक है। इसका सीधा असर आम जनता की रसोई पर पड़ता है, जहां पहले से ही महंगाई का दबाव बना हुआ है। सरकार पर भी सब्सिडी का बोझ बढ़ता है, जिससे राजकोषीय संतुलन प्रभावित होता है।

दूसरी ओर, यूरोप और अमेरिका जैसे विकसित देश भी इस संकट से अछूते नहीं हैं। यूरोप पहले ही ऊर्जा संकट से जूझ रहा है और अब गैस की बढ़ती कीमतों ने उसकी औद्योगिक उत्पादन क्षमता पर दबाव बढ़ा दिया है। अमेरिका में भी महंगे ईंधन के कारण महंगाई की दूसरी लहर की आशंका जताई जा रही है, जिससे उपभोक्ता खर्च और आर्थिक वृद्धि दोनों प्रभावित हो सकते हैं।

सबसे गंभीर स्थिति विकासशील देशों की है, जहां ऊर्जा आयात पर अत्यधिक निर्भरता है और आर्थिक संसाधन सीमित हैं। इन देशों में एलपीजी की कीमत बढ़ने का सीधा असर गरीब और मध्यम वर्ग पर पड़ता है, जिससे जीवन स्तर में गिरावट आती है। कई बार लोगों को मजबूर होकर पारंपरिक ईंधनों की ओर लौटना पड़ता है, जो पर्यावरण और स्वास्थ्य दोनों के लिए हानिकारक है। यह संकट केवल वर्तमान का नहीं, बल्कि भविष्य का भी संकेत देता है।

यदि ईरान से जुड़ा यह संघर्ष लंबा चलता है, तो वैश्विक ऊर्जा बाजार में अस्थिरता बनी रह सकती है। इससे न केवल कीमतें ऊंची रहेंगी, बल्कि ऊर्जा सुरक्षा भी खतरे में पड़ सकती है। यही कारण है कि अब विश्व के कई देश वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों जैसे- सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और इलेक्ट्रिक तकनीक की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं।

भारत के लिए यह समय एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हो सकता है। यदि हम अपनी ऊर्जा नीति को आत्मनिर्भरता की दिशा में नहीं ले जाते, तो भविष्य में ऐसे वैश्विक संकट हमारे लिए और अधिक गंभीर हो सकते हैं। हमें न केवल आयात पर निर्भरता कम करनी होगी, बल्कि घरेलू उत्पादन, पाइप गैस नेटवर्क और नवीकरणीय ऊर्जा को भी बढ़ावा देना होगा। साथ ही, ऊर्जा के रणनीतिक भंडारण (Strategic Reserves) पर भी ध्यान देना आवश्यक है। आज आवश्यकता है दूरदर्शी नीतियों की, जो न केवल वर्तमान संकट से निपटने में मदद करें, बल्कि भविष्य को भी सुरक्षित और स्थिर बनाएं। (यह लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह* 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# कैम्पस



फूड इंडस्ट्री आज केवल उत्पादन तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसमें स्वाद, गुणवत्ता और नवाचार की अहम भूमिका हो गई है। बदलती लाइफस्टाइल और उपभोक्ताओं की बढ़ती अपेक्षाओं के बीच आइसक्रीम जैसे उत्पादों की मांग तेजी से बढ़ी है। ऐसे में आइसक्रीम टेस्टर का पेशा उभरते करियर विकल्प के रूप में सामने आया है। यह काम केवल स्वाद लेने तक सीमित नहीं, बल्कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण से हर पहलू की जांच करना होता है। यदि आपको खाने-पीने का शौक है और आप इस पेशे में आना चाहते हैं, तो यह क्षेत्र आपके लिए आकर्षक अवसर प्रदान करता है।

## स्वाद में उज्ज्वल भविष्य की संभावना

# आइसक्रीम टेस्टर

### आइसक्रीम टेस्टर की भूमिका

फूड इंडस्ट्री के विस्तार के साथ आइसक्रीम टेस्टर की भूमिका भी महत्वपूर्ण होती जा रही है। कंपनियां लगातार नए फ्लेवर विकसित करने और प्रोडक्ट की गुणवत्ता बनाए रखने पर जोर दे रही हैं। ऐसे में प्रशिक्षित प्रोफेशनल्स की मांग बढ़ रही है, जो स्वाद, बनावट और खुशबू का सूक्ष्म विश्लेषण कर सकें। यह करियर उन युवाओं के लिए विशेष रूप से उपयुक्त है, जो अपने शौक को पेशेवर रूप देना चाहते हैं। आइसक्रीम टेस्टर का कार्य केवल स्वाद चखना नहीं होता, बल्कि यह एक जिम्मेदारीपूर्ण प्रक्रिया है। प्रोफेशनल टेस्टर वैज्ञानिक तरीके से आइसक्रीम के फ्लेवर, टेक्सचर, मिठास और खुशबू का मूल्यांकन करते हैं। वे एक दिन में कई प्रकार के फ्लेवर का परीक्षण करते हैं और उनके आधार पर कंपनियों को सुझाव देते हैं, जिससे प्रोडक्ट की गुणवत्ता में सुधार हो सके।

### जरूरी स्किल्स

इस पेशे में सफल होने के लिए कुछ विशेष कौशलों का होना आवश्यक है-

- **स्वाद पहचानने की क्षमता :** विभिन्न फ्लेवर और मिठास के स्तर को बारीकी से समझना।
- **रचनात्मक सोचः** नए और अनोखे फ्लेवर विकसित करने की क्षमता रखना।
- **सुगंध और बनावट की समझः** खुशबू और टेक्सचर के सूक्ष्म अंतर पहचानना।
- **धैर्यः** लगातार कई फ्लेवर टेस्ट करने के लिए मानसिक संतुलन बनाए रखना।
- **सूक्ष्म अवलोकन :** छोटे-छोटे अंतर को पकड़ने की क्षमता होना।
- **स्वास्थ्य के प्रति जागरूकताः** लगातार टेस्टिंग के कारण स्वास्थ्य संतुलन बनाए रखना जरूरी है।



### करियर की संभावनाएं

फूड इंडस्ट्री के तेजी से विस्तार के चलते इस क्षेत्र में करियर की संभावनाएं भी बढ़ रही हैं। आइसक्रीम कंपनियां, डेयरी ब्रांड्स और बड़ी FMCG कंपनियां क्वालिटी कंट्रोल और प्रोडक्ट डेवलपमेंट के लिए टेस्टर की नियुक्ति करती हैं। इसके अलावा रिसर्च एंड डेवलपमेंट (R&D) विभाग में भी इनकी अहम भूमिका होती है। अनुभव के साथ व्यक्ति सीनियर टेस्टर, फ्लेवर एक्सपर्ट या प्रोडक्ट डेवलपर जैसे पदों तक पहुंच सकता है।

### सैलरी

शुरुआती स्तर पर इस क्षेत्र में काम करने वाले प्रोफेशनल्स को लगभग 2.5 से 3.5 लाख रुपये सालाना तक का पैकेज मिल सकता है। अनुभव और विशेषज्ञता बढ़ने के साथ यह आय तेजी से बढ़ती है। बड़ी कंपनियों में अनुभवी टेस्टर को आकर्षक वेतन और अन्य सुविधाएं भी मिलती हैं, जिससे यह करियर आर्थिक रूप से भी लाभदायक बन जाता है।

आइसक्रीम टेस्टर का पेशा उन लोगों के लिए एक अनूठा अवसर है, जो स्वाद के प्रति संवेदनशील हैं और फूड इंडस्ट्री में अपना भविष्य बनाना चाहते हैं।



### आवश्यक शैक्षणिक योग्यता

भारत में इस क्षेत्र के लिए कोई विशेष डिग्री निर्धारित नहीं है, लेकिन फूड साइंस या फूड टेक्नोलॉजी में स्नातक या स्नातकोत्तर डिग्री इस दिशा में मजबूत आधार प्रदान करती है। इसके अलावा डेयरी टेक्नोलॉजी जैसे विषय भी सहायक होते हैं। पढ़ाई के दौरान किसी प्रतिष्ठित फूड कंपनी या आइसक्रीम ब्रांड में इंटर्नशिप करना व्यावहारिक अनुभव दिलाने में मदद करता है, जो करियर की शुरुआत के लिए बेहद उपयोगी साबित होता है।

## वर्ड स्मिथ

### कहां से आया नोटिस शब्द

'नोटिस' शब्द आज हमारी रोजमर्रा की भाषा, प्रशासनिक कामकाज और कानूनी प्रक्रियाओं में बहुत सामान्य रूप से इस्तेमाल होता है, लेकिन इसकी उत्पत्ति काफी रोचक है। 'नोटिस' अंग्रेजी के notice शब्द से आया है, जिसका मूल लैटिन भाषा के शब्द notitia में मिलता है। Notitia का अर्थ होता है- 'जानकारी', 'सूचना' या 'ज्ञान'। यही शब्द आगे चलकर पुरानी फ्रेंच (Old French) में notice के रूप में विकसित हुआ, जिसका अर्थ था किसी बात की जानकारी देना या किसी तथ्य को सार्वजनिक करना।




मध्यकालीन यूरोप में जब प्रशासनिक और कानूनी व्यवस्थाएं विकसित हो रही थीं, तब लोगों तक सूचना पहुंचाने के लिए लिखित घोषणाओं का उपयोग बढ़ा। इन्हीं लिखित सूचनाओं को notice कहा जाने लगा। धीरे-धीरे यह शब्द अंग्रेजी भाषा में स्थायी रूप से शामिल हो गया और इसका प्रयोग किसी आधिकारिक सूचना, चेतावनी या घोषणा के लिए होने लगा। भारत में 'नोटिस' शब्द का प्रचलन अंग्रेजों के शासनकाल के दौरान बढ़ा। ब्रिटिश प्रशासन में कानूनी और सरकारी कामकाज अंग्रेजी में होता था, इसलिए notice शब्द भी सीधे भारतीय भाषाओं में आ गया। हिंदी में इसे 'नोटिस' के रूप में अपनाया गया और इसका अर्थ हुआ- किसी व्यक्ति या समूह को दी गई औपचारिक सूचना, जैसे अदालत का नोटिस, स्कूल का नोटिस या किसी संस्था की सूचना। आज 'नोटिस' केवल कानूनी शब्द नहीं रहा, बल्कि यह संचार का एक महत्वपूर्ण माध्यम बन चुका है। स्कूल, दफ्तर, संस्थान और सार्वजनिक स्थानों पर सूचना देने के लिए 'नोटिस' का व्यापक उपयोग होता है, जो इसकी ऐतिहासिक यात्रा को दर्शाता है।

## किसी नई जगह पर खुद को ढालने में लगता है समय

### कैंपस का पहला दिन

जिस अगली सुबह मेरे कॉलेज का पहला दिन था, उस रात बेचैनी के कारण मैं सो नहीं सका। सुबह उठने में देर हुई फिर इतनी जल्दी तैयार हुआ मानो समय से न पहुंचा तो गेट पर खड़ा कर दिया जाऊंगा। आखिर इंटर कॉलेज वाले सख्त अनुशासन के माहौल की आदत जो थी। दिल में अजीब-सी हलचल थी- थोड़ा डर, थोड़ा उत्साह, थोड़ा गर्व और बहुत सारी उम्मीदें। बहरहाल नाश्ता करके मम्मी पापा का आशीर्वाद लिया और चल पड़ा अपनी स्कूटी लेकर कॉलेज की ओर। लखनऊ के रास्ते में सुबह-सुबह वाहनों के हॉर्न से गूंज रहे थे। किसी तरह मैं अपने कॉलेज बीबीडी पहुंचा। कॉलेज का गेट देखते ही दिल धक से रह गया। इतना विशाल बड़ा मैदान? ऊंची इमारतें और हर तरफ छात्र-छात्राओं की जमघट। गेट पर कुछ सीनियर वेलकम फ्रेशर्स चिल्ला रहे थे और मैं अपने नए बैग के साथ दिल की धड़कनें भी थामे हुआ था। मन में अजीब सी उधेड़बुन चल रही थी- कहां जाऊं पहले, कुछ किसी से पूछूं तो जवाब देगा कि नहीं?



हर्ष पंत
हल्द्वानी

बहरहाल एक उत्साह भी था- स्कूल की यूनिफॉर्म से आजादी, नए चेहरे, इंजीनियरिंग क्लासों के सपने जो दीवाली की रोशनी से भी चमकदार लगते थे। एक सीनियर ने तो मेरा बैग देखकर कहा, "भाई, ये तो लगता है स्कूल का बैग है!" सब हंस पड़े। मुझे भी हंसी आ गई। थोड़ा उत्साह बढ़ा और एडमिशन प्रोसेस के बाद चल पड़ा अपनी क्लास की तलाश में। कैंपस का नक्शा ऐसा लग रहा था जैसे किसी ने सर्किट डायग्राम बनाकर बोला हो- ढूंढ लो अपना क्लास, अगर दम है तो। इधर-उधर भटकते बहुत मुश्किल से मैं अपनी क्लास पहुंचा। यहां पहुंचकर मुझे ऐसी उपलब्धि का एहसास हुआ मानो मैं डिटेक्टिव शरलॉक होम्स हूं और क्लास ढूंढ कर मैंने कोई बड़ा केस सॉल्व कर दिया हो।

क्लास के भीतर पहुंचते ही मैं आखिरी सीट की ओर बढ़ा, लेकिन लेट होने के कारण वो सीट भी खाली नहीं थी। फिर मायूसी को भुलाकर मैं राइट साइड की दूसरी सीट पर बैठा। वहां मेरी मुलाकात कुछ दोस्तों से भी हुई, जिनका नाम अरुण और अमित था। बात करने पर पता चला कि उनका भी पहला दिन था और इससे पहले वे भी गलत क्लास में चले गए थे, जहां मैनेजमेंट स्टूडेंट्स बैठे थे। हम कुछ बात कर पाते कि तभी एंट्री हुई कॉलेज के हेड की। उन्होंने हमें कॉलेज के नियम बताए। फिर कहा कुछ मन सवाल हो तो पूछो। मैंने भी स्मार्टनेस दिखाने में चूक न की और उनसे पासिंग् मार्कस पूछ लिया। इस सवाल पर पूरी क्लास हंस पड़ी। मानो मानसून की पहली फुहार। जवाब में हेड ने कहा इसका जवाब पूरी क्लास का पहला कार्यभार है। उसके बाद बाकी टीचर ने अपना कार्यक्रम बताया। जब लंच हुआ तो मैं अमित के साथ चल पड़ा कैंटीन की ओर। वहां पता चला की सीनियर्स, फ्रेशर्स को माधुरी दीक्षित के हिट गाने पर डांस करा रहे थे। कुछ ठुमके मारने के बाद हमने भी लाजवाब समोसे का लुफ्त उठाया। फिर चल पड़े वापस क्लास की ओर। वहां जाने पर पता चला कि छुट्टी हो गई है।

बाद में हम लोग बाकी दोस्तों से मिले, जो हॉस्टल में रहते थे। कोई क्रिकेटर था तो कोइ डांसर। हमने नाम और फोन नंबर एक दूसरे का जाना और फिर दोस्तों को कल मिलने का वादा कर मैं निकल पड़ा घर की ओर। घर की ओर जाते वक्त मन रोमांचित हो रहा था। रात को सोते समय बार-बार मन में यहीं आ रहा था कि कल से नई जिंदगी शुरू होगी। कॉलेज का पहले दिन भले थोड़ी उलझन लगी, लेकिन यही दिन आगे चलकर खूबसूरत सफर में बदल गया। पहला दिन हमें सिखाता है कि हर नई जगह खुद को ढालने में समय लगता है, फिर वक्त गुजरने के साथ वही जगह अपनी लगने लगती है।

## कुशल रणनीति और सटीक अध्ययन से पाएं यूपीटीईटी में सफलता

यूपीटीईटी 2026 परीक्षा अब ज्यादा दूर नहीं है और लगभग 60 दिन का समय शेष है। ऐसे में यह समय आपकी तैयारी को अंतिम रूप देने का है, न कि नई शुरुआत करने का। सही रणनीति, सटीक अध्ययन और नियमित अभ्यास के माध्यम से आप इस परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। चूंकि यूपीटीईटी एक पात्रता परीक्षा है, इसलिए लक्ष्य केवल पास होना नहीं, बल्कि अच्छे अंकों के साथ सफलता हासिल करना होना चाहिए। यदि आप इन 60 दिनों का सही उपयोग करते हैं, तो न केवल आप कट-ऑफ से ऊपर स्कोर कर पाएंगे, बल्कि भविष्य के शिक्षण करियर के लिए मजबूत नींव भी तैयार कर सकेंगे।



नवनीत तिवारी
करियर काउंसर

### मुख्य विषयों पर बढ़ाएं फोकस

बाल विकास एवं शिक्षाशास्त्र पर विशेष ध्यान दें, क्योंकि इसका वेटेज दोनों पेपर में अधिक होता है। इसके साथ ही भाषा विषयों में समझ और व्याकरण को मजबूत करें। जिस पेपर की तैयारी कर रहे हैं, उसके अनुसार गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान और पर्यावरण अध्ययन पर भी ध्यान केंद्रित करें।

### सिलेबस और परीक्षा पैटर्न को समझें

तैयारी के इस अंतिम चरण में सबसे पहले पूरे सिलेबस और परीक्षा पैटर्न को दोबारा अच्छी तरह समझें। यह जानना जरूरी है कि किस विषय से कितने प्रश्न आते हैं और किन टॉपिक्स का वेटेज अधिक है। इससे आप अपनी पढ़ाई को सही दिशा में ले जा सकते हैं और अनावश्यक विषयों पर समय बर्बाद होने से बच सकते हैं।

### पिछले वर्षों के ट्रेंड का विश्लेषण करें

पिछले वर्षों के प्रश्नपत्रों को हल करना और उनका विश्लेषण करना बेहद जरूरी है। इससे आपको यह समझने में मदद मिलेगी कि किन विषयों से बार-बार प्रश्न पूछे जाते हैं और परीक्षा का कठिनाई स्तर कैसा रहता है। इस आधार पर आप अपनी रणनीति को और मजबूत बना सकते हैं।

### सीमित और गुणवत्ता वाली अध्ययन सामग्री चुनें

इस समय नई किताबें या कई स्रोतों को फॉलो करने से बचें। केवल उन्हीं नोट्स और पुस्तकों पर ध्यान दें, जिनसे आपने पहले पढ़ाई की है। एक विषय के लिए एक ही स्रोत को फॉलो करना बेहतर होता है, इससे कंफ्यूजन कम होता है और रिवीजन आसान हो जाता है।

### मॉक टेस्ट को दें प्राथमिकता

अब समय है अधिक से अधिक मॉक टेस्ट देने का। सप्ताह में कम से कम 2-3 फुल-लेंथ मॉक टेस्ट हल करें। इसके अलावा रोजाना छोटे-छोटे क्विज भी हल करें, जिससे आपकी गति और सटीकता में सुधार होगा। नियमित अभ्यास आपको परीक्षा के माहौल के लिए तैयार करेगा।

### प्रदर्शन का विश्लेषण करें

हर मॉक टेस्ट के बाद अपनी गलतियों का विश्लेषण करना बेहद जरूरी है। यह समझें कि आप किन टॉपिक्स में कमजोर हैं और वहां ज्यादा समय दें। यह रणनीति आपको लगातार सुधार करने में मदद करेगी।

### कांसेप्ट की स्पष्टता पर दें ध्यान

इन 60 दिनों में रटने की बजाय कॉन्सेप्ट को समझने पर जोर दें। पेपर 1 में बेसिक समझ और शिक्षण कौशल पर फोकस होता है, जबकि पेपर 2 में गहराई से समझ और उसका प्रयोग पूछा जाता है। स्पष्ट अवधारणाएं आपको हर प्रकार के प्रश्न हल करने में मदद करेंगी।

### नियमित करें रिवीजन

हर सप्ताह कम से कम एक दिन केवल रिवीजन के लिए निर्धारित करें। जो भी आपने पढ़ा है, उसे दोहराना बेहद जरूरी है, वरना परीक्षा के समय याद रखना कठिन हो सकता है। छोटे-छोटे नोट्स बनाकर रिवीजन करना और भी प्रभावी रहेगा।

समय प्रबंधन और स्पीड पर काम करें

परीक्षा में समय सीमित होता है, इसलिए प्रश्नों को तेजी और सही तरीके से हल करना जरूरी है। अभ्यास के दौरान टाइमर लगाकर पेपर हल करें, ताकि आपकी स्पीड और एक्यूरेसी दोनों बेहतर हो सकें।





## जॉब अलर्ट

### भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड

- पद का नाम- जूनियर एग्जीक्यूटिव (इंजीनियरिंग / अकाउंट्स / वेसाइड एमेनिटीज़), सेक्रेटरी BPCL, एसोसिएट एग्जीक्यूटिव (क्वालिटी एश्योरेंस / राजभाषा कार्यान्वयन)
- कुल पद-250 पद
- योग्यता- डिप्लोमा, B.Com / BBA / B.Sc / BMS / BHM, M.Sc, हिंदी में मास्टर्स, Inter CA / Inter CMA + ग्रेजुएशन
- आवेदन की अंतिम तारीख-17 मई 2026 से बढ़ाकर 24 मई 2026 कर दी गई है।
- वेबसाइट-www.bharatpetroleum.in

### नेशनल हाईवेज एंड फ्रेंचाइजी कॉर्पोरेशन लिमिटेड

- पद का नाम- उप प्रबंधक (तकनीकी कैडर), ई2 ग्रेड विभाग सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार संगठन का प्रकार केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम (सीपीएसई) / भारत सरकार का एक उद्यम
- कुल पद- 85
- वेतनमान- रु.50,000-3%-1,60,000 (ई2 ग्रेड)
- चयन का तरीका- 2024/2025/2026 में गेट स्कोर (सिविल इंजीनियरिंग) में सर्वश्रेष्ठ स्कोर अनिवार्य स्कोर इंजीनियरिंग इंजीनियरिंग में वैध गेट
- वेबसाइट -www.nhidcl.com

### भारत सरकार, रक्षा मंत्रालय

- पद का नाम-CSBO ग्रेड-II
- पदों की संख्या-190
- ग्रुप-ग्रुप सी
- वेतन स्तर-स्तर-3 (21,700 + भत्ते)
- योग्यता-10 वीं पास
- आयु सीमा-18 से 25 वर्ष
- वेबसाइट-www.indianarmy.nic.in

| बाजार | सेंसेक्स ↑ | निफ्टी ↑ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 77,958.52 | 24,330.95 |
| बढ़त | 940.73 | 298.15 |
| प्रतिशत में | 1.22 | 1.24 |

सोना 1,55,400 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,54,500 प्रति किलो

अमृत विचार

कानपुर, गुरुवार, 7 मई 2026

www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### एलएंडटी को मिला जेएसडब्ल्यू स्टील से 15,000 करोड़ का ठेका

**नई दिल्ली।** बुनियादी ढांचा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) का जेएसडब्ल्यू स्टील से 10,000 से 15,000 करोड़ रुपये के बीच का बड़ा ठेका मिला है। अपनी रणनीतिक वृद्धि योजना के तहत जेएसडब्ल्यू स्टील 2031 तक अपनी कच्चे इस्पात प्रसंस्करण क्षमता को 3 .5 करोड़ टन प्रति वर्ष (एमटीपीए) से बढ़ाकर पांच करोड़ टन प्रति वर्ष से अधिक करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। इसके अनुरूप, एलएंडटी को कर्नाटक के बल्लारी और ओडिशा के पारादीप स्थित जेएसडब्ल्यू के संयंत्रों में मुख्य रूप से ब्लास्ट फर्नेस तथा स्टील मेल्ट शॉप सहित महत्वपूर्ण प्रक्रिया सुविधाओं की इंजीनियरिंग, खरीद एवं स्थापना का काम सौंपा गया है। एलएंडटी ने बुधवार को बीएसई को दी गई सूचना में कहा कि एलएंडटी के खनिज एवं धातु व्यवसायिक खंड को घरेलू धातु क्षेत्र में अब तक का सबसे बड़ा ठेका मिला है।

### एनएमडीसी ने 200 रुपये प्रति टन बढ़ाए लौह अयस्क के दाम

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की एनएमडीसी ने लौह अयस्क के टुकड़े और चूरे की कीमतों में 200 रुपये प्रति टन की वृद्धि की है। बढ़ी हुई कीमतें तत्काल प्रभाव से लागू हो गयी हैं। देश की सबसे बड़ी लौह अयस्क खनन कंपनी ने बुधवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसने बैला टुकड़े (लंप) अयस्क का दाम 5,500 रुपये प्रति टन और चूरे (फाइन) का 4,700 रुपये प्रति टन तय किया है। लौह अयस्क टुकड़े या उच्च श्रेणी के लौह अयस्क में 65 .5 प्रतिशत लौह सामग्री होती है। वहीं लौह अयस्क चूरा निम्न श्रेणी का अयस्क हैं जिनमें 64 प्रतिशत या उससे कम लौह सामग्री होती है। एनएमडीसी ने पांच अप्रैल को घोषित पिछले मूल्य संशोधन में, बैला टुकड़े का दाम 5,300 रुपये प्रति टन और चूरे का 4,500 रुपये प्रति टन तय किया था।

### किरण मजूमदार-शॉ ने भतीजी क्लेयर को चुना उत्तराधिकारी

**नई दिल्ली।** बायोकॉन की संस्थापक एवं कार्यकारी चेयरपर्सन किरण मजूमदार-शॉ ने अपनी भतीजी क्लेयर मजूमदार को उत्तराधिकारी के रूप में चुना और भारत की प्रमुख जैव प्रौद्योगिकी कंपनी के लिए उत्तराधिकार योजना तय की है। मजूमदार-शॉ (73) की कोई संतान नहीं है। शॉ ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि उन्होंने अपनी भतीजी क्लेयर को उत्तराधिकारी चुना है। स्पष्ट किया कि यह बदलाव जल्द नहीं होने जा रहा है। शॉ ने लिखा कि अभी कुछ समय तक पद छोड़ने की योजना नहीं है। क्लेयर समय के साथ धीरे-धीरे मेरी भूमिका संभालेंगी। क्लेयर मजूमदार (37) बायोकॉन की संस्थापक किरण के भाई रवि मजूमदार की बेटी हैं।

# प्रोजेक्ट फ्रीडम स्थगन की खबरों से 100 डॉलर के नीचे आया कच्चा तेल

## 98.30 डॉलर प्रति बैरल हो गई ब्रेंट क्रूड की कीमतें, सुबह 108 डॉलर था भाव

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पश्चिम एशिया तनाव कम होने की उम्मीद के साथ राहत देने वाली खबर यह है कि कच्चे तेल की कीमतें 100 डॉलर के नीचे आ गई हैं। कच्चे तेल की कीमतों में यह गिरावट अमेरिका और ईरान के बीच जंग खत्म करने के लिए समझौतेकी खबरों के बाद आई।

ब्रेंट तेल के जुलाई अनुबंध की कीमत 11.57 डॉलर या 10.53 प्रतिशत फिसलकर 98.30 डॉलर प्रति बैरल हो गई। वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) 12.39 डॉलर यानी 12.11 प्रतिशत टूटकर 89.88 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। हालांकि, 28 फरवरी को युद्ध शुरू होने से पहले कच्चे तेल की कीमतें 70 डॉलर प्रति बैरल थीं।

अमेरिका-ईरान युद्ध के कारण खाड़ी क्षेत्र में तेल के उत्पादन और सप्लाई में कमी आई है। इस युद्ध के कारण ही ईरान अब तक स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज से ऑयेल टैंकर गुजरने से रोक रहा था। खास बात ये है कि दुनिया भर के करीब पांचवें हिस्से की तेल और गैस सप्लाई आमतौर पर इसी रास्ते से होती है, जो हफ्तों से लगभग बंद पड़ा है। युद्ध शुरू होने के बाद से दुनिया भर में गैस की कीमतें भी आसमान छू रही हैं।



- युद्ध शुरू होने से पहले 70 डॉलर प्रति बैरल था भाव
- युद्ध के कारण तेल के उत्पादन और सप्लाई में कमी आई है

वायदा कारोबार में कच्चे तेल की कीमत बुधवार को 11 प्रतिशत से अधिक गिरावट के साथ 8,588 रुपये प्रति बैरल पर आ गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर मई में आपूर्ति वाले कच्चे तेल के अनुबंधों का भाव 1,110 रुपये यानी 11.45 प्रतिशत फिसलकर 8,588 रुपये प्रति बैरल रह गया। इसमें 12,132 लॉट का कारोबार हुआ।

इसी तरह, जून अनुबंध का भाव भी 1,098 रुपये यानी 11.69 प्रतिशत टूटकर 8,298 रुपये प्रति बैरल पर आ गया। इसमें 4,274 लॉट का कारोबार हुआ।

विश्लेषकों ने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच संघर्ष समाप्त करने एवं व्यापक परमाणु वार्ता का मार्ग प्रशस्त करने के उद्देश्य से प्रारंभिक समझौते के करीब पहुंचने की खबरों के बाद कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आई।

### ट्रंप ने 'ट्रुथ सोशल' पर की घोषणा

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों को सुरक्षा देने के लिए 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' को स्थगित कर दिया है। उन्होंने दावा किया है कि ईरान के साथ युद्ध खत्म करने के लिए एक समझौते की दिशा में बातचीत में प्रगति हुई है। मंगलवार को 'ट्रुथ सोशल' पर एक पोस्ट में ट्रंप ने कहा कि ईरान के प्रतिनिधियों के साथ एक पूर्ण और अंतिम समझौते की दिशा में काफी प्रगति हुई है। होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने की वजह से फंसे जहाजों को सुरक्षित निकालने के लिए सोमवार को 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' शुरू किया गया था। 'ट्रुथ सोशल' पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का बयान अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के इस ऐलान के कुछ घंटों बाद आया है कि 28 फरवरी को शुरू किया गया ऑपरेशन 'एपिक फ्यूरी' खत्म हो गया है और इसके मकसद पूरे हो गए हैं।

### लंबाई, जलने की क्षमता और खुशबू से तय होगी गुणवत्ता

# अगरबत्ती की गुणवत्ता के बीआईएस मानक तय

**इरा अवस्थी, कन्नौज**

**अमृत विचार :** लंबे इंतजार के बाद आखिरकार अगरबत्ती के बीआईएस (भारतीय मानक ब्यूरो) मानक निर्धारित हो गए हैं। इनमें अगरबत्ती की स्टैंडर्ड लंबाई, हाथ या मशीन से निर्मित अगरबत्ती, जलने की क्षमता के साथ ही खुशबू के मानक तय कर दिए गए हैं।

फ्रेगरेंस एंड फ्लेवर डेवलपमेंट सेंटर (एफएफडीसी) के प्रधान निदेशक शक्ति विनय शुक्ला ने बताया कि बीआईएस ने अगरबत्ती के मानक कई स्तरों पर निर्धारित किए हैं। अगरबत्ती का मतलब बांस की सींक + लेप + खुशबू होता है।

एफएफडीसी के अनुसार केंद्र ने अगरबत्ती के मापदंड और खुशबू की मात्रा जानने का तरीका बनाया है। इसके लिए खादी विलेज इंडस्ट्री कमीशन ने एफएफडीसी जो सेंटर ऑफ एक्सीलेंस है, को फंडिंग की थी। आगे अब सेंटर बीआईएस के साथ मिलकर टेस्टिंग की तैयारी कर रहा है। हाथ से बनी अगरबत्ती के मानक सरल रखे गए हैं जबकि मशीन वाली के कुछ सख्त हैं।

मसाले में क्या चीज किस मात्रा में पड़ेगी और क्या नहीं पड़ना चाहिए यह भी सूचीबद्ध किया गया है।



अगरबत्ती बनाना सीखते प्रशिक्षु।

> अब अगरबत्ती निर्माता ब्रांड लांच करते समय बीआईएस मानक निर्धारित करके ही बाजार में उतार सकेंगे। **-विनय शुक्ला,** एफएफडीसी के प्रधान निदेशक

### सैंपलिंग इस तरह होगी

लॉट से सैंपल आईएस 4905 के हिसाब से रैंडम चुनेंगे। विजुअल + डायमेंशन टेस्ट पहले होंगे। अगर डिफेक्टिव स्टिक अनुमन्य सीमा से ज्यादा हुईं तो लॉट फेल। पास होने पर खुशबू, लेप, बर्निंग क्वालिटी टेस्ट होंगे।

### पैकेट पर जरूर लिखें

प्रोडक्ट का नाम, ग्रेड/टाइप, मैन्युफैक्चरर का नाम + ट्रेडमार्क, नेट वजन/यूनिट, बैच नंबर, कानूनी जरूरत की अन्य जानकारी। बीआईएस सर्टिफिकेशन मार्क भी लगा सकते हैं। लीगल मेट्रोलॉजी के नियम मानने होंगे।

### ये हैं अगरबत्ती के मानदंड

- ग्रेड की बीत करें तो तीन तरह की अगरबत्ती होती है, मशीन से बनी, हाथ से बनी और मसाला अगरबत्ती। तय हुआ है कि पैकेट की हर अगरबत्ती की लंबाई-मोटाई बराबर होनी चाहिए। इतनी मजबूत हो कि स्टैंड में रखने पर सीधी खड़ी रहे, अपने वजन से मुड़े नहीं। स्टैंड के सुराख का साइज बांस की मोटाई के हिसाब से होना चाहिए। अगरबत्ती में फंगस नहीं होनी चाहिए।
- बांस का खाली यानी पकड़ने वाला हिस्सा कम से कम 1 सेमी होना चाहिए और स्टैंड में फिट आना चाहिए। लेप में कोई फिजिकल डिफेक्ट न हो। लेप वाली लंबाई कुल लंबाई की कम से कम 60 प्रतिशत होनी चाहिए।
- प्रतिबंधित केमिकल लेप या खुशबू नहीं होनी चाहिए। लेप वाले पूरे हिस्से के जलने तक लगातार सुगंध आनी चाहिए। माचिस या लाइटर से अगरबत्ती तुरंत जले और लगातार जलती रहे। जलते समय चिंगारी न निकले, जलता हुआ सिरा टूटकर गिरे नहीं।

# अमेरिका-ईरान वार्ता में प्रगति, तेल कीमतों में गिरावट से सेंसेक्स 941 अंक चढ़ा

**मुंबई, एजेंसी**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरान के साथ युद्ध समाप्त करने के लिए बातचीत में प्रगति के दावे के बाद बुधवार को स्थानीय शेयर बाजार में जोरदार तेजी देखने को मिली। कारोबार के अंतिम घंटे में तेज लिवाली से बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 940.73 अंक यानी 1.22 प्रतिशत उछलकर 77,958.52 अंक पर पहुंच गया। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,004.99 अंक यानी 1.30 प्रतिशत की बढ़त के साथ 78,022.78 अंक पर पहुंच गया था। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 298.15 अंक यानी 1.24 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,330.95 अंक पर बंद हुआ। वैश्विक बाजारों के सकारात्मक रुख ने भी स्थानीय बाजार को समर्थन दिया।

एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पोनमुडी आर ने कहा कि अमेरिका-ईरान के बीच शांति वार्ता तथा ऊर्जा कीमतों में गिरावट से बाजार को जरूरी समर्थन मिला।

- **नुकसान में रहे शेयर** :-एयरलाइन कंपनियों के लिए ऋण सुविधा की घोषणा से इंटरग्लोब एविएशन के शेयरों में 6.6% की तेजी आई। इसके अलावा ट्रेंट, एशियन पेंट्स, भारतीय स्टेट बैंक, एचडीएफसी बैंक और इटर्नल के शेयर भी लाभ में रहे।
- **गिरावट में रहे शेयर** :-रिलायंस इंडस्ट्रीज में 1.8 % की गिरावट आई। लार्सन एंड टुब्रो, पावर ग्रिड और एनटीपीसी के शेयरों में भी गिरावट रही।



- ब्रेंट क्रूड ऑयल 8 प्रतिशत टूटकर 101.1 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।
- व्यापक बाजार में छोटी कंपनियों से जुड़ा बीएसई स्मॉलकैप सेलेक्ट सूचकांक 2 .25 प्रतिशत चढ़ गया। मझोली कंपनियों से संबंधित मिडकैप में 2 .10 प्रतिशत का लाभ रहा।
- विदेशी संस्थागत निवेशकों ने 3,621 .58 करोड़ के शेयर बेचे।
- एशिया एशियाई बाजारों में, द . कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग बढ़त के साथ बंद हुए। कॉस्पी में छह प्रतिशत से ज्यादा का उछाल आया।
- यूरोप के बाजार बढ़त में थे। अमेरिकी बाजार मंगलवार को सकारात्मक रुख के साथ बंद हुए थे।

### रुपया 69 पैसे मजबूत

**मुंबई, एजेंसी।** पश्चिम एशिया संकट के समाधान की उम्मीद में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर डॉलर और कच्चे तेल में भारी गिरावट देखी गयी जिससे रुपये ने जबरदस्त वापसी की और 69 पैसे ऊपर बंद हुआ। अमेरिका ने कहा है कि ईरान के साथ शांति वार्ता में सकारात्मक प्रगति हुई है और जल्द ही स्थायी समझौता हो सकता है। इससे डॉलर सूचकांक करीब 0 .5 फीसदी लुढ़क गया। इससे अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया 68 .75 पैसे मजबूत बंद हुआ और कारोबार की समाप्ति पर एक डॉलर 94 .4925 रुपये का बोला गया।

## रिलायंस फाउंडेशन ने महिलाओं की डिजिटल पहुंच बढ़ाने को शुरू की 200 करोड़ की मुहिम

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** रिलायंस फाउंडेशन और गेट्स फाउंडेशन ने महिलाओं की डिजिटल भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से 'शीकनेक्ट्स डिजिटल एक्सेलेरेटर' अभियान शुरू करने की बुधवार को घोषणा की। रिलायंस फाउंडेशन ने बुधवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि 200 करोड़ रुपये की इस पहल का उद्देश्य भारत और सब-सहारा अफ्रीका में महिलाओं और लड़कियों तक डिजिटल तकनीक की पहुंच और उसके उपयोग को बढ़ावा देना है। अगले तीन साल में यह कार्यक्रम ऐसे स्थानीय और प्रभावी डिजिटल समाधानों की पहचान करने और उन्हें बड़े स्तर तक पहुंचाने की दिशा में काम करेगा, जो महिलाओं की जिंदगी और आजीविका को बेहतर बनाने में मदद कर सकें। रिलायंस फाउंडेशन भारत में इस कार्यक्रम के तहत ऐसे डिजिटल समाधानों को आगे बढ़ायेगा, जो पहले से असरदार साबित हुए हैं।

## अप्रैल में 75.14 प्रतिशत बढ़ी इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों की बिक्री

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों (पीवी) की बिक्री अप्रैल में 75.14 प्रतिशत बढ़कर 23,506 इकाई हो गई जबकि पिछले वर्ष इसी महीने यह 13,421 इकाई थी। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशंस (फाडा) ने बुधवार को यह जानकारी दी। फाडा के आंकड़ों के अनुसार, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड अप्रैल में 8,543 इकाइयों के साथ शीर्ष पर रही जबकि महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड 5,413 इकाइयों के साथ दूसरे स्थान पर रही। इसके बाद 5,006 इकाई के साथ जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया का स्थान रहा।

# एफसीआई गोदामों में गेहूं और चावल का भंडार बफर मानकों से तीन गुना अधिक

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

सरकार के गेहूं एवं चावल का भंडार भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के गोदामों में एक अप्रैल को बढ़कर 604.02 लाख टन पर पहुंच गया, जो निर्धारित बफर मानक 210.40 लाख टन का लगभग तीन गुना है। आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है।

आंकड़ों के मुताबिक, चावल का भंडार 386.10 लाख टन रहा, जो 135.80 लाख टन के बफर मानक से काफी अधिक है। वहीं, गेहूं का भंडार 217.92 लाख टन दर्ज किया गया, जबकि इसका बफर मानक 74.60 लाख टन है।

अनाज भंडारण के बफर मानक तिमाही आधार पर संशोधित किए जाते हैं। मौजूदा मानक एक अप्रैल से लागू हैं और अगला संशोधन एक जुलाई को होगा। सरकार सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के तहत जरूरतमंदों को अनाजों की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए ये भंडार बनाए रखती है।

इस बीच, 2026 की रबी फसलों की खरीद प्रक्रिया जारी है। देश में 334.17 लाख हेक्टेयर में बोए गए गेहूं में से लगभग



97 प्रतिशत की कटाई हो चुकी है, जबकि दलहनों की कटाई पूरी हो गई है। रबी सत्र वाले धान की कटाई 59.32 प्रतिशत तक पहुंची है, जो मुख्य रूप से तमिलनाडु, केरल, त्रिपुरा, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में केंद्रित है।

आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, अधिकतर रबी फसलों के थोक दाम न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से नीचे चल रहे हैं। एक अधिकारी ने कहा कि एक मई को समाप्त हुए सप्ताह में लगभग सभी प्रमुख फसलें एमएसपी से नीचे कारोबार कर रही थीं। गेहूं का भाव 2,530 रुपये प्रति क्विंटल रहा, जो 2,585 रुपये के एमएसपी से 2.13 प्रतिशत कम है।

धान का दाम सालाना आधार पर 3.17 प्रतिशत गिरकर 2,294 रुपये प्रति क्विंटल पर आ गया।

## घर खर्च के साथ निवेश के लिए भी खाड़ी से पैसे भेज रहे एनआरआई

**मुंबई, एजेंसी**

पश्चिम एशिया संकट के बावजूद खाड़ी देशों से भेजे जाने वाले धन में बढ़ोतरी के बीच प्रवासी भारतीय अब केवल पारिवारिक जरूरतों के लिए ही नहीं, बल्कि निवेश के इरादे से भी पैसे भेज रहे हैं। बुधवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। इक्विरस वेल्थ की यह सर्वेक्षण रिपोर्ट कहती है कि विदेशी धनप्रेषण का स्वरूप अब 'जरूरत आधारित' की जगह रणनीति आधारित' होता जा रहा है, जिससे खाड़ी क्षेत्र में रहने वाले भारतीयों के लिए भारत प्रमुख निवेश गंतव्य के रूप में उभर रहा है। खाड़ी क्षेत्र के 8,300 से अधिक उत्तरदाताओं पर आधारित इस सर्वेक्षण में पाया गया कि अनिवासी भारतीयों (एनआरआई) द्वारा भेजी जाने वाली कुल रकम में करीब आधा हिस्सा निवेश और सेवानिवृत्ति योजना से जुड़ा है। इसमें निवेश का हिस्सा 27 प्रतिशत, सेवानिवृत्ति योजना का 22 प्रतिशत और पारिवारिक सहायता का 26 प्रतिशत रहा। रिपोर्ट के अनुसार, निवेश को लेकर विदेश में रहने वाले भारतीयों के नजरिये में भी बदलाव दिख रहा है। लगभग 75 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने खुद को दीर्घकालिक या संतुलित निवेशक बताया।

## अब केवल एक हजार रुपये में वारिसों के नाम हस्तांतरित हो जाएगा फ्लैट

**लखनऊ, एजेंसी**

उत्तर प्रदेश रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण (उप्र रेरा) ने एक अहम फैसले में मूल आवंटनकर्ता की मृत्यु होने पर उसके कानूनी वारिसों को फ्लैट हस्तांतरित करने के लिए अधिकतम शुल्क एक हजार रुपये तय किया है। उप्र रेरा के अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी ने बुधवार को बताया कि अब विकासकर्ता या प्रवर्तक को मृतक आवंटी के जीवनसाथी, बेटे या बेटी को एक हजार रुपये के मामूली शुल्क लेकर फ्लैट हस्तांतरित करना होगा। भूसरेड्डी ने यूपी रेरा के 10 साल पूरे होने पर संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्राधिकरण को कई शिकायतें मिली थीं जिनमें बिल्डर कथित तौर पर ऐसे हस्तांतरण के लिए मनमाना शुल्क वसूल रहे थे और कभी—कभी यह धनराशि लाखों रुपये तक पहुंच जाती थी। भूसरेड्डी ने कहा कि कुछ मामलों में शुल्क 200 रुपये से लेकर एक हजार रुपये प्रति वर्ग फुट तक होती थी, जिससे कुल रकम 25-30 लाख रुपये तक पहुंच जाती थी। यह गलत है, खासकर तब जब आवंटनकर्ता पहले ही फ्लैट की पूरी कीमत चुका हो। उन्होंने कहा कि इन शिकायतों के बाद प्रशासनिक और मानक शुल्क से सम्बन्धित नियम 47 को संशोधित किया गया है ताकि उत्तराधिकार या आवंटन हस्तांतरण के मामलों में प्रवर्तकों द्वारा लिये जाने वाले शुल्क को नियंत्रित किया जा सके। भूसरेड्डी ने बताया कि संशोधित प्रावधानों के तहत खून के रिश्तों में आने वाले कानूनी वारिसों को फ्लैट हस्तांतरण करने पर अधिकतम एक हजार रुपये का प्रसंस्करण शुल्क लगेगा। उन्होंने बताया कि कानूनी वारिस को मूल आवंटी का मृत्यु प्रमाण पत्र, किसी सक्षम अधिकारी द्वारा जारी उत्तराधिकार प्रमाण पत्र और अन्य कानूनी वारिसों से अनापत्ति प्रमाण पत्र जैसे दस्तावेज जमा करने होंगे। भूसरेड्डी ने कहा कि परिवार के बाहर के लोगों को फ्लैट हस्तांतरित करने पर अधिकतम 25 हजार रुपये शुल्क लिया जा सकता है लेकिन ऐसे मामलों में कोई नई बिक्री विलेख या पट्टा समझौता नहीं किया जाएगा।

### रिपोर्ट

एसएंडपी ग्लोबल और क्रिसिल ने संयुक्त रूप से 'इंडिया फारवर्ड' शीर्षक से जारी की रिपोर्ट

# भारत की वृद्धि दर घटकर 6 .6 प्रतिशत रहने का अनुमान

**नई दिल्ली, एजेंसी**

ऊर्जा आपूर्ति बाधाओं की वजह से चालू वित्त वर्ष में भारत की आर्थिक वृद्धि दर 7.1 प्रतिशत के पिछले अनुमान से कम होकर 6.6 प्रतिशत रह सकती है। एसएंडपी ग्लोबल और क्रिसिल ने बुधवार को एक संयुक्त रिपोर्ट में यह कहा। इसके साथ ही दोनों रेटिंग एजेंसी ने इस रिपोर्ट में कहा कि 'विकसित भारत 2047' का लक्ष्य हासिल करने के लिए ऊर्जा एवं खाद्य सुरक्षा से जुड़े सुधार जरूरी होंगे।

'इंडिया फारवर्ड' शीर्षक वाली रिपोर्ट कहती है कि भारत इस समय ऊर्जा आपूर्ति में बाधा, तेल और गैस की बढ़ती कीमतों तथा मुद्रा विनिमय दर में उतार-चढ़ाव जैसे बाहरी आर्थिक झटकों का सामना कर रहा है। ऐसी स्थिति में रणनीतिक भंडार तैयार करने के लिए व्यापक ऊर्जा भंडारण नीति बनाने की जरूरत बताई गई है।

क्रिसिल के मुख्य अर्थशास्त्री धर्मकीर्ति जोशी ने कहा कि पश्चिम एशिया संकट लंबा खिंचने से नए दबाव उभर रहे हैं। रुपये में कमजोरी और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी अर्थव्यवस्था पर 'दोहरा झटका' डाल रही है, जिससे वृद्धि पर दबाव बढ़ रहा है। जोशी ने कहा कि मौजूदा हालात में भारत को ऊर्जा और खाद्य सुरक्षा के साथ उर्वरक क्षेत्र पर भी विशेष ध्यान देना चाहिए।

उन्होंने संकट जारी रहने की स्थिति में रबी फसल के लिए उर्वरकों की कमी होने का अंदेशा



- एफटीए का लाभ उठाने के लिए सुधारनी होगी प्रतिस्पर्धी क्षमता

भी जताया। हालांकि खरीफ फसलों के लिए स्थिति अपेक्षाकृत बेहतर बनी हुई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि हाल में कई देशों एवं समूहों के साथ हुए मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) का पूरा लाभ उठाने के लिए भारत को अपनी प्रतिस्पर्धी क्षमता बढ़ाने के लिए विभिन्न सुधार करने होंगे। पश्चिम एशिया में 28 फरवरी से शुरू हुए संघर्ष के बाद कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल आया है, जिससे मुद्रास्फीति को लेकर चिंताएं बढ़ी हैं। कच्चा तेल 30 अप्रैल को 126 डॉलर प्रति बैरल के चार साल के उच्च स्तर तक पहुंच गया था लेकिन छह मई को यह घटकर 97.77 डॉलर प्रति बैरल रह गया।

जोशी ने कहा कि वैश्विक कच्चे तेल की ऊंची कीमतों का असर थोक मूल्य सूचकांक पर अधिक दिखेगा, जबकि खुदरा मुद्रास्फीति पर इसका प्रभाव सीमित रहेगा। इसकी वजह यह है कि सरकार ने पेट्रोल, डीजल और घरेलू एलपीजी की कीमतों को स्थिर रखा है। हालांकि वाणिज्यिक एलपीजी के दाम बढ़ाए गए हैं। कहा कि अप्रैल के मुद्रास्फीति आंकड़ों में बढ़ोतरी दिखेगी लेकिन थोक मुद्रास्फीति, खुदरा मुद्रास्फीति से अधिक रह सकता है क्योंकि इसमें आयातित वस्तुओं और कच्चे माल की लागत का प्रभाव शामिल होता है।

केंद्रीय बैंक ने वित्त वर्ष 2026-27 में औसत मुद्रास्फीति 4.6 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है और इसमें बढ़ोतरी के जोखिमों की ओर भी संकेत किया है। नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, मार्च में खुदरा मुद्रास्फीति 3.4 प्रतिशत के एक साल के उच्च स्तर पर पहुंच गई, जबकि थोक मुद्रास्फीति 3.88 प्रतिशत के 38 महीने के उच्च स्तर पर रही।

# भारत-द. कोरिया 25 मई को करेंगे एफटीए की समीक्षा पर बातचीत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत और दक्षिण कोरिया 25 मई को वृहद आर्थिक भागीदारी करार (सीईपीए) की समीक्षा पर बातचीत कर सकते हैं। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि इसे जनवरी, 2010 में लागू किया गया था। यह बातचीत इसलिए जरूरी है क्योंकि भारत ने दक्षिण कोरिया को एक नए द्विपक्षीय व्यापार करार पर बातचीत करने का सुझाव दिया है ताकि इसे और बेहतर बनाया जा सके। साथ ही व्यापार घाटे की चिंताओं को दूर किया जा सके।

अधिकारी ने कहा कि दोनों देशों के अधिकारी मुक्त व्यापार समझौते



- व्यापार घाटा कम करने को भारत ने दिया नए करार का सुझाव

(एफटीए) की समीक्षा के लिए 25 मई को मिल रहे हैं। पिछले महीने यहां हुई एक द्विपक्षीय बैठक में वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने अपने कोरिया के व्यापार मंत्री यियो हान-कू को एक नए एफटीए पर बातचीत करने का सुझाव दिया था।

गोयल कई मौकों पर दोनों देशों के बीच बढ़ते व्यापार घाटे पर भारत की चिंताओं को उठा चुके हैं।

दक्षिण कोरिया को भारत का निर्यात 2023-24 के 6.41 अरब डॉलर से 9.3 प्रतिशत घटकर 2024-25 में 5.81 अरब डॉलर रह गया है। 2024-25 में आयात 0.34 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 21 अरब डॉलर रहा। इस तरह व्यापार घाटा 15.19 अरब डॉलर रहा।

2020-21 में यह आठ अरब डॉलर था। दोनों देशों ने 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को मौजूदा के 27 अरब डॉलर से दोगुना करके 54 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य तय किया हुआ है।

# होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने के लिए चीन और ईरान ने की बातचीत

**बीजिंग, एजेंसी**

• **अमेरिकी दबाव के बीच ईरानी विदेशमंत्री पहुंचे बीजिंग**

अंतर्राष्ट्रीय नौवहन के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने और युद्ध समाप्त करने के लिए अमेरिका के साथ समझौता करने को लेकर ईरान पर दबाव बढ़ने के बीच चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने बुधवार को यहां ईरानी समकक्ष अब्बास अराघची के साथ वार्ता की।

अराघची की एक दिवसीय यात्रा अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की 14 से 15 मई तक बीजिंग की पूर्वनियोजित यात्रा से एक सप्ताह पहले हो रही है, जहां वह अपने चीनी समकक्ष शी जिनपिंग के साथ व्यापक व्यापार समझौते सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा करेंगे। अमेरिका-ईरान युद्ध शुरू होने के बाद चीन की अपनी पहली यात्रा पर आए अराघची और वांग ने होर्मुज जलडमरूमध्य पर अमेरिकी नाकाबंदी के कारण उत्पन्न स्थिति पर चर्चा करने के लिए मुलाकात की। यह नाकाबंदी ईरान को होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकाबंदी हटाने के लिए मजबूर करने के उद्देश्य से की गई है। चीन ईरान का एक करीबी सहयोगी है और तेहरान के कच्चे तेल का सबसे बड़ा खरीदार है। अराघची की यह यात्रा अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो द्वारा मंगलवार को ईरान के खिलाफ प्रमुख अमेरिकी सैन्य अभियानों की समाप्ति की घोषणा की पृष्ठभूमि में हो रही है। रुबियो ने व्हाइट हाउस में पत्रकारों को बताया कि 28 फरवरी को ईरान के खिलाफ शुरू किया गया 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' समाप्त हो गया है।

## ऑपरेशन सिंदूर का एक साल : कश्मीर के लोगों के दिलों-दिमाग में अभी ताजा हैं एक साल पहले की यादें

# सीमाओं पर कुछ बड़ा तो नहीं हुआ पर डर का साम्राज्य कायम

**सुरेश एस डुग्गर**

**चानना कैंप सीमांत गांव से।** जीरो लाइन से सटे खेतों में प्रकाशो देवी अपनी फसल को बिना किसी डर के काट तो रही है पर उसके दिलोदिमाग से अभी भी एक साल पहले की यादें मिटी नहीं हैं। वह अपने बच्चों को भी खेतों में कदम रखने पर सतर्क रहने को कहती थी।

पुंछ और उड़ी के एलओसी से सटे कई गांवों में अभी भी एतिहात के तौर पर भूमिगत बंकरों का सहारा जरूर लिया जा रहा है। कईयों के लिए आपरेशन सिंदूर अभी भी जारी है क्योंकि इस मिनी युद्ध के दौरान हुए नुक्सान की भरपाई अभी बाकी है।पिछले एक सप्ताह से जम्मू फ्रंटियर और एलओसी से सटे इलाकों में अजीब सा माहौल था जिसमें सरकार द्वारा ब्लैक आउट की तैयारियों और माक ड्रिल के अभियान ने 'दहशत का तड़का' जरूर लगा दिया था।




हालांकि प्रशासन बार-बार इसे स्पष्ट करता रहा कि यह मात्र सुरक्षा अभियान है, पर सालभर पहले अपनों को खोने वालों और पलभर में जिन्दगीभर की कमाई नेस्तनाबूद होते देखने वालों को किसी पर विश्वास करना मुश्किल था।माना कि सीमांत इलाकों में जिन्दगी फिर से पटरी पर लौट चुकी है। पर यह टीस अभी भी बाकी है कि इस डर को पूरी तरह से खत्म क्यों नहीं किया गया। पुंछ के सरला पोस्ट इलाके के शम्सद्दीन कहते थे कि जब पहल हो ही गई थी तो इसे एक बार आर-पार कर लेना चाहिए था। शम्सद्दीन की परेशानी यह थी कि अभी भी उसे सरकार की ओर से व्यक्तिगत बंकर बना कर नहीं दिया गया था। विपदा आने पर उसे सामूहिक बंकर का आसरा ही नजर आता था। बंकरों की कमी के कारण ही पुंछ में आपरेशन सिंदूर के दौरान पाक गोलाबारी 14 नागरिकों को लील गई थी। यह एक कस्बे का आंकड़ा था। हर सीमांत कस्बे की अपनी अपनी दुखभरी दास्तानें हैं। अधिकारी मानते हैं कि वर्ष 2018 में जम्मू संभाग में ही 14 हजार बंकरों के लिए फंड मंजूर किया गया था, पर अभी भी अच्छी खासी संख्या में बंकर अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे हैं। वे सिर्फ कागजों में ही हैं। अभी तक एलओसी के इलाकों में ही बंकरों की मांग बहुत थी। पर आपरेशन सिंदूर ने तो जम्मू सीमा के इलाकों के साथ-साथ कई-कई किमी दूर बसे शहरों व कस्बों में भी इसकी जरूरत महसूस करवा दी। दरअसल पाक सेना ने आपरेशन सिंदूर के दौरान जम्मू शहर के भीतर तक ड्रोनों और मिसाइलों के हमलों से लोगों को डरा जरूर दिया था। यह डर अभी भी बरकरार है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### अमेरिका पेशावर में वाणिज्यिक दूतावास बंद करेगा

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के विदेश विभाग ने बुधवार को पेशावर में अपने वाणिज्यिक दूतावास को चरणबद्ध तरीके से बंद करने की घोषणा की। खैबर पख्तूनख्वा के लिए राजनयिक ज़िम्मेदारियां अब इस्लामाबाद में स्थित अमेरिकी दूतावास द्वारा संभाली जाएंगी। विदेश विभाग के अनुसार, इस फ़ैसले में अमेरिकी राजनयिक कर्मचारियों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी गयी है और इसका उद्देश्य संसाधनों का बेहतर प्रबंधन करना है। विभाग ने कहा, पेशावर में हालांकि हमारी भौतिक उपस्थिति बदल रही है, लेकिन पाकिस्तान में हमारी नीतिगत प्राथमिकताएं अटल हैं। विभाग ने आर्थिक संबंधों, क्षेत्रीय सुरक्षा और अमेरिकी हितों को बढ़ावा देने के लिए खैबर पख्तूनख्वा के लोगों और अधिकारियों के साथ लगातार जुड़ाव बनाए रखने पर ज़ोर दिया है।

### उपग्रह गैलेक्सआई के सफल प्रक्षेपण पर मस्क ने दी बधाई

**वाशिंगटन।** स्पेसएक्स के संस्थापक एलन मस्क ने बेंगलुरु स्थित अंतरिक्ष स्टार्टअप गैलेक्सआई को मिशन दृष्टि 'उपग्रह के सफल प्रक्षेपण पर बधाई दी। मस्क ने मंगलवार को एक्स पर बधाई लिखकर यह प्रतिक्रिया दी, जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उस पोस्ट के जवाब में थी, जिसमें उन्होंने मिशन दृष्टि के प्रक्षेपण पर गैलेक्सआई को बधाई दी थी। प्रधानमंत्री ने रविवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में इस प्रक्षेपण को भारत की अंतरिक्ष यात्रा में एक बड़ी उपलब्धि बताया और इसे देश के बढ़ते नवाचार तंत्र का प्रतीक कहा था।


# भारत, वियतनाम ने अपने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी तक पहुंचाया

## दुर्लभ खनिज और रक्षा सहित 13 महत्वपूर्ण क्षेत्रों में समझौतों पर हस्ताक्षर किए

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और वियतनाम के राष्ट्रपति तो लाम के बीच हुई वार्ता के बाद बुधवार को भारत और वियतनाम ने अपने संबंधों को बढ़ाकर व्यापक रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक पहुंचाने का निर्णय लिया और 2030 तक 25 अरब डॉलर के वार्षिक व्यापार का लक्ष्य तय किया।

दोनों नेताओं ने भूराजनीतिक उतार-चढ़ाव के बीच व्यापार, रक्षा और दुर्लभ खनिजों के क्षेत्र में द्विपक्षीय संबंधों के विस्तार पर ध्यान केंद्रित किया। मोदी-लाम की मुलाकात के बाद दोनों पक्षों ने 13 समझौतों पर हस्ताक्षर किए जो डिजिटल भुगतान, दुर्लभ खनिजों, फार्मास्युटिकल्स, शिक्षा, रक्षा, बैंकिंग और संस्कृति समेत विभिन्न क्षेत्रों में गहन दोतरफा साझेदारी का मार्ग खोलेंगे। मोदी और लाम ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की दबदबा बढ़ाने की कोशिशों के बीच क्षेत्र की स्थिति पर भी चर्चा की और कानून व्यवस्था, शांति, स्थिरता और समृद्धि में योगदान देते रहने पर भी सहमति जताई। समझा जाता है कि दक्षिण चीन सागर में चीन का बढ़ता सैन्य दबदबा भी दोनों पक्षों की प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता में सामने आया। लाम ने मंगलवार को भारत की अपनी पहली राजकीय यात्रा शुरू की। वह तीन दिवसीय यात्रा पर आए हैं। मोदी ने कहा कि एक दशक पहले, वियतनाम आसियान में भारत का पहला व्यापक रणनीतिक साझेदार बना। तब से, हमारे संबंधों ने तीव्र और व्यापक प्रगति की है। उन्होंने कहा कि इस मज़बूत नींव पर आगे बढ़ते हुए, आज हम अपने संबंधों को बेहतर व्यापक रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक ले जा रहे हैं। अब हम अपनी साझेदारी को और भी ऊंचे लक्ष्यों की ओर आगे बढ़ाएंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारा सहयोग हर क्षेत्र में नए स्तरों तक पहुंचेगा, संस्कृति, संपर्क और क्षमता निर्माण के साथ-साथ सुरक्षा, स्थिरता और आपूर्ति श्रृंखला की मजबूती में भी। उन्होंने कहा कि भारत और वियतनाम के बीच द्विपक्षीय व्यापार पिछले दशक में दोगुना होकर 16 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया है और अब इसे 2030 तक 25 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य है।


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वियतनाम के राष्ट्रपति लाम के बीच बैठक के बाद एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। एमओयू के साथ केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव और वियतनाम की स्वास्थ्य मंत्री दाओ होंग लान।

### यूपीआई से जुड़ेगी वियतनाम की भुगतान प्रणाली

मोदी ने कहा कि भारत का यूपीआई और वियतनाम की भुगतान प्रणाली को जल्द जोड़ा जाएगा। हम दोनों देशों के बीच राज्यों तथा शहरों के सहयोग को मजबूत कर रहे हैं। कहा कि भारत, पहलगाम आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करने और आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई में भारत के साथ खड़े रहने के लिए वियतनाम का आभारी है। अब, हमारी व्यापक रणनीतिक साझेदारी के माध्यम से हम एक दूसरे के त्वरित विकास का समर्थन करेंगे। जैसा कि बुद्ध की शिक्षाओं में कहा गया है कि अगर आप किसी के लिए दीप जलाते हैं तो आपका भी मार्ग प्रज्वलित होता है।

### अंगूर-अनार का स्वाद चखेगा वियतनाम

मोदी ने कहा कि हमारे दवा प्राधिकरणों के बीच हुए एमओयू से अब वियतनाम में भारतीय दवाओं की उपलब्धता बढ़ेगी। वियतनाम को भारतीय कृषि, मत्स्य पालन और पशु उत्पादों का निर्यात भी अब और आसान हो जाएगा। बहुत जल्द, वियतनाम भारत के अंगूर और अनार का स्वाद चखेगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दोनों पक्षों ने इस साल के अंत तक भारत-आसियान व्यापार समझौते को उन्नत करने पर भी रजामंदी व्यक्त की। उन्होंने कहा, इससे भारत और सभी आसियान देशों के बीच व्यापार और निवेश को एक नई गति मिलेगी। महत्वपूर्ण खनिजों, दुर्लभ मृदा तत्वों और ऊर्जा सहयोग के क्षेत्र में नई पहलें दोनों देशों की आर्थिक सुरक्षा और आपूर्ति शृंखला की सुदृढ़ता सुनिश्चित करेंगी। उन्होंने कहा कि वित्तीय संपर्क को मजबूती प्रदान करने के लिए हमने आज हमारे केंद्रीय बैंकों के बीच सहयोग बढ़ाने का निर्णय लिया है।

# शॉपिंग सेंटर में गोलीबारी में दो लोगों की मौत

**कैरलटन।** टेक्सास में एक व्यक्ति ने डलास के उत्तर में स्थित एक शॉपिंग सेंटर में मंगलवार को पांच लोगों पर गोलियां चलाईं जिसमें दो लोगों की मौत हो गई जबकि तीन लोग घायल हो गए। कैरलटन पुलिस प्रमुख रॉबर्टो अरेडोंडो ने बताया कि यह अचानक हुई घटना नहीं थी और हमलावर उन दोनों लोगों को जानता था जिनकी गोली लगने से मौत हो गई। अरेडोंडो ने कहा कि उनके बीच कारोबारी संबंध थे। हम अब भी यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि उसके इस कृत्य का कारण क्या था।

पुलिस ने बताया कि संदिग्ध व्यक्ति सेंग हान हो (69) को कुछ दूर तक पीछा करने के बाद एक दुकान के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। अरेडोंडो ने बताया कि गोलीबारी में तीन लोग घायल हुए हैं, लेकिन उनकी हालत स्थिर है।

# भारत और अल्जीरिया रक्षा के क्षेत्र में बढ़ाएंगे सहयोग

**नई दिल्ली, एजेंसी**

• **दोनों देशों के संयुक्त आयोग की बैठक में बनी सहमति**

भारत और अल्जीरिया ने रक्षा सहयोग का दायरा बढाने तथा इसे और प्रगाढ़ बनाने पर सहमति जतायी है। रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को यहां बताया कि भारत-अल्जीरिया संयुक्त आयोग की मंगलवार को यहां हुई पहली बैठक में यह सहमति बनी।

बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने प्रशिक्षण, सैन्य अभ्यास, चिकित्सा सहयोग और रक्षा उद्योगों के क्षेत्र में पारस्परिक हित के मुद्दों पर चर्चा के साथ-साथ दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग गतिविधियों को और अधिक विस्तार देने पर सहमति व्यक्त की। दोनों देशों ने भारत-अल्जीरिया रक्षा सहयोग के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए उत्तरदायी कार्यप्रणाली नियमों पर हस्ताक्षर किए, यह संयुक्त आयोग की बैठकों के लिए मार्गदर्शक प्रारूप के रूप में कार्य करेंगे। बैठक की सह-अध्यक्षता संयुक्त सचिव (अंतर्राष्ट्रीय सहयोग) अमिताभ प्रसाद और अल्जीरिया की नौसेना के चीफ ऑफ स्टाफ मेजर जनरल कायद नूर एड्डिन ने की। भारतीय प्रतिनिधिमंडल में तीनों सेनाओं, मुख्यालय, एकीकृत रक्षा स्टाफ, रक्षा उत्पादन विभाग, डीआरडीओ, सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा और विदेश मंत्रालय के अधिकारी शामिल थे। भारत और अल्जीरिया के बीच रक्षा संबंध 2024 में रक्षा समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के बाद से निरंतर आगे बढ रहे हैं और दोनों पक्षों की उच्च स्तरीय यात्राओं से संबंध और मजबूत हो रहे हैं। अल्जीरिया के नौसेना प्रमुख की यह यात्रा भारत-अल्जीरिया रक्षा संबंधों में एक महत्वपूर्ण पहल है।

# क्रूज पर हंता वायरस से तीन की मौत, कुल सात संक्रमित

• **प्रभावित यात्रियों में बुखार, पेट में दर्द और निमोनिया जैसे लक्षण, जहाज पर सवार हैं कुल 147 यात्री**

**जिनेवा।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने एक क्रूज जहाज पर 'हंता वायरस' के संक्रमण से तीन मौतों और गंभीर श्वसन बीमारी के प्रकोप की पुष्टि की है। नीदरलैंड के झंडे वाले इस जहाज पर कुल 147 यात्री और चालक दल के सदस्य सवार हैं, जिनमें से अब तक सात मामले (दो पुष्ट और पांच संदिग्ध) सामने आ चुके हैं।

डब्ल्यूएचओ को इस घटना की जानकारी दो मई को ब्रिटेन के माध्यम से मिली थी। दक्षिण अफ्रीका में की गई प्रयोगशाला जांच में एक गंभीर रूप से बीमार मरीज में हंता वायरस संक्रमण की पुष्टि हुई है। प्रभावित यात्रियों में बुखार, पेट दर्द और तेजी से निमोनिया जैसे लक्षण देखे गए हैं। जहाज ने एक अप्रैल 2026 को अर्जेंटीना के उशुआइया से अपनी यात्रा शुरू की थी और वर्तमान में यह केप वर्डे के तट पर खड़ा है। डब्ल्यूएचओ ने बताया कि पहला मामला छह अप्रैल को सामने आया था, जिसमें एक पुरुष यात्री की मौत हो गई। उसके संपर्क में आई एक महिला की भी दक्षिण अफ्रीका में मृत्यु हो गई। तीसरा पुष्ट मामला एक पुरुष का है जो आईसीयू में भर्ती है। एक अन्य महिला की भी दो मई को निमोनिया के कारण मौत हो गई।

# कैलिफोर्निया में आईआईटी मद्रास ने शुरू किया केंद्र

• **अमेरिका में भारत के तकनीकी नवाचार का विस्तार**

**वाशिंगटन।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास ग्लोबल रिसर्च फाउंडेशन ने अमेरिका में अपना पहला केंद्र स्थापित करने की घोषणा की है, जिससे वैश्विक पारिस्थितिकी तंत्र में भारत के गहन तकनीकी नवाचार की उपस्थिति का विस्तार होगा। कैलिफोर्निया के मेनलो पार्क में स्थित इस केंद्र की घोषणा मंगलवार को मेरीलैंड के नेशनल हार्बर में आयोजित 'सेलेक्टयूएसए इन्वेस्टमेंट समिट' में की गई, जिसकी शुरुआत 24 अप्रैल को हुई थी। आईआईटी मद्रास ग्लोबल रिसर्च फाउंडेशन के सीईओ तिरुमलई माधवनारायण ने बताया कि सीए स्टार्टअप के साथ हमारी साझेदारी के माध्यम से स्थापित मेनलो पार्क केंद्र, आईआईटीएम ग्लोबल के अमेरिकी संचालन के लिए एक रणनीतिक आधार है।

उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य एक ऐसा मंच तैयार करना है जो प्रयोगशाला से वैश्विक बाजारों तक 'डीप-टेक' उद्यमों को गति प्रदान करे, साथ ही भारत में वैश्विक नवाचार को आकर्षित करे। नारायण ने बताया कि इस केंद्र को कुल 75 लाख अमेरिकी डॉलर के नियोजित निवेश से विकसित किया जाएगा, जिसमें आईआईटीएम ग्लोबल से 45 लाख अमेरिकी डॉलर का ग्रीनफील्ड निवेश शामिल है।

# ईसी कानून के खिलाफ याचिकाओं की सुनवाई टालने से कोर्ट का इनकार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

• **सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र की याचिका पर कहा-मामला ज्यादा अहम**



उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को केंद्र सरकार की उस याचिका को स्वीकार करने से इनकार कर दिया, जिसमें 2023 के उस कानून की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं की सुनवाई टालने की मांग की गई थी, जिसमें मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और दो उप-आयुक्तों की नियुक्ति करने वाली समिति से भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) को हटा दिया गया था। शीर्ष अदालत ने कहा कि यह मामला शबरिमला मामले से भी अधिक महत्वपूर्ण है।

प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली नौ-सदस्यीय संविधान पीठ वर्तमान में केरल के शबरिमला मंदिर सहित धार्मिक स्थलों पर महिलाओं के साथ भेदभाव और विभिन्न धर्मों में धार्मिक स्वतंत्रता के दायरे से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता के उस अनुरोध को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने कहा था कि वह शबरिमला मामले की सुनवाई में व्यस्त हैं, इसलिए इस मामले को स्थगित किया जाए। न्यायमूर्ति दत्ता ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा शर्तें और कार्यकाल) अधिनियम, 2023 को चुनौती देने वाले वर्तमान मामले की गंभीरता का उल्लेख करते हुए कहा कि यह मामला किसी भी अन्य मामले से अधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि आपके (सॉलिसिटर जनरल के) सहयोगी आज नोट ले लें। याचिकाकर्ता अपनी दलीलें शुरू करें। सभी मामले महत्वपूर्ण हैं। हमने अखबारों में पढ़ा है कि एक टिप्पणी है कि शबरिमला से जुड़ी जनहित याचिका पर अदालत को विचार नहीं करना चाहिए था। इसलिए, पूरे सम्मान के साथ कहें तो नौ न्यायाधीश एक ऐसे मामले में व्यस्त हैं, जिसे लेकर यह भी कहा जा रहा है कि इसे पहले ही सुनवाई के लिए नहीं लिया जाना चाहिए था। इसके बाद पीठ ने सुनवाई जारी रखते हुए निर्देश दिया कि याचिकाकर्ता अपनी दलीलें बृहस्पतिवार तक समाप्त करें।

# जल्द मिल सकता है टीबी का नया टीका, टेस्ट जारी

• **डब्ल्यूएचओ ने कहा, हम बड़ी कामयाबी के करीब**

**जेनेवा।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) के महानिदेशक टेड्रोस एडनॉम घेब्रेयेसस ने कहा है कि तपेदिक (टीबी) के नये टीकों का नैदानिक परीक्षण (क्लीनिकल ट्रायल) प्रगति पर है और अगले दो वर्षों में इनके प्रभाव के परिणाम सामने आ जायेंगे जिससे पता चलेगा कि ये टीके कितने कारगर हैं। इथियोपिया के पूर्व स्वास्थ्य और विदेश मंत्री रहे श्री टेड्रोस के मुताबिक हम मेडिकल साइंस में कामयाबी की एक नयी इबारत लिखने के बेहद करीब हैं। गौरतलब है कि वर्ष 2026 में भी वैश्विक स्तर पर तपेदिक सबसे बड़ी स्वास्थ्य समस्याओं में से एक बना हुआ है। इसकी स्थिति अब भी चिंताजनक बनी हुई है। डब्ल्यूएचओ की नवीनतम 'ग्लोबल टीबी रिपोर्ट' के अनुसार, पिछले एक वर्ष में लगभग 1.08 करोड़ लोग टीबी से बीमार हुए और इस बीमारी से दुनिया भर में करीब 12.5 लाख लोगों की जान चली गयी। इसका अर्थ है कि टीबी हर साल लगभग किसी भी अन्य एकल संक्रामक एजेंट की तुलना में अधिक मौतों का कारण बन रही है और यह फिर से सबसे घातक संक्रामक बीमारी के रूप में उभर आयी है। भारत में तपेदिक के मरीजों की संख्या सबसे अधिक है। दुनिया के एक चौथाई से भी ज्यादा तपेदिक मरीज (27 फीसदी) यहां है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज साझेदारी वाले कार्यों से लाभ प्राप्त होगा। जीवनसाथी से कोई उपहार प्राप्त हो सकता है। परिवार को लेकर चिंता दूर होगी।

**तुला** – आज सभी कार्यों में प्रगति होगी। मित्रों से आपके संबंध मधुर रहेंगे। उच्च अधिकारियों से आपको शाबाशी मिल सकती है।

**वृष** – आज दिन की शुरुआत में कुछ तनाव हो सकता है। आपको छोटी-छोटी बातों पर क्रोध आ सकता है। धूप में बाहर निकलने से बचें।

**वृश्चिक** – आज नौकरीपेशा लोगों को विदेश से नौकरी के प्रस्ताव मिल सकते हैं। लंबित कार्यों को पूर्ण करने में अतिरिक्त धन खर्च हो सकता है।

**मिथुन** – आज दिन सकारात्मक रहने वाला है। मार्केटिंग से जुड़े कार्यों में बेहतरीन लाभ प्राप्त होगा। अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करेंगे।

**धनु** – आज आपका आत्मविश्वास बढ़ा हुआ रहेगा। परिवार में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। नौकरीपेशा लोगों की आय बढ़ सकती है।

**कर्क** – आज परिवार के साथ घूमने की योजना बनाएंगे। जल का सेवन पर्याप्त मात्रा में करें। दूसरों पर अपने विचारों को लादने से बचें।

**मकर** – आज दिखावे के कारण मन में कुंठा पनप सकती है। नया कार्य शुरू करने में जल्दबाजी न करें। अनावश्यक धन खर्च से बचें।

**सिंह** – आज नए कारोबारी अनुबंध होंगे। कार्यक्षेत्र में बड़े अधिकारियों का सहयोग आपको मिलेगा। काफी रोमांटिक समय बिताएंगे।


**कुंभ** – आज नए व्यवसाय को लेकर योजना बना सकते हैं। प्रेम संबंधों में नजदीकियां बढ़ेंगी। दिनचर्या अत्यधिक व्यस्त रहने वाली है।

**कन्या** – आज नए कार्यों के प्रति गंभीरता रखें। ऑनलाइन शॉपिंग के दौरान अधिक धन खर्च हो सकता है। गुप्त शत्रुओं को लेकर सावधान रहें।

**मीन** – आज अनावश्यक बातों में समय बर्बाद हो सकता है। उधार दिया हुआ धन प्राप्त हो सकता है। सेहत को लेकर जागरूक रहेंगे।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com




**आज की ग्रह स्थिति :** 7 मई, गुरुवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, पंचमी 10.13 तक तत्पश्चात षष्ठी।

**दिशाशूल**-दक्षिण, **ऋतु**- ग्रीष्म।

**चन्द्रबल**- मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।

**ताराबल**-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।

**नक्षत्र**-पूर्वाषाढ़ा 18.46 तक तत्पश्चात उत्तराषाढ़ा।

### सुडोकू - 141 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 1 | 4 | 2 | 7 | 3 | 6 | 9 | 8 |
| 9 | 8 | 2 | 1 | 5 | 6 | 3 | 4 | 7 |
| 6 | 3 | 7 | 8 | 9 | 4 | 2 | 5 | 1 |
| 1 | 9 | 8 | 7 | 4 | 2 | 5 | 6 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 1 | 9 | 8 | 7 | 2 |
| 2 | 7 | 6 | 5 | 3 | 8 | 4 | 1 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 9 | 8 | 1 | 7 | 2 | 6 |
| 8 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | 9 | 3 | 5 |
| 7 | 2 | 9 | 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 4 |

### सुडोकू -142

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 7 | | | 1 | | |
| 4 | | 8 | | | | | 5 | |
| | | 3 | | 6 | | | | 4 |
| 7 | | | 3 | | | | 6 | |
| 8 | 6 | | | | | | 3 | |
| | 3 | | | | 4 | 9 | | |
| 5 | | | | 3 | | 8 | | |
| | 1 | | | | 2 | 3 | | |
| | | 7 | | | | | 4 | |

**द्विपक्षीय संबंध** | सूरीनाम से भारत के राजनयिक संबंधों के 50 वर्ष पूरे होने पर बोले विदेशमंत्री एस जयशंकर

# पारिवारिक बंधन पर आधारित हैं भारत-सूरीनाम के संबंध

**परामारिबो, एजेंसी**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत सूरीनाम को दूर का साझेदार नहीं बल्कि परिवार के रूप में देखता है। उन्होंने दोनों देशों के राजनयिक संबंधों के 50 वर्ष पूरे होने के मौके पर यह टिप्पणी की।

बुधवार को सूरीनाम की यात्रा से पहले टाइम्स ऑफ सूरीनाम में लिखे लेख में जयशंकर ने कहा कि दोनों देशों के संबंध अब मजबूत और बहुआयामी साझेदारी में बदल गए हैं, जिसमें बुनियादी ढांचा, व्यापार, प्रशिक्षण और सांस्कृतिक संबंध शामिल हैं। उन्होंने कहा कि भारत और सूरीनाम ने उच्चस्तरीय यात्राओं के जरिए सहयोग को और मजबूत किया है। इसमें 2023 में सूरीनाम के पूर्व राष्ट्रपति चंद्रिकाप्रसाद संतोखी की भारत यात्रा और उसी वर्ष भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की सूरीनाम यात्रा शामिल है। जयशंकर ने बताया कि इंडियन लाइन ऑफ क्रेडिट (रियायती दरों पर ऋण) के जरिए सूरीनाम में कई परियोजनाएं पूरी की गई हैं, जिनमें परानाम औद्योगिक बंदरगाह शहर से राजधानी परामारिबो तक 161 किलो वॉट की विद्युत ट्रांसमिशन लाइन, जल पंपिंग स्टेशन, निर्माण उपकरण, बिजली ढांचे का उन्नयन और तीन चेतक हेलीकॉप्टरों की आपूर्ति व रखरखाव शामिल हैं। उन्होंने लिखा कि भारत ने पिछले वर्ष सूरीनाम को खाद्य सुरक्षा में मदद के लिए एक करोड़ अमेरिकी डॉलर मूल्य के 425 मीट्रिक टन खाद्य पदार्थ भी उपलब्ध कराए।



विदेश मंत्री ने कहा कि भारत समर्थित अनुदान परियोजनाओं में बाढ़ चेतावनी प्रणाली, एक स्टेडियम तथा शिक्षा, खेल और तकनीकी प्रशिक्षण से जुड़े सामुदायिक कार्यक्रम शामिल हैं। जयशंकर ने बताया कि वह भारतीय अनुदान से स्थापित पैशन फ्रूट प्रोसेसिंग और पैकेजिंग इकाई के उद्घाटन में शामिल होंगे। उन्होंने लिखा कि यह स्थानीय किसानों को सशक्त बनाएगा और मूल्यवर्धित उद्योग के जरिए सूरीनाम की आत्मनिर्भरता को बढ़ाएगा। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत और सूरीनाम संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार जैसे मुद्दों पर समान दृष्टिकोण रखते हैं।

उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि सूरीनाम, भारत समर्थित अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन और 'इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस' जैसी पहलों में भागीदार है। जयशंकर ने कहा कि भौगोलिक दूरी के बावजूद दोनों देश साझा इतिहास से जुड़े हुए हैं, जिसकी शुरुआत 1873 में 'लल्ला रूख' जहाज के जरिए भारतीयों के सूरीनाम पहुंचने से हुई थी। भारतीय मूल का समुदाय सूरीनाम के समाज का अभिन्न हिस्सा बन चुका है।

# ईरान के शॉपिंग सेंटर में आग से आठ की मौत

**तेहरान।** ईरान की राजधानी के समीप एक शॉपिंग सेंटर में आग लगने से आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि 40 लोग घायल हो गए। आपात सेवा विभाग ने बुधवार को यह जानकारी दी। ईरान के सरकारी टेलीविजन चैनल आईआरआईबी ने बताया कि तेहरान प्रांत के अंदिशेह कस्बे में स्थित अर्घावन शॉपिंग सेंटर में मंगलवार को आग लग गई और आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। फुटेज में दमकलकर्मी आग की लपटों को बुझाने के काम में लगे दिखाई दिए, वहीं बहुमंजिला इमारत से काले धुएं का गुबार उठता भी नज़र आ रहा है।



टी20 मुकाबलों के पावर प्ले में गेंदबाजी के लिए आपको मानसिक रूप से मजबूत भी होना पड़ता है। इसके लिए कौशल की जरूरत होती है, खासकर उन पिचों पर जहां स्पिन को मदद नहीं मिलती।

– अकील हुसैन, चेन्नई के स्पिनर


# स्टेडियम

कानपुर नगर, गुरुवार, 7 मई 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


**IPL 2026**

## आज के मुकाबले

लखनऊ सुपर जाएंट्स

बनाम

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

**समय** - शाम 7:30 बजे

# पंजाब किंग्स को परास्त कर टॉप पर पहुंची सनराइजर्स हैदराबाद

## आईपीएल-2026 : लचर क्षेत्ररक्षण श्रेयस अय्यर की टीम को पड़ा भारी

हैदराबाद, एजेंसी

पंजाब किंग्स को कैच टपकाने का खामियाजा भुगतना पड़ा और बुधवार को आईपीएल के मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने उसे 33 रन से हराकर अंकतालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। हेनरिक क्लासेन और ईशान किशन के अर्धशतकों के दम पर सनराइजर्स ने पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर चार विकेट पर 235 रन बनाए।

सपाट विकेट पर सनराइजर्स के कप्तान पैट कमिंस ने चार ओवर में 34 रन देकर दो विकेट लिए जबकि एशान मलिंगा ने चार ओवर में 34 रन देकर एक विकेट चटकाया। दोनों ने 21 डॉट गेंदें फेंकी और पंजाब किंग्स बीस ओवर में सात विकेट पर 202 रन ही बना सके।

कूपर कोनोली ने 59 गेंद में नाबाद 107 रन बनाये लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। पंजाब किंग्स की हैदराबाद में यह लगातार नौवीं हार थी। सनराइजर्स के इस सातवीं जीत के साथ 14 अंक हो गए हैं और वह दस टीमों में शीर्ष पर है । बाकी तीन मैचों में से एक जीत के साथ ही उसके 16 अंक हो जायेंगे जो प्लेआफ के लिये क्वालीफाई करने के लिये काफी है। पंजाब की शुरूआत बेहद खराब रही और चार रन के स्कोर पर उसके दो बल्लेबाज पवेलियन में थे । प्रियांश आर्य को कमिंस ने रवाना किया जबकि प्रभसिमरन सिंह ने नीतिश रेड्डी की गेंद पर कमिंस को कैच थमाया । कप्तान श्रेयस अय्यर भी पांच रन बनाकर आउट हो गए। मैच का नतीजा दो पावरप्ले में ही तय हो गया। सनराइजर्स के लिये अभिषेक शर्मा और ट्रेविस हेड ने पावरप्ले में एक विकेट पर 79 रन बनाये थे जबकि पंजाब तीन विकेट पर 57 रन ही बना सका।

लगातार तीसरी हार के लिये पंजाब का लचर क्षेत्ररक्षण कसूरवार रहा । ईशान और क्लासेन के कैच तीन बार छूटे जबकि प्रभसिमरन ने स्टम्पिंग का मौका भी गंवाया। अभिषेक ( 13 गेंद में 35 रन) और हेड (19 गेंद में 38 रन ) ने अर्शदीप सिंह और मार्को यानसेन की गेंदों की धुनाई करते हुए अर्धशतकीय साझेदारी की । इसके बाद क्लासेन (43 गेंद में 69 रन) और ईशान (32 गेंद में 55 रन ) ने जीवनदान का फायदा उठाते हुए अर्धशतक लगाए। नीतिश रेड्डी ने 13 गेंद में नाबाद 29 रन का योगदान दिया। पिच से गेंदबाजों को बिल्कुल मदद नहीं मिली जिसे देखते हुए चहल का प्रदर्शन काबिले तारीफ कहा जायेगा । उन्होंने चार ओवर में 32 रन देकर एक विकेट लिया । उन्हें तीन विकेट मिले होते लेकिन शशांक सिंह ने एक आसान कैच छोड़ा और प्रभसिमरन सिंह ने स्टम्पिंग का आसान मौका गंवाया। सनराइजर्स के बल्लेबाजों ने 17 छक्के जड़े। अभिषेक ने इनमें से चार, हेड ने 3, ईशान और क्लासेन ने 4-4 छक्के लगाए। पंजाब के लिये अर्शदीप ने चार ओवर में 43 रन देकर एक विकेट लिया जबकि यानसेन ने 61 रन दे डाले।



पंजाब किंग्स के सूर्यांश शेडगे के आउट होने के बाद जश्न मनाती सनराइजर्स हैदराबाद की टीम। एजेंसी

### सनराइजर्स हैदराबाद

**235/4** (20 ओवर)

- अभिषेक शर्मा का अय्यर बो फर्ग्युसन 35
- ट्रेविस हेड का यानसेन बो चहल 38
- ईशान किशन का शेडगे बो अर्शदीप 55
- हेनरिच क्लासेन का यानसेन बो विशाख 69
- नीतिश कुमार रेड्डी नाबाद 29

**अतिरिक्त** : नौ रन, **विकेट पतन** : 1-54, 2-84, 3-172, 4-235

**गेंदबाजी** : अर्शदीप 4-0-43-1, यानसेन 4-0-61-0, फर्ग्युसन 4-0 -41-1, चहल 4-0-32-1, विशाख 4-0-54-1

### पंजाब किंग्स

**202/7** (20 ओवर)

- प्रियांश आर्य का मलिंगा बो कमिंस 01
- प्रभसिमरन सिंह का कमिंस बो रेड्डी 03
- कूपर कोनोली नाबाद 107
- श्रेयस अय्यर का कमिंस बो मलिंगा 5
- मार्कस स्टोइनिस का ईशान बो शिवांग 28
- सूर्यांश शेडगे का अभिषेक बो कमिंस 25
- शशांक सिंह का रेड्डी बो हुसैन 4
- मार्को यानसेन का दुबे बो शिवांग 19
- विजय कुमार विशाख नाबाद 1

**अतिरिक्त** : नौ रन, **विकेट पतन** : 1-4, 2-4, 3-23, 4-63, 5-110, 6-119, 7-187

**गेंदबाजी** : कमिंस 4-0-34-2, रेड्डी 2-0-11-1, मलिंगा 4-0-36-1, हुसैन 4-0-40-1, शिवांग 4-0-45-2, दुबे 2-0-36-0

**33** रन से सनराइजर्स हैदराबाद को मिली विजय

**107** रनों की पारी खेल कोनोली ने टीम के लिए किया संघर्ष

### अंक तालिका

| | टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सनराइजर्स हैदराबाद | 11 | 7 | 4 | 0 | 14 | 0.737 |
| 2. | पंजाब किंग्स | 10 | 6 | 3 | 1 | 13 | 0.571 |
| 3. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 9 | 6 | 3 | 0 | 12 | 1.420 |
| 4. | राजस्थान रॉयल्स | 10 | 6 | 4 | 0 | 12 | 0.510 |
| 5. | गुजरात टाइटंस | 10 | 6 | 4 | 0 | 12 | -0.147 |
| 6. | चेन्नई सुपर किंग्स | 10 | 5 | 5 | 0 | 10 | 0.151 |
| 7. | दिल्ली कैपिटल्स | 10 | 4 | 6 | 0 | 8 | -0.949 |
| 8. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 9 | 3 | 5 | 1 | 7 | -0.539 |
| 9. | मुंबई इंडियंस | 10 | 3 | 7 | 0 | 6 | -0.649 |
| 10. | लखनऊ सुपर जाएंट्स | 9 | 2 | 7 | 0 | 4 | -1.076 |

### ऑरेंज कैप



- हेनरिक क्लासेन हैदराबाद- 494 रन
- अभिषेक शर्मा हैदराबाद -475 रन
- केएल राहुल दिल्ली- 445 रन

### पर्पल कैप



- भुवनेश्वर कुमार बेंगलुरु- 17 विकेट
- अंशुल कंबोज चेन्नई- 17 विकेट
- कगिसो रबाडा गुजरात- 16 विकेट

## आरसीबी के खिलाफ खेल सकते हैं हार्दिक पंड्या, टीम से बाद में जुड़ेंगे

**मुंबई।** कप्तान हार्दिक पंड्या रायपुर पहुंचने वाले मुंबई इंडियंस के खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के पहले जत्थे में शामिल नहीं थे लेकिन आरसीबी के खिलाफ रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग के अगले मैच तक उनके फिट होने की संभावना है। मुंबई ने पिछला मैच चार मई को लखनऊ सुपर जाइंट्स से खेला था और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के खिलाफ अगला मैच दस मई को है। मुंबई इंडियंस के खिलाड़ी और स्टाफ अलग अलग बैच में रायपुर पहुंच रहे हैं । पंड्या कमर में जकड़न के कारण लखनऊ के खिलाफ पिछला मैच नहीं खेले थे। टीम सूत्र ने हालांकि कहा कि मामूली चोट है और उन्हें एक मैच के लिये आराम करने को कहा गया था । वह रजत पाटीदार की अगुवाई वाली आरसीबी के खिलाफ बेहद अहम अगले मैच में खेलेंगे।



## धवन ने गुरुग्राम में शादी का पंजीकरण कराया

**गुरुग्राम।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर शिखर धवन बुधवार को गुरुग्राम पहुंचे और अपनी शादी का पंजीकरण करवाया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। धवन अपनी पत्नी सोफी के साथ विकास सदर स्थित रजिस्ट्रार कार्यालय आए और शादी के दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए। अधिकारी ने बताया कि उनके परिवार के सदस्य और एक पंडित भी वहां मौजूद था।

### हाईलाइट

## दिल्ली में राष्ट्रमंडल टेबल टेनिस चैंपियनशिप होगी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में 22वीं राष्ट्रमंडल टेबल टेनिस चैम्पियनशिप का आयोजन होगा जिसमें 35 से अधिक देशों के भाग लेने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को यह घोषणा की । चैम्पियनशिप 27 जुलाई से दो अगस्त तक दिल्ली सरकार और भारतीय टेबल टेनिस महासंघ द्वारा आयोजित की जायेगी । दिल्ली सचिवालय में इसकी घोषणा करते हुए गुप्ता ने कहा दिल्ली सरकार विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा, बेहतरीन बंदोबस्त और खिलाड़ियों तथा दर्शकों के लिये खेल का उम्दा माहौल देने को प्रतिबद्ध है। अधिकारियों के अनुसार सात दिवसीय चैम्पियनशिप में इंग्लैंड, आस्ट्रेलिया, कनाडा, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका, मलेशिया, सिंगापुर, स्कॉटलैंड, वेल्स, नाइजीरिया, कीनिया, जमैका, त्रिनिदाद और टोबैगो के खिलाड़ी भाग लेंगे।

## किसी न किसी समय ग्रैंड स्लैम का बॉयकॉट होगा : सबालेंका

**लंदन।** दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी एरिना सबालेंका का मानना है कि पुरस्कार राशि को लेकर चल रहे विवाद की वजह से खिलाड़ी किसी न किसी समय ग्रैंड स्लैम का बॉयकॉट करेंगे ।बेलारूस की खिलाड़ी सबालेंका ने कहा मुझे लगता है कि किसी न किसी समय हम इसका बॉयकॉट करेंगे। उन्होंने कहा कि अपने हक के लिए लड़ने का यही एकमात्र तरीका होगा। मुझे लगता है कि शो हमारी ओर से है। 28 साल की सबालेंका ने कहा मुझे बस उम्मीद है कि हम किसी न किसी पॉइंट पर सही निर्णय पर पहुंचेंगे, ऐसे नतीजे पर जिससे हर कोई खुश होगा।

## विश्व टेबल टेनिस में भारतीय अभियान खत्म

**लंदन।** भारत का विश्व टेबल टेनिस टीम चैंपियनशिप में निराशाजनक अभियान राउंड ऑफ 32 में अमेरिका के हाथों महिला टीम की 1-3 से हार के साथ खत्म हो गया। पुरुष टीम भी मंगलवार को राउंड ऑफ 32 के मुकाबले में ऑस्ट्रिया से हार गई थी। मनिका बत्रा इस मुकाबले में छाप छोड़ने वाली एकमात्र भारतीय खिलाड़ी रही। उन्होंने अपना एकल मैच रेयेस जेसिका के खिलाफ 11-2, 11-8, 8-11, 11-4 से जीता। शुरुआती एकल मैच में यशस्विनी घोरपड़े को मोयलैंड सैली ने 0-3 (8-11, 8-11, 7-11) से हरा दिया। दीया चितले भी चीनी मूल की खिलाड़ी लिली झांग का मुकाबला नहीं कर पाईं और 0-3 (8-11, 7-11, 11-13) से हार गईं। मनिका की अपने दूसरे एकल मैच में सैली के खिलाफ 12-10, 9-11, 3-11, 11-13 की हार के साथ भारत प्रतियोगिता से बाहर हो गया।

# अधिक दर्शकों की क्षमता के कारण अहमदाबाद को मिली प्राथमिकता

नई दिल्ली, एजेंसी

बेंगलुरु के बजाय अहमदाबाद लगातार दूसरे सत्र में 31 मई को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के फाइनल की मेजबानी करेगा, जबकि क्वालीफायर एक धर्मशाला और दो अन्य प्लेऑफ मैच चंडीगढ़ में खेले जाएंगे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने बुधवार को यह घोषणा की। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के मौजूदा चैंपियन होने के कारण परंपरा के अनुसार फाइनल बेंगलुरु में खेला जाना था।

बीसीसीआई के सूत्रों ने बताया कि अहमदाबाद स्टेडियम को उसकी अधिक दर्शकों की क्षमता के कारण प्राथमिकता दी गई क्योंकि फाइनल के लिए अधिक संख्या में दर्शकों के आने की संभावना है। यह भी पता चला है कि एम चिन्नास्वामी स्टेडियम की अपेक्षाकृत कम क्षमता को देखते हुए बोर्ड कर्नाटक सरकार के उस फैसले से सहमत नहीं है जिसमें राज्य के विधायकों, एमएलसी और सांसदों के लिए इस सत्र में आईपीएल के तीन-तीन मुफ्त टिकटों का कोटा निर्धारित किया गया है। एम चिन्नास्वामी स्टेडियम की क्षमता लगभग 35,000 दर्शकों की है। वहीं अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम की कुल दर्शक क्षमता 1,32,000 (एक लाख बत्तीस हजार) है। पिछले साल आरसीबी के विजय समारोह के दौरान हुई भगदड़ में यहां 11 लोगों की जान चली गई थी।

### प्लेऑफ का कार्यक्रम

| मुकाबला | तारीख | स्थान |
|---|---|---|
| क्वालीफायर एक | 26 मई | एचपीसीए स्टेडियम, धर्मशाला |
| एलिमिनेटर | 27 मई | न्यू इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम, चंडीगढ़ |
| क्वालीफायर दो | 29 मई | न्यू इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम, चंडीगढ़ |
| फाइनल | 31 मई | नरेंद्र मोदी स्टेडियम, अहमदाबाद |



- धर्मशाला और चंडीगढ़ में होंगे प्लेऑफ के मुकाबले
- नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम की कुल दर्शक क्षमता है 1,32,000

## मेजबानी नहीं मिलने से निराश है केएससीए

**बेंगलुरु।** कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) के आधिकारिक प्रवक्ता विनय मृत्युंजय ने कहा केएससीए इस पर निराशा व्यक्त करता है कि आईपीएल के प्लेऑफ मैचों की मेजबानी अन्य केंद्रों को सौंपी गई है। केएससीए अध्यक्ष वेंकटेश प्रसाद बीसीसीआई के संपर्क में थे और उन्होंने चिन्नास्वामी स्टेडियम में मेजबानी के लिए तैयारी और रुचि से औपचारिक रूप से अवगत भी कराया था।

# हार का क्रम तोड़ने उतरेगा लखनऊ सुपर जाएंट्स

लखनऊ, एजेंसी

लखनऊ सुपर जाएंट्स का प्रदर्शन इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इस सीजन में अभी तक काफी निराशाजनक रहा है। वह पिछले छह मैचों में हार झेलने के कारण अंक तालिका में सबसे निचले स्थान पर है। गुरुवार को वह रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ अपनी लय फिर से हासिल करने का प्रयास करेगी।

एलएसजी का अभियान लगातार खराब प्रदर्शन, रणनीतिक अस्थिरता और मैचों का सकारात्मक अंत नहीं कर पाने के कारण कारण बिखर गया है। मिचेल मार्श, कप्तान ऋषभ पंत, एडन मार्क्रम और निकोलस पूरन जैसे प्रमुख बल्लेबाज अपने प्रदर्शन में निरंतरता नहीं रख पाए हैं। इसके अलावा बल्लेबाजी क्रम में बार-बार फेरबदल ने उनकी मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। पंत के सीमित ओवरों की क्रिकेट में प्रदर्शन को लेकर सवाल उठ रहे हैं। ऐसे में एलएसजी के बल्लेबाजों के लिए अनुभवी भुवनेश्वर कुमार और ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेज़लवुड की अगुवाई वाले आरसीबी के मजबूत गेंदबाजी आक्रमण का सामना करना आसान नहीं होगा।

भुवनेश्वर और हेजलवुड की जोड़ी बेहद प्रभावी साबित हुई है। उनके शानदार प्रदर्शन से आरसीबी ने 27 अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स को मात्र 75 रन पर ढेर कर दिया था। तेज गेंदबाज भुवनेश्वर विकेट लेने में किसी तरह की कोताही नहीं बरत रहे हैं जबकि हेज़लवुड ने लगातार प्रभावशाली गेंदबाजी की है। क्रुणाल पंड्या ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए नौ विकेट लिए हैं। पिछले मैच में सुयश शर्मा और रोमारियो शेफर्ड ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। एलएसजी के लिए प्रिंस यादव और मोहसिन खान ने क्रमशः 13 और 10 विकेट लेकर शानदार प्रदर्शन किया है। मोहम्मद शमी ने सत्र की दमदार शुरुआत की थी, लेकिन पिछले कुछ मैचों में उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा और उन्होंने जमकर रन लुटाए हैं। आरसीबी ने पहले चरण में एलएसजी को पांच विकेट से हराया था और उसकी टीम काफी आत्मविश्वास के साथ मैदान पर उतरेगी।



अभ्यास सत्र के दौरान लखनऊ सुपर जाएंट्स के अर्जुन तेंदुलकर (बाएं), एडेन मार्करम (बीच में) और अन्य। एजेंसी

- रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मुकाबला आज

### टीम

**लखनऊ सुपर जायट्स :** ऋषभ पंत (कप्तान), अब्दुल समद, अक्षत रघुवंशी, आयुष बडोनी, मुकुल चौधरी, हिम्मत सिंह, जोश इंग्लिस, एडेन मार्क्रम, निकोलस पूरन, अर्शिन कुलकर्णी, जॉर्ज लिंडे, मिचेल मार्श, शाहबाज अहमद, आकाश सिंह, अवेश खान, मोहम्मद शमी, मोहसिन खान, एनरिक नोर्किया, प्रिंस यादव, दिग्वेश राठी, मणिमारन सिद्धार्थ, अर्जुन तेंदुलकर, नमन तिवारी,मयंक यादव।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु :** रजत पाटीदार (कप्तान), टिम डेविड, विराट कोहली, देवदत्त पडिक्कल, फिल साल्ट, जितेश शर्मा, जैकब बेथेल, क्रुणाल पंड्या, रोमारियो शेफर्ड, अभिनंदन सिंह, जोश हेजलवुड, रसिख सलाम डार, भुवनेश्वर कुमार, सुयश शर्मा, स्वप्निल सिंह, नुवान तुषारा, वेंकटेश अय्यर, जैकब डफी, मंगेश यादव, जॉर्डन कॉक्स, विक्की ओस्टवाल, विहान मल्होत्रा, कनिष्क चौहान, सात्विक देसवाल।

### तीरंदाजी

दूसरे चरण में निराशाजनक प्रदर्शन और महत्वपूर्ण मौकों पर लड़खड़ाए धनुर्धर

# शंघाई विश्व कप में भारतीय कंपाउंड टीम की करारी हार

शंघाई, एजेंसी

पदक की प्रबल दावेदार मानी जा रही भारतीय पुरुष और महिला कंपाउंड टीम ने बुधवार को यहां तीरंदाजी विश्व कप के दूसरे चरण में निराशाजनक प्रदर्शन किया और महत्वपूर्ण मौकों पर लड़खड़ाने के कारण पोडियम पर जगह बनाने में असफल रहीं। सबसे बड़ा झटका महिला टीम को लगा जिसने पिछले महीने मैक्सिको में सत्र के पहले विश्व कप में भारत के लिए एकमात्र स्वर्ण पदक जीता था।

ज्योति सुरेखा वेन्नम, प्रगति और अदिति स्वामी की तिकड़ी क्वार्टर फाइनल में तुर्की से 227-233 से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गई। भारतीय टीम हजल बुरुन, डेफने चकमाक और एमिने राबिया ओगुज़ की निरंतरता का मुकाबला करने में विफल रही। ओजस देवताले, साहिल जाधव और कुशल दलाल की पुरुष टीम ने सेमीफाइनल में पहुंचकर उम्मीदें जगाईं, लेकिन अंतिम चार में वह अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए। इसके बाद कांस्य पदक के मैच में भारत को चीन से शूट-ऑफ में हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले इन दोनों टीम का स्कोर 234-234 से बराबर था।

यहां तक कि शूट-ऑफ भी दोनों टीमों के तीन-तीन सटीक तीरों के साथ बराबरी पर समाप्त हुआ, लेकिन चीन के दो तीर केंद्र (एक्स) के करीब थे, जबकि भारत का केवल एक तीर ही केंद्र के करीब था। इस तरह से चीन ने जीत हासिल की। मैच में एक समय भारत एक अंक (118-117) से आगे था, लेकिन शी जिंग्यू, लियू जिन्यू और क्यूई जियांगशुओ ने तीसरे चरण में वापसी करते हुए स्कोर बराबर कर दिया। सेमीफाइनल में भी तीसरी वरीयता प्राप्त भारतीय टीम को पहले तीन चरण तक बढ़त बनाए रखने के बावजूद जेम्स लुट्ज़, लुई प्राइस और गैयस की सातवीं वरीयता प्राप्त अमेरिकी टीम से 234-235 से हार का सामना करना पड़ा। ओजस देवताले और अदिति स्वामी की मिश्रित टीम जोड़ी अब टीम स्पर्धाओं में एकमात्र उम्मीद बची है।



अदिति स्वामी।



ओजस देवताले।

## व्यक्तिगत स्पर्धा के अगले दौर में बनाई जगह

भारत को हालांकि व्यक्तिगत वर्ग में कुछ राहत मिली क्योंकि सभी भारतीय कंपाउंड तीरंदाज अगले दौर में पहुंच गए। पुरुष वर्ग में अभिषेक वर्मा, साहिल जाधव, कुशल दलाल और ओजस देवताले ने अपने-अपने मैच जीतकर अगले राउंड में जगह बनाई। वर्मा का अगला मुकाबला जाधव से होगा। महिला वर्ग में 33वीं वरीयता प्राप्त मधुरा ने चीन की वांग यू को 148-147 से हराया। अगले मुकाबले में उन्हें अमेरिका की शीर्ष वरीयता प्राप्त एलेक्सिस रुइज़ की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। एक अन्य मैच में ज्योति ने कजाकिस्तान की डायना युनुसोवा को हराया।

# आर्सेनल 20 वर्षों में पहली बार चैंपियंस लीग का फाइनल खेलेगा

लंदन, एजेंसी

बुकायो साका के पहले हॉफ के आखिर में किए गए गोल की मदद से आर्सेनल ने मंगलवार को एटलेटिको मैड्रिड को सेमीफाइनल के दूसरे चरण में 1-0 से हराकर 20 साल में पहली बार चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई।

खेल के 45वें मिनट में लिएंड्रो ट्रोसार्ड के शॉट को जान ओब्लाक ने बचा लिया, जिसके बाद साका ने रिबाउंड पर गोल दागकर आर्सेनल को सेमीफाइनल में कुल मिलाकर 2-1 की बढ़त दिला दी। सेमीफाइनल का पहला चरण 1-1 से बराबर रहा था। बढ़त हासिल करने के बाद आर्सेनल की रक्षापंक्ति ने उसे बरकरार रखने में अहम भूमिका निभाई। आर्सेनल ने अब तक तीनों नॉकआउट राउंड में अपने घरेलू मैदान पर एक भी गोल नहीं खाया है। टीम ने लीग चरण में अपने सभी आठ मैच जीतकर प्रतियोगिता में सबसे कम चार गोल खाए थे। यूरोप की शीर्ष क्लब प्रतियोगिता में आर्सेनल का यह केवल दूसरा फाइनल होगा। इससे पहले वह 2006 में फाइनल में पहुंचा था पर तब बार्सिलोना से हार गया था। इस बार फाइनल में उसका सामना 30 मई को हंगरी के बुडापेस्ट में मौजूदा चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन या बायर्न म्यूनिख से होगा। पीएसजी ने सेमीफाइनल के पहले चरण में 5-4 से जीत हासिल की थी। आर्सेनल के लिए यह सत्र विशेष हो सकता है क्योंकि वह चैंपियंस लीग का चैंपियन बनने की बेहद करीब है।



मैच जीतने के बाद जश्न मनाते आर्सेनल के खिलाड़ी। एजेंसी

- सेमीफाइनल में एटलेटिको मैड्रिड को 1-0 से हराया